रांची
शनिवार, 5 जुलाई, 2025
आषाढ, शुक्ल पक्ष, दशमी, संवत् 2082
स्थापित: 1991, संस्थापक : बलबीर दत्त
वर्ष: 34, अंक: 229
पृष्ठ: 12, मूल्य: 3.00

# देशप्राण

सच की ताकत

देशप्राण ESTD. 1991 सत्यस्य शक्तिः सर्वोपरि

contact@deshpran.in | Desh Pran | Desh Pran | Desh Pran | @deshpran | @deshpran | Desh Pran | www.deshpran.com

### सुविचार

परीक्षाएँ जीवन में कई सारी आएगी पर जो उनसे डरा नहीं और हर परीक्षा में सफल होता है वही जीतता है ।

### इतिहास के पन्नों में

### 5 जुलाई



**जन्म दिवस**

**रामविलास पासवान**

जन्म: 5 जुलाई, 1946 ई.
मृत्यु: 8 अक्तूबर, 2020 ई.

रामविलास पासवान लोक जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष थे। वह भारतीय दलित राजनीति के प्रमुख नेताओं में से एक रहे। 17वीं लोकसभा में उन्हें उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय का प्रभार सौंपा गया था। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार में रामविलास पासवान केन्द्रीय मंत्री थे। अगस्त, 2010 में वे बिहार राज्यसभा के सदस्य निर्वाचित हुए और कार्मिक तथा पेंशन मामले और ग्रामीण विकास समिति के सदस्?य बनाए गए। रामविलास पासवान पढ़ाई में अच्छे थे। उन्होंने बिहार की प्रशासनिक सेवा परीक्षा पास की और वे पुलिस उपाधीक्षक यानी डीएसपी के पद के लिए चुने गए। लेकिन उस दौर में बिहार में काफी राजनीतिक हलचल थी, तो वह भी प्रेरित होकर राजनीति में आ गये।

## रांची, हजारीबाग और बड़कागांव में ईडी ने दी दबिश

# पूर्व विधायक अंबा प्रसाद और उनके करीबियों के ठिकानों पर छापेमारी, कई दस्तावेज जब्त

**देश प्राण संवाददाता**

**रांची / हजारीबाग / बड़कागांव, 4 जुलाई:** केन्द्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय, ईडी ने आज पूर्व विधायक अंबा प्रसाद व उससे जुड़े लोगों के रांची, हजारीबाग और बड़कागांव के आठ ठिकानों पर छापामारी की। जानकारी के मुताबिक इस दौरान बालू कारोबार से जुड़े कुछ दस्तावेज भी जांच एजेंसी के हाथ लगे हैं।



वहीं सीए बादल गोयल के ठिकानों से महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किये जाने की सूचना है। इसके आधार पर ईडी अधिकारियों का एक दल सीए बादल गोयल से पूछताछ कर रहा है। ईडी ने छापेमारी के दौरान अंबा के परिवार के करीबी रहे मंटू सोनी के हजारीबाग स्थित घर पर भी छापा मारा। यहां बता दें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापेमारी के दायरे में प्रेट्रोल पंप के मालिक और बालू के व्यापारियों को भी लाया गया। ईडी ने आज सुबह अंबा प्रसाद से जुड़े लोगों के कुल आठ ठिकानों पर छापा मारा। ईडी ने आंबा प्रसाद व उसके सीए बादल गोयल, पीए संजीत कुमार और पेट्रोल पंप के मालिक प्रेम सिंह के ठिकानों पर तलाशी ली। इसके अलावा बालू कारोबारी मनोज दांगी और पंचम कुमार के ठिकानों पर भी छापेमारी की गयी। पूर्व विधायक व उससे जुड़े लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की यह दूसरी घटना है।

# कल झारखंड आएंगे कानून मंत्री मेघवाल



**रांची, 4 जुलाई:** केंद्रीय कानून और संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल रविवार को एक दिवसीय दौरे पर झारखंड आएंगे। केंद्रीय मंत्री नई दिल्ली से रांची आएंगे और यहां से हेलीकॉप्टर से धनबाद के लिए प्रस्थान करेंगे। इस दौरान उनके साथ रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ भी मौजूद रहेंगे। धनबाद में दोनों मंत्री झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अधिवेशन में शामिल होंगे। धनबाद में कार्यक्रम के बाद दोनों मंत्री रांची आएंगे। यहां होटल रामदा में अर्जुन राम मेघवाल का भव्य नागरिक अभिनंदन झारखंड स्टेट बार काउंसिल, अधिवक्ता परिषद, चेंबर ऑफ कॉमर्स, मारवाड़ी युवा मंच सहित विभिन्न सामाजिक संस्थाओं की ओर से किया जाएगा। इस दौरान केंद्रीय मंत्री नए वकीलों को लाइसेंस भी प्रदान करेंगे। इसके साथ ही मेडिकल एड का चेक भी दिया जाएगा। इस कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश से बड़ी संख्या में अधिवक्ता भी शामिल होंगे।

## नक्सलियों के खिलाफ अभियान में बड़ी सफलता

# तीन उग्रवादी हथियारों के साथ गिरफ्तार



**खूंटी, 4 जुलाई:** पुलिस ने जरियागढ़ थानांतर्गत बकसपुर झंडा टोंगरी जंगल में शुक्रवार को छापेमारी कर प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के तीन सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में जरियागढ़ थानांतर्गत बकसपुर स्टेशन टोली निवासी गेंद्र बारला उर्फ लादेन (28 ),गुमला जिला के कामडरा थानांतर्गत रामतोलया महुआ टोली गांव निवासी असीम टोपनो (20) और अजीत टोपनो उर्फ डुडा (26) शामिल हैं। इनके पास से पुलिस ने एक देशी कट्टा, दो जिंदा गोली, पीएलएफआई का पर्चा और मोबाइल फोन बरामद किया है।

पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो ने प्रेस वार्ता में शुक्रवार को बताया कि तड़के सुबह उन्हें यह गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि बकसपुर झंडा टोंगरी जंगल में प्रतिबंधित पीएलएफआई उग्रवादी संगठन के सदस्य किसी घटना को अंजाम देने के लिए इकट्ठा हुए हैं। इसके बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ख्रिस्टोफर केरकेट्टा के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन किया गया। छापेमारी टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त जंगल में छापेमारी कर तीनों आरोपितों को हथियार गोली एवं पीएलएफआई संगठन के पर्चा के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

एसपी ने बताया कि लगभग डेढ़ माह पूर्व गत 26 मई की रात में रनिया थानांतर्गत रामजय गांव के पास सड़क निर्माण कार्य में लगे एक रोड रोलर को जलाने की घटना में गिरफ्तार आरोपित शामिल थे। प्रारंभिक पूछताछ में गिरफ्तार आरोपितों ने दहशत फैलाने के उद्देश्य से रोड रोलर को जलाने की उक्त घटना में संगठन के अन्य सदस्यों के साथ शामिल होने की बात स्वीकार कर ली है। यह भी बताया गया कि गिरफ्तार आरोपितों में गेंद्र बारला उर्फ लादेन का आपराधिक इतिहास रहा है। इसके विरुद्ध जिले के कर्रा थाना में पांच वर्ष पूर्व वर्ष 2020 में आर्म्स एक्ट सहित अन्य संगीन धाराओं में एक मामला कांड संख्या 58/ 20 दर्ज है। इस मामले में गिरफ्तार कर उसे जेल भी भेजा गया था। लेकिन जेल से निकलने के बाद वह फिर से पीएलएफआई संगठन से जुड़कर संगठन के विस्तार में जुटा था।

### नक्सलियों की बड़ी साजिश नाकाम, 30 आईईडी बरामद

चाईबासा, 4 जुलाईः सुरक्षाबलों ने पश्चिमी सिंहभूम जिले में नक्सलियों की बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया। एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर 30 आईईडी बरामद हुआ है। एसपी को शुक्रवार को सूचना मिली थी कि नक्सली संगठन भाकपा माओवादी ने टोकलो थाना व दलभंगा ओपी के सीमावर्ती जंगली पहाड़ी क्षेत्र में गोला-बारूद छुपाकर रखा है। इसके बाद झारखण्ड जगुआर, सीआरपीएफ व एसएसबी के साथ एक संयुक्त अभियान दल का गठन कर जंगली और पहाड़ी क्षेत्र में सर्च अभियान प्रारंभ किया गया. इस दौरान सुरक्षाबलों ने दो-दो किलो के 30 आईईडी बरामद किया।

### राजद में चुनाव को लेकर कोई भी फैसला लालू और तेजस्वी ही लेंगे

**पटना, 4 जुलाई:** बिहार की राजधानी पटना में शुक्रवार को हुई राजद की बैठक में यह फैसला लिया गया कि आगामी चुनावों से जुड़ा छोटा या बड़ा फैसला सिर्फ और सिर्फ लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव ही लेंगे। इस फैसले पर शनिवार को राष्ट्रीय परिषद की बैठक में औपचारिक मुहर भी लगाई जाएगी। पार्टी ने आगामी बिहार विधानसभा चुनाव से पहले सभी चुनावी फैसले जैसे किसको टिकट मिलेगा? सीटों का चयन, गठबंधन रणनीति और कई अन्य महत्वपूर्ण फैसले अब राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ही लेंगे। यह फैसला पार्टी के कार्यकताओं की मंजूरी से लिया गया और इसे औपचारिक मंजूरी शनिवार को बापू सभागार में होने वाली राष्ट्रीय परिषद की बैठक में दी जाएगी।

# सीवान में दो को तलवार से काटा, एक को मारी गोली, छावनी में तब्दील हुआ शहर

**एजेंसियां**

**सीवान, 5 जुलाई:** सिवान जिले के भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के मलमलिया पुल के पास शुक्रवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जिसमें धारदार हथियार और गोली से हमला कर तीन लोगों की हत्या कर दी गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान कौड़िया गांव के मुन्ना सिंह, रोहित सिंह और कन्हैया सिंह के रूप में की गई है। घायलों में टुनटुन सिंह और रौशन कुमार शामिल हैं, जिन्हें इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल के अधिकारियों का कहना है कि दोनों की हालत गंभीर है, इसलिए उन्हें सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। सूत्रों के अनुसार, यह घटना आपसी विवाद का परिणाम हो सकती है। बताया जा रहा है कि यह विवाद एक स्थानीय चिमनी संचालक ह्वकाका चिमनी वालेह्व के साथ जुड़ा हुआ है. हमलावरों का नाम अभी तक पुलिस ने आधिकारिक रूप से सामने नहीं लाया है, लेकिन यह कहा जा रहा है कि वे कौड़िया गांव के निवासी हैं. पुलिस मामले की जांच कर रही है, लेकिन फिलहाल इसकी पुष्टि नहीं की गई है।

### गुस्साई भीड़ ने बाइक को किया आग के हवाले

आक्रोशित लोगों ने एक बाइक में आग भी लगा दी है। इस घटना के बाद लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। दुकानदारों ने बाजार की सभी दुकानें बंद कर ली है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही मौके पर सीवान एसपी मनोज तिवारी और एसडीपीओ घटना स्थल पर पहुंचे हुए हैं। माहौल को तनावपूर्ण देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है। मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारी आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास कर रहे हैं। मौके पर लोग इतने उग्र हैं कि पुलिस भी अभी जाने से डर रही है।




# एक विजन को हकीकत में बदलने का दिनः अन्नपूर्णा

**रांची, 03 जुलाई:** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने शुक्रवार को झारखंड की राजधानी रांची में मंत्रालय की ओर से संचालित सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान के नए क्षेत्रीय केंद्र का उद्घाटन किया। पूर्वी क्षेत्र में प्रथम तथा देश का छठा, यह क्षेत्रीय केंद्र अपने नवाचार और नीतियों से क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा और प्रेरणा केंद्र के रूप में उभरेगा, ऐसी परिकल्पना है।

मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि आज यहां नया क्षेत्रीय केंद्र शुरू कर रहे हैं, यह केवल एक उद्घाटन का अवसर नहीं बल्कि एक विचार, एक विश्वास और एक विजन को हकीकत में बदलने का दिन है। जब हम एक महिला की सुरक्षा और एक बच्चे की मुस्कान को विश्वास में बदलते हैं तब हम भारत के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखते हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह नया क्षेत्रीय केंद्र भारत के पूर्वी क्षेत्र में क्षमता निर्माण प्रयासों को विकेंद्रीकृत करने और सेवा वितरण में सुधार करने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा। यह नया क्षेत्रीय केंद्र विशेष रूप से मंत्रालय की प्रमुख पहलों-मिशन शक्ति, मिशन वात्सल्य और मिशन सक्षम आंगनबाड़ी और पोषण 2.0 के लिए प्रशिक्षण और अनुसंधान आवश्यकताओं को पूरा करेगा। इसमें झारखंड, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## लगा रहे वतन वापसी की गुहार, परिजनों का छलका दर्द

# अब दुबई में फंसे झारखंड के 15 मजदूर

**देश प्राण संवाददाता**

**रांची, 4 जुलाई:** नाइजर में फंसे गिरिडीह के 5 प्रवासी मजदूर अब तक नहीं लौटे हैं। अब दुबई में झारखंड के 15 मजदूर फंस गए हैं। उन्हें तीन महीने से मजदूरी नहीं मिल रही है। इससे उनका वहां रहना मुश्किल हो रहा है। खाने-पीने तक की व्यवस्था नहीं है। इससे उनके परिजन बेहद परेशान हैं। पैसे नहीं आने से परिजनों को भी काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। सभी प्रवासी मजदूर वतन वापसी की गुहार लगा रहे हैं। गिरिडीह के बगोदर प्रखंड के दो मजदूर समेत हजारीबाग और धनबाद जिले के 15 प्रवासी मजदूर दुबई में फंसे हैं। सभी मजदूर मसाई कॉन्ट्रैक्टिंग एलएलसी कंपनी में दुबई काम करने जनवरी 2024 में गए थे। मजदूरों ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर कर दर्द शेयर किया है। मजदूरों के परिजनों का कहना है कि स्थानीय ठेकेदार के माध्यम से काम करने के लिए दुबई गए थे, लेकिन तीन माह से कंपनी मजदूरी नहीं दे रही है। इससे उन्हें खाने-पीने की भी समस्या हो गयी है। जिस किराये के कमरे में वे रहते हैं, उसका किराया भी बकाया है। मकान मालिक ने भी मजदूरों पर घर खाली करने का दबाव बनाना शुरू कर दिया है। इससे मजदूर परेशान हैं। इन सारी चीजों को जानने के बाद परिजनों की चिंता बढ़ने लगी है।

दुबई में फंसे एक प्रवासी मजदूर के पुत्र कुंदन कुमार ने बताया कि इस वर्ष उसने मैट्रिक की परीक्षा दी है। फर्स्ट डिवीजन से पास हुआ, लेकिन आगे की पढ़ाई में परेशानी आ रही है। पिता दुबई में काम करने गए हैं। उन्हें तीन महीने से मजदूरी नहीं मिल पायी है. उसने सरकार से अपने पिता की सकुशल वापसी की गुहार लगाई है। प्रवासी मजदूर महेंद्र महतो की पत्नी कौशल्या देवी ने बताया कि डेढ़ साल पहले कमाने दुबई गए, लेकिन वहां पर भी उन्हें तीन महीने से न तो पैसे दिए जा रहे हैं, न ही खाना-पीना मिल रहा है। कंपनी भी कोई सहयोग नहीं कर रही है। सिर्फ काम ले रही है। मजदूर महेंद्र महतो का का घर खपरैल है। वह एक तरफ से गिरने के कगार पर है। घर में बूढ़ी मां कीरिया मसोमात ने नम आंखों से अपने बेटे की सकुशल वापसी की गुहार सरकार से लगाई है।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम और नेता प्रतिपक्ष ने स्वामी विवेकानंद को याद किया

**रांची:** सीएम हेमंत सोरेन और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया। सीएम हेमंत सोरेन ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि जन-जन के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर शत-शत नमन। स्वामी विवेकानंद जी का व्यक्तित्व, आदर्श और विचार हमें सदैव सेवा और समर्पण की राह दिखाते रहेंगे।वहीं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और राष्ट्र चेतना को विश्व पटल पर स्थापित करने वाले स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि।

### कृषि मंत्री ने की विमल लकड़ा से अस्पताल में मुलाकात

**रांची :** कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने शुक्रवार को रांची के दीपाटोली स्थित क्यूरेस्टा अस्पताल में इलाजरत पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा से मुलाकात की। उन्होंने लकड़ा के स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनकी पत्नी कांति बा और समाजसेवी अनिल अभिताभ पन्ना से घटना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। मंत्री ने चिकित्सकों से विमल लकड़ा के इलाज संबंधी जानकारी ली और हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने ईश्वर से उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हुए कहा कि वे जल्द ही अपने परिवार के बीच स्वस्थ होकर लौटें, यही कामना है।

### आशुतोष द्विवेदी का जय बागेश्वर धाम गीत हुआ लॉन्च




**रांची :** लोकगायक आशुतोष द्विवेदी का नया भक्ति गीत जय बागेश्वर धाम यूट्यूब चैनल आशुतोष द्विवेदी ऑफिशियल पर शुक्रवार को लॉन्च हुआ। यह गीत बागेश्वर धाम के आचार्य श्रीधीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के जन्मदिन पर समर्पित किया गया है। यह जानकारी अमन ने दी। उन्होंने बताया कि गीत में बागेश्वर धाम सरकार की महिमा और श्री बालाजी महाराज की कृपा का भावपूर्ण वर्णन किया गया है। यह गीत जल्द ही सभी प्रमुख म्यूजिक प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध होगा। उन्होंने बताया कि लॉन्च के कुछ ही मिनटों में हजारों लोगों ने इसे देखा और सराहा। वहीं आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि यह गीत उनके लिए भक्ति का प्रसाद है और इसका उद्देश्य हर घर तक बागेश्वर धाम की महिमा पहुंचाना है।

# राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं का होगा विकास और विस्तार, बैंकिंग पार्टनर की तलाश शुरू

**मुख्य संवाददाता**

**रांची, 4 जुलाई :** भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य मानकों के अनुरूप स्वास्थ्य सेवा का विस्तार और विकास के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कवायद शुरू कर दी है। इसके लिए बैंकिंग पार्टनर की तलाश की जा रही है। बैंकिंग पार्टनर के रूप में कार्य करने के लिए एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट जारी किया गया है।

### क्या होगी बैंकिंग पार्टनर की भूमिका

- डिजिटल बैंकिंग प्रणालियों के माध्यम से निर्बाध निधि हस्तांतरण की सुविधा प्रदान करना
- राशि के वितरण की निगरानी और नियंत्रण के लिए एक सुरक्षित और व्यापक डिजिटल पोर्टल का विकास और प्रबंधन
- स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाना, चिकित्सा कर्मियों को नियुक्त करना, आवश्यक दवाइयाँ और निदान खरीदना, संस्थागत संचालन और क्षमता निर्माण का समर्थन करना

### बैंकिंग पार्टनर के लिए क्या है जरूरी

- भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मान्यता प्राप्त अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक होना चाहिए
- झारखंड सरकार के वित्त विभाग द्वारा सरकारी निधियों का प्रबंधन करने के लिए अधिकृत होना चाहिए
- एसएनए/ पीएफएमएस तंत्र के तहत संचालन करने के लिए सूचीबद्ध होना चाहिए
- झारखंड के सभी जिलों में भौतिक शाखाएँ होनी चाहिए
- नवीनतम ऑडिटेड बैलेंस शीट के अनुसार न्यूनतम 2,500 करोड़ की संपत्ति बनाए रखना जरूरी

### क्या होगा बैंकिंग पार्टनर के कार्य

- आयुष्मान भारत और अन्य स्वास्थ्य योजनाओं से संबंधित वित्तीय संचालन का प्रबंधन
- दावों की निगरानी के लिए डिजिटल उपकरण प्रदान करना
- सुरक्षित निधि लेखा बनाए रखना
- जिला और संस्थागत स्तरों पर तकनीकी और जमीनी सहायता प्रदान करना
- निधि संवितरण और खाता बही रखरखाव
- प्रत्येक सरकारी चिकित्सा संस्थान के लिए समर्पित योजना-लिंक्ड बैंक खाते खोलें और उनका रखरखाव करें
- आयुष्मान भारत और संबंधित योजनाओं के तहत प्राप्त दावा प्रतिपूर्ति के लिए निर्बाध निधि प्रवाह और लेनदेन ट्रेसबिलिटी सुनिश्चित करें
- सभी प्राप्तियों और व्यय के लिए संस्थानवार ऑडिटेबल खाता बही बनाए रखें
स्वास्थ्य बीमा योजनाओं के तहत राशि का उपयोग
- चिकित्सक एवं विशेषज्ञ चिकित्सक/अति विशेषज्ञ चिकित्सक की सेवाएँ प्राप्त करना
- बाइयश्रोत से रखे गये कर्मियों के मानदेय का भुगतान
- मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना / आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना तथा राज्य कर्मियों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना से आच्छादित मरीजों की जाँच यदि बाहर से कराया गया हो तथा उससे संबंधित भुगतान
- दवा का क्रय
- मशीन एवं उपकरण का क्रय
- मरीजों एवं उनके परिजनों के बैठने की व्यवस्था
- बेडशीट, लौन्ड्री आदि
- आधारभूत संरचना का रख-रखाव, पुनर्निर्माण
- अन्य आवश्यक आकस्मिक कार्य
- दवा क्रय के लिए विशेष प्रावधान।

# एचईसी कर्मियों के खिलाफ साजिश रच रहा प्रबंधन : एटक

**रांची, 4 जुलाई :** हैवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन (एचईसी) के ठेका मजदूरों की प्रबंधन से मांगें कोई नयी नहीं हैं, बल्कि वे पहले से मिलती रही सुविधाओं की बहाली की लड़ाई लड़ रहे हैं। प्रबंधन को इसपर ऐतराज नहीं होना चाहिए। यह बातें हटिया कामगार यूनियन (एटक) के उपाध्यक्ष लालदेव सिंह ने शनिवार को प्रेस रिलीज जारी कर कही। उन्होंने आरोप लगाया कि एचईसी प्रबंधन ठेका मजदूरों को नई आपूर्ति प्रणाली के तहत ठेकेदारों के हवाले करने की साजिश रच रही है और इसके लिए मजदूरों से जबरन अंडरटेकिंग ली जा रही है।

लालदेव ने कहा कि अब मजदूरों को मिलने वाला रविवार का वेतन, सालाना सात सीएल (छुट्टियां) और काम की स्थिरता जैसी पूर्व की सुविधाएं समाप्त कर दी गई हैं। इसके अलावा, ठेकेदार को यह अधिकार भी दिया जा रहा है कि वह मजदूरों को जब चाहे काम से हटा सकता है। जबकि सैकड़ों मजदूर पिछले 20-25 वर्षों से एचईसी के विभिन्न संयंत्रों में लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रबंधन जानबूझकर नई प्रणाली में मजदूर कर्मियों को शामिल करना चाह रहा है और आंदोलन कर रहे मजदूरों को बदनाम करने के लिए दलालों के जरिए यह अफवाह फैलाई जा रही है कि मजदूरों का यह आंदोलन एचईसी के रिवाइवल (पुनरुद्धार) प्रक्रिया में बाधा बन रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में हुई हालिया बैठक सिर्फ निगम की वर्तमान स्थिति का जायजा लेने के लिए थी, न कि पुनरुद्धार पर अंतिम निर्णय लेने के लिए। सरकार को रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद ही फैसला होगा कि एचईसी को पुनर्जीवित किया जाए या नहीं।

# प्रोन्नति और एजीपी को लेकर प्रभारी कुलपति से मिला संघ

**देशप्राण संवाददाता**



**रांची, 4 जुलाई :** रांची विश्वविद्यालय शिक्षक संघ और फुटाज फेडरेशन ऑफ यूनिवर्सिटी टिचर्स एसोसिएशन ऑफ झारखंड के तत्वावधान में वर्ष 2008 बैच के शिक्षकों का एक शिष्टमंडल रांची विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति प्रो डीके सिंह से मिलकर अपनी समस्याओं की जानकारी शुक्रवार को दी। मौके पर शिष्टीमंडल ने प्रभारी कुलपति से 2008 बैच के शिक्षकों की प्रोन्नणति और एजीपी छह हजार और सात हजार रुपए करने की मांग की। शिष्टपमंडल में डॉ समीरा सिन्हा कुलपति के समक्ष मांगों को विस्तार से बताया। वहीं डॉ मोहित कुमार लाल ने प्रोन्नयति से संबंधित नियमावलियों का हवाला देते हुए त्वरित कार्यवाही का आग्रह किया।

मौके पर प्रभारी कुलपति ने कहा कि वे शिक्षकों के साथ हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए वे हर स्तर पर प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि 2008 बैच के शिक्षकों की प्रोन्नति और एजीपी छह और सात हजार रुपए करने में संबंधित प्राधिकार को पत्र लिखेंगे।

शिष्टमंडल में रांची विवि शिक्षक संघ के अध्यक्ष और फुटाज के महासचिव डॉ राज कुमार, डॉ रीता कुमारी, डॉ समीरा सिन्हा, डॉ श्वेता सिंह, डॉ रेणु सिंह, डॉ भारती, डॉ नीलू सिन्हा, डॉ रंजीत कुमार चौधरी, डॉ किरण कुमारी सहित अन्य शिक्षक शामिल थे।

# सफाई कर्मचारियों साथ एनएसयूआई ने मनाया स्थापना दिवस



**रांची, 4 जुलाई :** नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) का स्थापना दिवस शुक्रवार को सफाई कर्मचारियों साथ मनाया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय संयोजक आरुषी वंदना ने सफाई कर्मचारियों को भोजन, पानी और मिठाई का वितरण किया गया। मौके पर एनएसयूआई को नए आयाम तक पहुंचाने का संकल्प लिया। उल्लेखनीय है कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने नौ अप्रैल 1971 को केरल छात्र संघ और पश्चिम बंगाल छात्र संघ परिषद को मिलाकर एनएसयूआई छात्र संगठन की स्थापना की थी। तब से हर वर्ष नौ अप्रैल को एनएसयूआई का स्थापना दिवस मनाया जाता है। इस दौरान उन्होंने इंदिरा गांधी को याद करते हुए कहा कि 1971 में देश की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की ओर से स्थापित यह संगठन पांच दशकों से छात्र राजनीति में है।

# बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देना प्राथमिकता : विधायक

**खूंटी, 4 जुलाई :** तोरपा विधानसभा क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना मेरी प्राथमिकता है। आप मुझे अपनी किसी भी प्रकार की बीमारी की जानकारी दें, मैं उसे बेहतर इलाज और स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। ये बातें तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया ने कही। विधायक शुक्रवार को कर्रा प्रखंड की गोविंदपुर पंचायत में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे।

विधायक ने कहा कि स्वास्थ सुविधा को तोरपा विधानसभा में और भी बेहतर करना है और जितनी अधिक से अधिक सुविधा हो सके, सारी सुविधाएं अपने विधानसभा में उपलब्ध कराना है। कोई भी जानकारी मुझे या झामुमो प्रखंड कमेटी को जानकारी दें। उन्होंने कहा कि रिम्स हो या सदर अस्पताल या अन्य संस्थान, जहां पर लोगों का इलाज हो बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के लिए वे मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी से आग्रह है कि वे नर सेवा ही नारायण सेवा है, यह मानकर लोगों की सेवा करें। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी स्मिता नगेसिया, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी अनीता कुमारी, गोविंदपुर पंचायत की मुखिया मीना देवी, अस्पताल के जमीन दाता डॉ रामनन्द सोनी, उपाध्यक्ष मार्शल आईंद सहित अन्य उपस्थित थे।

## खबर कोना

### दुर्ग-पटना वाया रांची साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का होगा परिचालन

**रांची :** यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने दुर्ग-पटना-दुर्ग वाया रांची स्पेशल ट्रेन के परिचालन का निर्णय लिया है। साथ ही भुवनेश्वर-धनबाद-भुवनेश्वर के बीच वाया रांची साप्ताहिक स्पेशलन ट्रेन के पचिलान अवधि में विस्तार किया गया है। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार ट्रेन संख्या 08797 और 08798 दुर्ग-पटना साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 7 जुलाई से 28 जुलाई तक प्रत्येक सोमवार दुर्ग से प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन दुर्ग से 13:15 बजे खुलेगी, रांची 01:35 बजे और पटना 15:30 बजे पहुंचेगी। इसी तरह ट्रेन संख्या 08798 पटना-दुर्ग साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 8 जुलाई से 29 जुलाई तक प्रत्येक मंगलवार को पटना से प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन पटना से 17:15 बजे खुलेगी, रांची 08:10 बजे और दुर्ग 22:35 बजे पहुंचेगी।

**स्पेशल ट्रेन के परिचालन अवधि में विस्तार :** रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार ट्रेन संख्या 02832 और 02831 भुवनेश्वर-धनबाद-भुवनेश्वर स्पेशल ट्रेन वाया रांची के परिचालन अवधि में विस्तार किया गया है। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार ट्रेन संख्या 02832 भुवनेश्वर-धनबाद-भुवनेश्वर वाया रांची साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 3 जुलाई से 31 जुलाई तक प्रतिदिन धनबाद से प्रस्थान करेगी। वहीं ट्रेन संख्या 02831 धनबाद-भुवनेश्वर-धनबाद वाया रांची साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 4 जुलाई से 1 अगस्त तक प्रतिदिन धनबाद से प्रस्थान करेगी। इन ट्रेनों का समय, सारणी और ठहराव पूर्ववत रहेगी।

### छह माह बाद भी उत्पाद सिपाही की लिखित परीक्षा ठंडे बस्ते में : बाबूलाल

**रांची :** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने युवाओं के सवालों पर हेमंत सरकार को निशाने पर लिया है। कहा कि विधानसभा चुनाव से पूर्व राज्य सरकार ने उत्पाद सिपाही भर्ती की दौड़ आयोजित कराई थी। सरकार के कुव्यवस्था और हठधर्मिता के कारण कई युवाओं की मौत होने लगी, लेकिन सरकार ने दौड़ को नहीं रोका जिससे मौत का आंकड़ा बढ़ता ही चला गया। युवाओं को उम्मीद थी कि सरकार जल्द लिखित परीक्षा लेगी, लेकिन हेमंत सरकार गठन के 6 माह बीत जाने के बाद भी लिखित परीक्षा न होने के कारण अबतक उत्पाद सिपाही भर्ती प्रक्रिया पर संशय बना हुआ है।

**हेमंत सरकार की राजनीति के सबसे आसान शिकार हैं युवा :** झारखंड के युवा हेमंत सरकार की राजनीति के सबसे आसान शिकार हैं। साधन संपन्न धनाढ्य परिवार में जन्म लेने के कारण मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने युवावस्था में साधारण युवकों के संघर्ष को महसूस नहीं किया है। इसलिए उनकी शासन पद्धति में भी युवाओं के प्रति संवेदनहीनता नजर आती है।जब भी युवाओं द्वारा नौकरी की मांग की जाती है तो परीक्षा कैलेंडर का झुनझुना थमा दिया जाता है।आज झारखंड में युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो चुका है। न कोई ठोस नियोजन नीति, न पारदर्शी परीक्षा, न ससमय रिजल्ट। युवाओं को मिलता है तो सिर्फ फजी आश्वासन।

### बीडीओ ने किया दुकानों का औचक निरीक्षण

**खूंटी :** तोरपा के प्रखंड विकास पदाधिकारी नवीन चंद्र झा ने शुक्रवार को तोरपा प्रखंड मुख्यालय स्थित खाद-बीज की कई दुकानों का औचक निरीक्षण किया। मौके पर कई दुकानों में एक्सपार्यड खाद, बीज और कृषि से संबंधित दवा बरामद की। उन्होंने बताया कि लोगों की शिकायत मिली थी कि कुछ दुकानदार अपनी दुकानों में अवधि समाप्त हो चुके बीज, खाद की बिक्री कर रहे हैं। शिकायत के बाद में कई दुकानों का औचक निरीक्षण किया। बीडीओ ने सभी दुकानदारों को चेतावनी दी कि किसी भी स्थिति में उन खाद-बीजों की बिक्री ने करें, जिनकी मियाद पूरी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि एक्सपायर खाद - बीज बेचने वाले दुकानदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### आपदा मित्र प्रशिक्षण का उपायुक्त ने किया शुभारंभ

**रामगढ़ :** जिले में स्वास्थ्य के क्षेत्र में उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज के द्वारा बड़ी पहल की गई है। जिसके तहत आकस्मिक परिस्थितियों में सीपीआर एवं फर्स्ट एड किट इस्तेमाल करने को लेकर अगले 1 वर्ष में जिले की 25 फीसदी आबादी को आपदा मित्र के रूप में तैयार करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी क्रम में शुक्रवार को टाउन हॉल रामगढ़ में उपायुक्त ने आपदा मित्र (मास्टर ट्रेनर) के लिए आयोजित प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। यह प्रशिक्षण आगामी 15 जुलाई तक चलेगा। मौके पर उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज, पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा रविंद्र कुमार गुप्ता, चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर उदय श्रीवास्तव, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉक्टर स्वराज द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा 15 जुलाई तक 2500 आमजनों, विद्यार्थियों, आंगनबाड़ी सेविकाओं आदि को प्रशिक्षण देकर आपदा मित्र एवं मास्टर ट्रेनर के रूप में तैयार किया जाएगा। जिनके द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में आमजनों को आकस्मिक परिस्थितियों में सीपीआर एवं फर्स्ट एड किट इस्तेमाल करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस दौरान सभी को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि मुझे यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि आप सभी आपदा मित्र के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें है, विशेष रूप से चिकित्सा उपचार के क्षेत्र में। यह पहल न केवल हमारी आपदा प्रबंधन क्षमताओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह समाज में जागरूक, सशक्त और संवेदनशील नागरिकों के निर्माण का भी प्रतीक है।

# विश्वविद्यालय के नियमों को लागू नहीं कर रहा सीवीएस कार्यालय : शिक्षक संघ

**देशप्राण संवाददाता**



**रांची, 04 जुलाई :** रांची विश्वविद्यालय के वोकेशनल शिक्षक संघ की ओर से समस्याओं को लेकर शुक्रवार को रांची विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति को छह सूत्री मांग पत्र सौंपा गया।

रांची विश्वविद्यालय के विभिन्न पीजी विभाग और कॉलेज में 20 से भी अधिक वोकेशनल या सेल्फ फाइनेंस कोर्स पिछले 20 वर्षों से चलाये जा रहे हैं। इसमें अतिथि और कॉन्ट्रैक्ट शिक्षक अपना बहुमूल्य योगदान दे रहे हैं और इन कोर्स को करने के बाद विद्यार्थियों को विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी संस्थाओं में सीधे नौकरी भी प्राप्त हो रही है। लेकिन इन विभागों में कार्यरत्त सभी शिक्षकों की स्थिति अत्यंत दयनीय है। इन शिक्षकों को न तो उन्हें उचित मानदेय मिलता है और न ही कोई अन्य सुविधाएं मिल रही हैं।

**ये हैं संघ की मुख्य मांगें**

समान काम के बदले समान वेतनमान देने की व्यवस्था हो, अविलंब शिक्षक और कर्मियों के पद सृजित कर उसे भरा जाए, अतिथि शिक्षकों को यूजीसी के अनुसार तय मापदंड 1500 प्रति कक्षा हो, सीनेट और सिंडिकेट या कोर कमेटी में वोकेशनल शिक्षक संघ के प्रतिनिधि की व्यवस्था हो, नई नियुक्ति प्रक्रिया में पुराने शिक्षकों को प्राथमिकता मिले और वोकेशनल फंड में रखे हुए रूपए का उपयोग शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए करना शामिल है।

इस मौके पर वोकेशनल शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अटल पांडेय ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय में पिछले 20 वर्षों से शिक्षक कार्यरत्त हैं पर आज तक उनके पद सृजित करने की न तो कोई सोच रहा है और न ही उनके स्थाईकरण की कोई बात हो रही है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय जब सेवा करने का केंद्र है, छात्रों से कम से कम पैसे लिए जाते हैं तब वोकेशनल फंड में करोड़ों रुपए कैसे जमा हो गए। इन पैसों का यदि सही ढंग से शिक्षकों और विद्यार्थियों के शिक्षा व्यवस्था पर खर्च होता तो विश्वविद्यालय की स्थिति अलग होती। वहीं संघ के अध्यक्ष अवधेश ठाकुर ने कहा कि कोर कमेटी से निर्णय ले लिया जाता है, पर बहुत सारे विभाग उन निर्णयों को नहीं मानते हैं। इस पर सीवीएस निदेशक को बार-बार बोलने के बावजूद कोई कदम नहीं उठाया जाता है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के बहुत से विभाग बंदी के कगार पर हैं इनका जिम्मेदार कौन है।

मौके पर संघ के पदाधिकारियो ने प्रभारी कुलपति से मामले में अविलंब उचित निर्णय लेने की गुहार लगाई।

प्रतिनिधिमंडल में डॉ सुरजीत घोषाल, डॉ प्रशात सौरव सहित अन्य शामिल थे।

# राज्य के एकमात्र स्टेट होमियोपैथी मेडिकल कॉलेज में नामांकन पर रोक

**मुख्य संवाददाता**

**रांची, 4 जुलाई :** राज्य के एक मात्र स्टेट होमियोपैथिक मेडिकल कॉलेज गोड्डा में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में बीएचएमएस (बैचलर ऑफ होम्योपैथिक मेडिसिन एंड सर्जरी) प्रथम वर्ष में नामांकन पर रोक लगा दी गई है। होम्योपैथी चिकित्सा आंकलन और रेटिंग बोर्ड (एमएआरबीएच) ने कॉलेज की सुविधाओं और फैकल्टी की जांच के बाद यह निर्णय लिया है। बताते चलें कि होम्योपैथी चिकित्सा आंकलन और रेटिंग बोर्ड की टीम ने पिछले महीने को कॉलेज का निरीक्षण किया था, जिसमें कई कमियां पाई गईं। कुल 63 सीटों पर नामांकन लिया जाना था।

**क्यों नहीं मिली अनुमति**

**फैकल्टी की कमी:** कॉलेज में 31 शिक्षकों की कमी पाई गई, जिनमें ह्यूमन एनाटोमी, फिजियोलॉजी, मेडिसीन, फामेर्सी, होम्योपैथी मेटेरिया मेडिका, गायनी, सर्जरी और कम्युनिटी मेडिसिन जैसे विषयों के शिक्षक शामिल हैं।

**हॉस्पिटल में संसाधनों की कमी:** हॉस्पिटल में जरूरी संसाधन जैसे एक्स-रे, केजुअल्टी रूम और लेबर रूम फंक्शनल नहीं पाए गए।

**हॉस्पिटल स्टाफ की कमी:** कॉलेज में हॉस्पिटल स्टाफ की भी घोर कमी पाई गई।

**जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला**

**राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान**
**(Mediation for the Nation)**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नई दिल्ली) के तत्वधान में झारखण्ड विधिक सेवा प्राधिकरण (राँची) एंव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गुमला द्वारा 1 जुलाई 2025 से 30 सितंम्बर 2025 तक "Mediation for the Nation" 'राष्ट्र के लिए मध्यस्थता' अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान विभिन्न प्रकार के मामलो पर केन्द्रित है जिसमे वैवाहिक विवाद, दुर्घटना दावा, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, वाणिज्यिक विवाद, सेवा मामले, समझौता योग्य अपराधिक मामले, उपभोक्ता विवाद, ऋण वसूली, विभाजन बेदखली, भूमि अधिग्रहण और मध्यस्थता योग्य दिवानी मामले शामिल हैं। इस अभियान का उद्देश्य लंबित मामलों के समाधान और जनता में यह विश्वास बढ़ाना है कि मध्यस्थता एक सहज, सस्ता और तेज विवाद निपटारा तंत्र है जो समय, धन और रिस्तों का रक्षा करता है।

इस अभियान के तहत 1 जुलाई 2025 से 31 जुलाई 2025 तक न्यायालय समझौता योग्य मामलो को चिन्हित कर सूची बनाएगा एवं समझौता योग्य वाद को मध्यस्थता के लिए भेजा जाएगा। अभियान में सप्ताह के सभी 7 दिनो में पक्षकारो की सुविधा अनुसार मध्यस्थता निपटाने का प्रयास किया जाएगा। इस विशेष अभियान की सफलता सुनिश्चित कराने के लिए मध्यस्थता पूरी तरह से ऑफलाइन, ऑनलाइन या हाइब्रिड मोड में आयोजित की जाएगी।

अतः वादकारीगण इस अभियान का लाभ उठाते हुए गुमला जिला के न्यायालयों में लंबित अपने वादों का निपटारा मध्यस्थता के माध्यम से करवा सकते हैं।

**अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे :– 9905571507**
**नालसा टॉल फ्री नं0– 15100**

राम कुमार लाल गुप्ता, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला।
हरिस बिन जमां, पुलिस अधीक्षक–सह–सदस्य, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला।
प्रेरणा दीक्षित, उपायुक्त–सह–उपाध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला।
ध्रुव चंद्र मिश्र, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला।

PR 356541 Law(25-26).D

देशप्राण
स्वतंत्र हिन्दी दैनिक
4, तारा टावर, रेडियम रोड, कचहरी चौक, रांची-834001, फोन : 0651-2361181/82
contact@deshpran.in | www.deshpran.com | www.deshpran.in
Desh Pran Desh Pran Desh Pran
@deshpran @deshpran Desh Pran
सुनी-सुनाई नहीं
केवल प्रामाणिक खबर



**मौसम**

| अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|
| 27.6° | 23.2° |
| प्रातः | सायं |
| 95% | 85% |

# कृषि मंत्री ने नेपाल हाउस का किया औचक निरीक्षण, बंक मारने वाले कर्मियों को किया जाएगा शो कॉज

मुख्य संवाददाता



रांची, 4 जुलाईः कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने शुक्रवार को नेपाल हाउस स्थित विभागीय कार्यालय का औचक निरीक्षण किया । औचक निरीक्षण की सूचना से नेपाल हाउस कार्यालय में हड़कंप का माहौल रहा । मंत्री विभाग के दफ्तर में सभी कोषांग का निरीक्षण किया ?। इस दौरान कई कर्मचारी , पदाधिकारी और अधिकारी अपने दफ्तर में अनुपस्थित पाए गए । इस दौरान मंत्री ने पदाधिकारियों से उनके काम और योजनाओं से संबंधित जानकारी भी ली ।

निरीक्षण के क्रम में कई पदाधिकारी अपने सहयोगी कर्मी को लेकर बहाने बनाते भी नजर आए , वहीं कुछ पदाधिकारी निरीक्षण की सूचना मिलने के बाद दौड़ते - भागते दफ्तर पहुंचे ।.बायोमैट्रिक सिस्टम में शुक्रवार की अनुपस्थिति से संबंधित डेटा को संग्रह किया गया है । इस डेटा में कार्यालय आने के निश्चित समय के बाद आने वाले पदाधिकारियों की सूची तैयार की जा रही है । इस सूची के आधार पर अनुपस्थित पदाधिकारी और अधिकारियों को शो कॉज जारी करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी ।

निरीक्षण के दौरान मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कार्यस्थल पर कर्मी हर हाल में निश्चित समय पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे । समय का पाबंद और अनुशासित होना , बेहतर कार्य संस्कृति के लिए जरूरी है । कार्य संस्कृति में सुधार से विकास योजनाओं को गति मिलेगी।

### राज्य सेवा के तीन अफसरों पर चलेगी विभागीय कार्यवाही

रांची, 4 जुलाईः राज्य प्रशासनिक सेवा के तीन अफसरों पर गाज गिर गई है. राज्य सरकार ने इनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही चलाने का फैसला किया है. जिन अफसरों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही चलेगी उनमें सतीश चंद्र (तत्कालीन जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग), विवेक कुमार मेहता (तत्कालीन अंचल अधिकारी, बरही हजारीबाग) और संजय कुमार सिंह (तत्कालीन अंचल अधिकारी, बरही हजारीबाग) शामिल हैं. इस अफसरों के खिलाफ अनियमितता और जमीन के हस्तांतरण में अनियमतता बरतने का आरोप है।

### बड़े पैमाने पर अवैध शराब बरामद

रांची, 4 जुलाईः स्पेशल ब्रांच की सूचना पर बड़े पैमाने पर अवैध शराब बरामद हुआ है. स्पेशल ब्रांच के इनपुट के आधार पर उत्पाद विभाग और रांची पुलिस की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए टाटीसिल्वे के महिलोंग से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद किया है. वहीं इस मामले में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है.

### रांची में आज रोजगार मेला

रांची, 4 जुलाईः झारखंड सरकार के श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के अधीन अवर प्रादेशिक नियोजनालय सह मॉडल करियर सेंटर, रांची द्वारा 5 जुलाई 2025 को एक दिवसीय भर्ती कैंप का आयोजन किया जा रहा है. यह भर्ती कैंप सुबह 10:30 बजे से करियर सेंटर, सर्कुलर रोड, रांची परिसर में आयोजित होगा, जिसमें निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी.इस रोजगार मेले में कुल 304 पदों पर भर्ती की जाएगी।

## कांग्रेस जिला प्रवक्ताओं को मिला टिप्स, मजबूती से रखें अपना पक्ष

मुख्य संवाददाता

रांची, 4 जुलाईः प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा और चेयरमैन सतीश पॉल मुजनी ने नवनियुक्त जिला प्रवक्ताओं के साथ जूम मीटिंग की। बैठक में उपस्थित लोगों को संगठन और सरकार के संबंध में पक्ष रखने और विपक्ष द्वारा फैलाई जा रही नकारात्मक खबरों पर अपना पक्ष मजबूती से रखने के बारे में बताया गया। नेताओं ने कहा कि संगठन द्वारा संगठन की मजबूती के लिए किए जा रहे कार्यक्रमों और सरकार द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्यों से जनता को अवगत कराना ही हमारा दायित्व है। जिला प्रवक्ताओं से उनके जिले के मीडिया के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त की और उन्हें विशेष दिशा-निर्देश दिए।

**प्रशिक्षण शिविर और नियुक्ति पत्र**

बैठक में यह घोषणा की गई कि जल्द ही प्रदेश स्तर पर सभी जिला प्रवक्ताओं का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा, एक कार्यक्रम आयोजित कर सभी को नियुक्ति पत्र दिया जाएगा।

**मीडिया के माध्यम से जनता तक पहुंचना**

नेताओं ने कहा कि मीडिया के विभिन्न माध्यमों से संगठन और सरकार के कार्यों को जनता तक पहुंचाया जा सकता है। विपक्ष के दुष्प्रचार का जवाब भी मीडिया के माध्यम से जनता तक पहुंच कर उसका सामना किया जा सकता है।

## संयुक्त ट्रेड यूनियनों ने की आगामी नौ जुलाई को हड़ताल की घोषणा




रांची, 4 जुलाईः झारखंड की राजधानी रांची में संयुक्त किसान मोर्चा और केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच ने आगामी नौ जुलाई को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल की तैयारियों की घोषणा कर दी है। यह जानकारी भाकपा नेता अजय सिंह ने शुक्रवार को संयुक्त प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि मजदूर, किसान और आम जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए सरकार की नीतियों के खिलाफ संघर्ष का ऐलान किया गया है।

मौके पर संयुक्त मंच के वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार चार श्रम संहिताओं के जरिए स्थायी रोजगार, ट्रेड यूनियन और सामाजिक सुरक्षा जैसे अधिकारों को खत्म करने की साजिश कर रही है। हड़ताल की 17 सूत्री मांगों में 26,000 न्यूनतम वेतन, पुरानी पेंशन योजना की बहाली, आवश्यक वस्तुओं से जीएसटी हटाना, सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण पर रोक और किसानों के लिए एमएसपी की गारंटी सहित अन्य मांगें शामिल है। वक्ताओं ने कहा कि यह हड़ताल सिर्फ एक दिन की नहीं, बल्कि लंबे संघर्ष की शुरूआत है। प्रदेश भर में नुक्कड़ सभाएं, जनसंपर्क अभियान, बाइक रैली, मशाल जुलूस और नौ जुलाई को पुतला दहन एवं सड़क जाम किया जाएगा। प्रेस वार्ता को शुभेंदु सेन, अशोक यादव, अनिर्बान बोस, सुफल महतो सहित कई नेताओं ने संबोधित किया।

## ... वर्ना रखता है कौन किसको यादः डॉ इरफान

रांची, 4 जुलाईः राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने धमकी भरे कॉल के बाद चार चुलाई को बड़े ही तार्किक अंदाज में सोशल मीडिया में एक पोस्ट किया है. इस पोस्ट में काफी गहराई है. साथ ही मंत्री ने पोस्ट के जरीए अपनी भावनाओं का भी इजहार किया है. इस पोस्ट में सिर्फ दो लाइन ही लिखी है कि मेरे दुश्मन न मुझ को भूल सके, वर्ना रखता है कौन किसको यादः जोहार, सलाम और नमस्कार. स्वास्थ्य मंत्री का पोस्ट सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। गौरतलब है कि अंसारी को गुरूवार देर रात एक अज्ञात व्यक्ति ने जान से मारने की धमकी दी। कॉलर ने मंत्री को 24 घंटे के भीतर उड़ा देने की धमकी दी और अपशब्द भी कहे। यह धमकी फोन नंबर 7903928578 से दी गई, जब मंत्री दिल्ली में थे। अंसारी ने इस घटना की जानकारी रांची एसएसपी को दी है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## नयी उत्पाद नीति लागू होने तक कॉरपोरेशन के सहारे शराब की बिक्री होगी

देश प्राण संवाददाता



रांची, 4 जुलाईः 566 दुकानों से फिलहाल शराब की खुदरा बिक्री बंद है. नयी उत्पाद नीति लागू होने तक इन दुकानों से शराब की बिक्री झारखंड बिवरेजेज कॉरपोरेशन के माध्यम से की जायेगी. हालांकि इसमें मैनपावर सप्लाई करने वाली कंपनियों को शामिल नहीं किया जायेगा. नयी उत्पाद नीति लागू होने तक कॉरपोरेशन के माध्यम से शराब की बिक्री से संबंधित दिशा निर्देश अगले सप्ताह जारी कर दिया जायेगा.

राज्य सरकार ने नयी उत्पाद नीति लागू करने के उद्देश्य से एक जुलाई से मैनपावर सप्लाई करने वाली कंपनियों से दुकानों को वापस लेना शुरू किया. दुकानों के हस्तांतरण की इस प्रक्रिया को पांच जुलाई तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है.

तीन जुलाई तक 566 दुकानों के हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है. इसमें से एक जुलाई को 270, दो जुलाई को 171 और तीन जुलाई को 125 दुकानों के हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी की गयी. चार जुलाई को 125 दुकानों के हस्तांतरण की प्रक्रिया शुरू की गयी है। जिन दुकानों के हस्तांतरण की प्रक्रिया अभी शुरू नहीं हुई है, उन दुकानों से शराब की खुदरा बिक्री जारी है।

हस्तांतरित हो चुके दुकानों से फिलहाल शराब की बिक्री बंद है. नयी उत्पाद नीति लागू करने की प्रक्रिया पूरा करने में दो महीना समय लगने की संभावना है. इसलिए इस अवधि तक शराब की खुदरा बिक्री कॉरपोरेशन के माध्यम से ही करने की योजना बनायी जा रही है. अगले सप्ताह तक इससे संबंधित दिशा निर्देश जारी कर दिया जायेगा।

### विनय सिंह के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक का आदेश

रांची, 4 जुलाईः शराब घोटाला के गंभीर आरोपों में एसीबी की गिरफ्तारी के डर से फरार चल रहे विनय सिंह को रांची एससी-एसटी कोर्ट की विशेष कोर्ट से बड़ी राहत मिली है. कोर्ट ने संध्या तिर्की द्वारा भूमि विवाद से जुड़े एससी-एसटी केस में विनय सिंह के खिलाफ पीड़क कार्रवाई करने पर रोक लगा दी है. पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश के बाद अब पुलिस विनय सिंह के खिलाफ इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं कर सकती है. हालांकि शराब घोटाला मामले में अभी भी उन पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है. विनय सिंह की तरफ से अधिवक्ता अक्षय शर्मा ने बहस की.

## मुहर्रम को लेकर रांची का ट्रैफिक रूट बदला, पर नहीं कटेगी बिजली




मुख्य संवाददाता

रांची, 4 जुलाईः मुहर्रम को लेकर जिला प्रशासन ने राजधानी रांची का ट्रैफिक रुट छह जुलाई को बदल दिया है। यह बदलाव छह जुलाई को सुबह 10 बजे से जुलूस की समाप्ति तक लागू रहेगा। वहीं मुहर्रम में बिजली आपूर्ति जारी रहेगी। इसको लेकर झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम भी सूचना जारी कर चुका है। जारी सूचना में कहा है कि ताजिया, वाहनों पर लगे साउंड सिस्टम व झाकियों की अधिकतम ऊंचाई चार मीटर से अधिक नहीं होनी चाहिए।

**इन मार्गों पर वाहनों का परिचालन होगा वर्जित**

- किशोरी यादव चौक से अपर बाजार, महाबीर मंदिर चौक होकर शहीद चौक में परिचालन बंद रहेगा।
- शहीद चौक से अपर बाजार, महाबीर मंदिर चौक के तरफ सामान्य वाहनों का परिचालन बन्द रहेगा।
- सुभाष चौक से अपर बाजार, महाबीर मंदिर के तरफ वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।
- कचहरी चौक से शहीद चौक, अल्बर्ट एक्का चौक में में सामान्य वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।
- चडरी तलाब से अल्बर्ट एक्का चौक की ओर आने वाले वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।
- प्लाजा चौक से अल्बर्ट एक्का चौक तक वाहनों का परिचालन बंद रहेगा
- पुरुलिया रोड से सर्जना चौक तक परिचालन बंद रहेगा।
- एसएन गागुंली रोड/विष्णु गली/बुधिया गली एवं राधेश्याम गली से मेन रोड तक परिचालन बंद रहेगा
- सुजाता चौक से मेन रोड की तरफ वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।
- वूल हाउस के पास से मेन रोड की तरफ से आने वालें वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।
- कर्बला चौक से रतन पीपी चौक आने वाले वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।
- कडरू से रेडिसन ब्लू होटल होकर मेन रोड आने वाले वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।
- जैप वन कमांडेंट आवास मोड से राजेन्द्र चौक आने वाले वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।
- मेकॉन चौक से राजेन्द्र चौक आने वाले वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।
- तुलसी चौक से अम्बेदकर चौक आने वाले वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।
- रांची शहर के अन्य मार्गों में भी यातायात को आवश्यकतानुसार डायवर्ट किया जाएगा।

## खबर कोना

### आउटसोर्स कर्मियों के हक में ऊर्जा विकास श्रमिक संघ ने सौंपा ज्ञापन



रांची, 4 जुलाईः झारखंड ऊर्जा विकास निगम में कार्यरत आउटसोर्स कर्मियों को न्यूनतम वेतन और समान कार्य के लिए समान वेतन सहित अन्य मांगों को लेकर झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ ने शुक्रवार को निगम के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक के नाम एक ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन एक जुलाई 2025 को झारखंड उच्च न्यायालय की ओर से पारित आदेश के आलोक में दिया गया है। संघ के अध्यक्ष अजय राय ने शुक्रवार को कहा कि वर्षों से निगम में कार्यरत तकनीकी एवं गैर-तकनीकी कर्मियों को आज तक न्यायोचित वेतन नहीं मिला है, जो संविधान और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के विरुद्ध है। यदि निगम जल्द सकारात्मक पहल नहीं करता, तो संघ राज्यव्यापी लोकतांत्रिक आंदोलन शुरू करेगा। ज्ञापन में 2017 से बकाया एरियर का भुगतान, स्थायी और संविदा कर्मियों के बीच वेतन समानता, भविष्य की नियुक्तियों में आउटसोर्स कर्मियों को प्राथमिकता और पारदर्शी शिकायत निवारण प्रणाली सहित अन्य मांगे शामिल है। प्रतिनिधिमंडल में विजय सिंह, मुकेश साहू, अनिकेत कुमार, रोशन लूगून सहित कई सदस्य शामिल थे।

### समर्पण शाखा की कार्यकारिणी की बैठक में कार्यक्रमों पर चर्चा




रांची, 4 जुलाईः समर्पण शाखा के सत्र (2025 26) की तीसरी कार्यकारिणी बैठक शाखा की अध्यक्ष पूजा अग्रवाल की अध्यक्षता में हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में शुक्रवार को हुई। बैठक में शाखा अध्यक्ष ने अनुपस्थिति और गणपूर्ति की सूचना दी। मौके पर शाखा अध्यक्ष ने स्वागत संबोधन किया और शाखा सचिव ने जून माह की रिपोर्ट प्रस्तुगत की। साथ ही आगामी कार्यक्रमों के अंतर्गत सावन सिंधारा, सावन मेला, बाबा श्रृंगार, गौ सेवा से सम्बंधित कार्यकमों के आयोजन पर चर्चा की गई। शाखा अध्यक्ष ने शाखा सदस्यों से वार्षिक शुल्क जल्द से जल्द देने के लिए आग्रह किया। ताकि संस्था का कार्य सुचारू रूप से हो सके। कार्यकारणी की बैठक में अध्यक्ष पूजा अग्रवाल, निवर्तमान अध्यक्ष विनिता सिंघानिया, पूर्व अध्यक्ष विनिता बिहानी, पूर्व अध्यक्ष कंचन सोमानी, पूर्व अध्यक्ष मीना टाईवाला, पूर्व अध्यक्ष ज्योति अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष श्वेता भाला, शुभा अग्रवाल, रितु पोद्दार, सरिता बथवाल, कोमल पोद्दार, कविता सोमानी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थी।

### रामविलास पासवान की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा आज



रांची, 4 जुलाईः लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के संस्थापक रामविलास पासवान की जयंती के अवसर पर शनिवार को रांची स्थित पार्टी कार्यालय, कृष्णा एन्क्लेव, डोरंडा में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बिरेन्द्र प्रधान के नेतृत्व में संपन्न होगा। इस संबंध में पार्टी की ओर से कहा गया है कि रामविलास पासवान भारतीय राजनीति के ऐसे नेता थे जिन्होंने सात प्रधानमंत्रियों के साथ काम किया। वे सामाजिक न्याय के प्रबल पैरोकार थे और उन्होंने दलित, पिछड़ा, अति-पिछड़ा एवं वंचित वर्गों की आवाज को संसद से सड़क तक मजबूती से उठाया। उनके कार्यों ने देश के सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य को नई दिशा दी। कार्यक्रम में उनके विचारों, संघर्षों और नीतियों को स्मरण करते हुए संगठन की आगामी दिशा पर चर्चा की जाएगी।

### श्री चैती दुर्गा महासमिति के श्रद्धालुओं का जत्था अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना



रांची, 4 जुलाईः अपर बाजार स्थित श्री चैती दुर्गा मंदिर से श्रद्धालुओं का जत्था शुक्रवार को अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुआ. महासमिति के कोषाध्यक्ष संजय कुमार सिंह उर्फ लल्लू सिंह के नेतृत्व में 10 से 15 श्रद्धालु बाबा भोले नाथ के दर्शन करेंगे. इसके अलावा माता वैष्णो देवी और भोलेनाथ जैसे प्रसिद्ध तीर्थस्थल जाकर भी भगवान का आशीर्वाद लेंगे. महासमिति के प्रवक्ता नमन भारतीय ने बताया कि यह यात्रा न केवल धार्मिक महत्व रखती है, बल्कि समाज में एकता, सद्भाव और संस्कार का संदेश भी देती है. महासमिति की ओर से सभी श्रद्धालुओं की सुरक्षित यात्रा और कुशल वापसी के लिए विशेष प्रार्थना की गई है. संजय कुमार सिंह उर्फ लल्लू सिंह, राकेश वर्मा, रंजन गुप्ता, शंकर वर्मा, प्रमोद साहू, करण सिंह, आशीष रजक, रोहन सिंह समेत अन्य शामिल हैं.

संक्षिप्त समाचार

### यूपीआई की मदद से एटीएम से निकाल सकेंगे पैसे

**खलारी/डकरा :** डकरा गुरुद्वारा चौक के निकट हिताची एटीएम में अब यूपीआई सर्विस शुरू हो गई है। यूपीआई सर्विस शुरू होने से कोयलांचल वासियों को एटीएम कार्ड के बिना यूपीआई के मदद से एटीएम से पैसा निकालने में सहूलियत होगी। एटीएम से ग्राहक यूपीआई कर-के पैसे आसानी से निकाल सकेंगे। जिसके लिए यह सेवा 24 घंटे उपलब्ध रहेगी साथ ही बिना किसी लिमिट के ग्राहक अपना पैसा निकासी कर सकेंगे।इस सम्बंध में सारी जानकारी हिताची एटीएम के संचालक विकास कुमार ने दी।

### डीएवी पब्लिक स्कूल में स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि मनायी गयी

**पिपरवार :** डीएवी पब्लिक स्कूल में स्वामी विवेकानंद का पुण्यतिथि मनाया गया। सर्व प्रथम विद्यालय के प्राचार्य रूसी चौधरी ने उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया। श्रीमती चौधरी ने अपने संबोधन में कहा विवेकानंद जी एक महान दार्शनिक हिन्दू भिक्षु समाज सुधारक बने गरीब को सेवा की शिक्षा कोअधिक बढावा दिया। उन्होने कहा कि मानव सेवा सबसे, बडी सेवा है। मानव सेवा ही नारायण सेवा है। उनके बताए मार्ग पर चलना सच्ची श्रद्धांजलि है। मौके पर शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद थे।

### सिल्ली विधायक की पहल पर लगा नया ट्रांसफार्मर

**सिल्ली :** शुक्रवार के दिन सिल्ली विधायक अमित कुमार महतो के पहल पर सिल्ली प्रखंड के इतिहासा गांव में 63 केवी का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। नये ट्रांसफार्मर का जुड़ानी देवी, बास्की देवी एवं लतिका देवी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि के रूप में सिल्ली जिला परिषद प्रतिनिधि अखिल महतो,सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष राधिका महतो, ग्राम प्रधान मनोरंजन महतो, लोटा मुखिया प्रतिनिधि रविंद्र मुंडा उपस्थित समेत अजीत महतो, रामपदो महतो, रोहित महतो,संजय महतो, बाबुल, बुधराम महतो, परेश महतो, पुराण महतो, विनोद सिंह, संदीप महतो, रतन महतो, मनोज महतो, चंपा देवी, पुतुल देवी इत्यादि ग्रामीण उपस्थित थे।

### रोटरी रामगढ़ सिटी ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक मुक्त दिवस

**रामगढ़ :** अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक मुक्त दिवस के अवसर पर रोटरी रामगढ़ सिटी ने एक महत्वपूर्ण सामाजिक पहल करते हुए न्यू बस स्टैंड स्थित सब्जी मार्केट में लगभग 200 थैलों का निःशुल्क वितरण किया। यह थैले उन ग्राहकों को दिए गए जो बिना थैला लाए सब्जी खरीदने पहुंचे थे। साथ ही सब्जी विक्रेताओं को भी थैले वितरित किए गए और उनसे अपील की गई कि वे ग्राहकों को प्लास्टिक की थैलियों में सब्जियां न दें, बल्कि इन पर्यावरण अनुकूल थैलों का उपयोग करें।

# उर्सुलाइन कॉन्वेंट स्कूल में चार दिवसीय वन महोत्सव का हुआ समापन

## सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ किया गया वृक्षारोपण

देशप्राण संवाददाता




**खलारी, 4 जुलाई :** उसुर्लाइन कॉन्वेंट स्कूल में चल रहे चार दिवसीय वन महोत्सव 'एक पेड़ मां के नाम' का समापन शुक्रवार को अतिथियों की उपस्थिति में की गई। इस कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि खलारी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जयदीप टोप्पो उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत में सर्वप्रथम प्राचार्या डॉ सिस्टर निर्मला सैमुअल ने मुख्य अतिथि को शॉल ओढ़ाकर तथा एक पौधा देकर सम्मानित किया। इसके बाद विद्यालय के ईको क्लब के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कक्षा नर्सरी और केजी वन और टू के विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण पर नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं कक्षा चार और पांच के विद्यार्थियों ने पर्यावरण से संबंधित एक लघु नाटक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों ने पेड़ लगाने और पेड़ बचाने का संकल्प लिया। पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा हरित एवं स्वच्छ वातावरण को बढ़ावा देने के लिए कई कार्यक्रम और नृत्य विभिन्न कक्षाओं के द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस दौरान प्राचार्या डॉ सिस्टर निर्मला सैमुअल ने अपने संबोधन में पारिस्थितिकी संतुलन को बनाए रखने पर जोर दिया तथा कहा कि सभी को पर्यावरण बचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि अगर पर्यावरण बचेगा तो हमारी आने वाली पीढ़ी को हरित एवं स्वच्छ वातावरण मिलेगा। इसके बाद मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों एवं शिक्षकों ने विद्यालय के मैदान में वृक्षारोपण किया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि जयदीप टोप्पो ने विद्यार्थियों को अपने संबोधन में कहा कि इस कार्यक्रम का थीम 'एक पेड़ मां के नाम' है इसलिए आप सभी एक - एक पेड़ अपनी मां के साथ अवश्य लगायें। उन्होंने आगे कहा कि अगर एक पेड़ कटता है तो उसके बदले दस पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पेड़ - पौधों से हमें कई प्रकार की चीजें प्राप्त होती हैं । इससे हमें ऑक्सीजन मिलती है । जिस प्रकार इंसानों में जान होती है उसी प्रकार पेड़ - पौधों में भी जान होती है इसीलिए इसे बचाना बहुत आवश्यक होती है। जंगल बारिश लाने में सहायक होती है इसीलिए हम सभी को पेड़ और जंगल बचाना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन ईको क्लब की शिक्षिकाएं रोजी मगदली टोप्पो और आरती तिर्की ने किया।

इस अवसर पर विद्यालय के ईको क्लब के शिक्षक - शिक्षिकाओं विशाल शर्मा, अल्का राही, शशि कुमार चौधरी, मुकेश कुमार सिंह, प्रेम खलखो, सानिया तिग्गा सहित अम्बुज कर्मकार, प्रभाकर शर्मा, रोहित खेस, रॉबर्ट मिंज, किशोर लकड़ा, नैना भारती कुजूर, इंदु सोनी सिंह, अनिमा कांसीर, सुबी सिंह, प्रतिमा बागे, सरोज लकड़ा, नॉरबर्टा टोप्पो आदि सहित सभी शिक्षक - शिक्षिकाएं तथा विद्यार्थी उपस्थित थे।

## खबरकोना

### चान्हो स्थित नर्सिंग कौशल कॉलेज ने मांडर कॉलेज में निःशुल्क जांच शिविर का किया आयोजन




**चान्हो :** चांन्हो स्थित नर्सिंग कौशल कॉलेज के सौजन्य से मांडर कॉलेज, मांडर में शुक्रवार को एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ब्लड प्रेशर, वजन और ब्लड शुगर की जांच की गई। मौके पर ही नर्सिंग कौशल कॉलेज की 2023 बैच की छात्राओं ने स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता, जैसे व्यक्तिगत स्वच्छता, स्वस्थ जीवनशैली और रोगों की रोकथाम के महत्व से अवगत कराया गया। साथ ही इच्छुक उम्मीदवारों के लिए झारखंड कंबाइंड एंट्रेंस कॉम्पिटिटिव एग्जामिनेशन बोर्ड के निःशुल्क पंजीकरण की सुविधा भी उपलब्ध कराई । इस शिविर में 150 छात्र छात्राओं ने अपना स्वास्थ्य जांच और 30 छात्राओं ने झारखंड कंबाइंड एंट्रेंस कॉम्पिटिटिव एग्जामिनेशन बोर्ड के लिए रजिस्ट्रेशन कराया। मौके पर नर्सिंग कॉलेज से डीन लेफ्टिनेंट कर्नल स्निग्धा प्रामाणिक, मिस बर्षा एवं मांडर कॉलेज के प्राचार्य डॉ कुमार आदित्येन्द्र नाथ शाहदेव, डॉ के पी शाही, प्रो गांवा तिग्गा, डॉ अनसेलम मिंज, डॉ पवन कुमार दास, डॉ जयप्रकाश रजक, डॉ नीलम कुमारी, डॉ चांदनी कुमारी, डॉ ममता बड़ा, प्रो सेनेल टेटे, प्रो सुषमा कुमारी, प्रो प्रिया सोरेंग,प्रो मनमोहन टुडू आदि उपस्थित थे।

### हड़ताल को सफल बनाने को लेकर मजदूरों के बीच की गयी गेट मीटिंग



**खलारी/डकरा :** 9 जुलाई को होने वाले राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल को सफल बनाने को लेकर संयुक्त मोर्चा के द्वारा शुक्रवार को सीसीएल एनके एरिया के चूरी और पुरनाडीह परियोजना में गेट मीटिंग की गई। मौके पर मोर्चा के द्वारा मजदूरों से इस हड़ताल को सफल बनाने की अपील की गई। वहीं 07 जुलाई को डकरा वीआइपी क्लब में होने वाले कन्वेंशन में शामिल होने के लिए मजदूरों से आग्रह किया गया। गेट मीटिंग ललन प्रसाद सिंह, प्रेम कुमार, शैलेश कुमार, डीपी सिंह, गोल्डन प्रसाद यादव, ध्वजा राम धोबी, रविंद्र बैठा, रंथू उरांव और रैयत विस्थापित मोर्चा के लखन गंझू ने संबोधित किया। इस मौके पर काफी संख्या मे मजदूर उपस्थित थे।

### मुहर्रम को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित



**पिस्का नगड़ी :** मुहर्रम को लेकर शनिवार को नगडी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई जिसमें शांति समिति के दर्जनों सदस्य उपस्थित हुए। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मुहर्रम शांति और सद्भाव से मनाया जाय। सभी सदस्यों ने बारी बारी से अपने विचार व्यक्त किए।थाना प्रभारी अभिषेक राय ने अध्यक्षता और संचालन किया। प्रशासन की ओर से आरक्षी निरिक्षक महेश प्रसाद रंजन, सहायक आरक्षी उपनिरीक्षक मनोज कुमार तथा शांति समिति के लाल प्रेम प्रकाश नाथ शाहदेव, तपेश्वर केशरी, मो हाशीम, शाकीर अहमद , चूड़ामणि महतो, केशव कुमार भगत, मनोज महतो, अब्दुल किदुस, मो तस्लीम, शीला देवी, कुलदीप तिवारी, कृष्ण महतो, गुलरेज अंसारी सहित कई सदस्य उपस्थित हुए।

# विधायक के प्रयास से लगा ट्रांसफार्मर



**खलारी/डकरा, 4 जुलाई :** खलारी के गुलजार बाग में कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा के निर्देशन व सक्रिय प्रयासों से शुक्रवार को नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। ट्रांसफार्मर लगने से गांव में बिजली आपूर्ति पुनः सुचारू रूप से शुरू हो गई है। पिछले कई दिनों से ट्रांसफार्मर जलने और बिजली कटौती के कारण ग्रामीणों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था, लेकिन विधायक को समस्या की जानकारी मिलते ही तत्काल कार्रवाई करते हुए नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया। ट्रांसफार्मर लगने के क्रम में मौके पर उपस्थित विधायक के प्रतिनिधि विक्की सिंह, जावेद अंसारी, राजेश गोप, इकबाल खान, जुगेशर राम तथा अन्य ग्रामीणों ने बताया कि विधायक सुरेश बैठा का यह प्रयास गांव के विकास और जनकल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ग्रामीणों ने विधायक के इस प्रयास के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि इससे उनके दैनिक जीवन में सुविधा होगी तथा एवं अन्य कार्यों में भी सहूलियत मिलेगी।

# नगड़ी प्रखंड कांग्रेस कमिटी का संगठन सृजन अभियान के तहत बैठक आयोजित

देशप्राण संवाददाता



**पिस्का नगड़ी, 4 जुलाई :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार शुक्रवार को टिकरा टोली (नगड़ी) में नगड़ी प्रखंड कांग्रेस कमिटी द्वारा संगठन सृजन अभियान के तहत बैठक की गई। बैठक के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष सह रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के प्रभारी शाहजादा अनवर, विशिष्ट अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव अजय नाथ शाहदेव थे। उन्होंने संगठन सृजन और सशक्तिकरण पर अपनी बातों को रखा और कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया साथ ही प्रखंड के नव नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। बैठक में संगठन सृजन अभियान-2025 पर चर्चा और संगठन की भावी रणनीतियों पर चर्चा की गई। बैठक में कार्यकर्ताओ को प्रशिक्षण भी दिया गया, जिसके तहत संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करना और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा कार्यकताओं तक पहुंचाना था। साथ ही प्रखंड के नव नियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर उन्हें संगठनात्मक जिम्मेदारी सौंपी गई। मंच संचालन साहबीर लोहरा ने किया। बैठक में रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ. राकेश किरण महतो, बेलस तिर्की, निलेश जी, सुनील उरांव, राम बरन महतो, फिरोज आलम, शाहिद अहमद, ऊषा देवी, अख्तर अंसारी, संजय सरैया, अर्चना देवी, रायमुनी किस्पोट्टा, नीलम तिग्गा, जतरी देवी, निरुपमा, लक्ष्मी देवी, शैली हेरेंज, मकसूद अंसारी, महावीर नायक, रोशन कुजूर, एनामुल अंसारी, गुलशन टोप्पो, स्टीफन, मास्टर शाहिद सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# दो दिवसीय सुब्रतो कप लिटिल चैंप फुटबॉल का शानदार समापन

देशप्राण संवाददाता




**अड़की, 4 जुलाई :** शुक्रवार को अड़की प्रखंड के प्रोजेक्ट बालिका हाई स्कूल मैदान में आयोजित प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप एवं लिटिल चैंप फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन किया गया। दो दिनों तक चले प्रतियोगिता के पहले दिन गुरुवार को अंडर 17 एवं अंडर 15 आयु वर्ग के प्रखंड के विभिन्न स्कूलों से आए बालक बालिकाओं की टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें अंडर 17 बालक वर्ग के फाइनल में राजकीय मध्य सह उच्च विद्यालय कोटा की टीम ने राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय हुंट को हराकर विजेता बना। जबकि बालिका वर्ग में प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल की टीम ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय को हराकर विजेता बनी। वहीं गुरुवार को लिटिल चैंप फुटबॉल प्रतियोगिता के अंडर 12 बालक वर्ग के फाइनल में राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय हूंट की टीम विजेता बनी। उसने फाइनल में राजकीय मध्य विद्यालय गम्हरिया को हराया। जबकि बालिका वर्ग में उत्क्रमित उच्च विद्यालय सिंदरी ने मध्य विद्यालय कुंजीअंबा को हराकर चैंपियन बना। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी गणेश महतो के द्वारा जबकि पुरस्कार वितरण बीईईओ धीरेंद्र कुमार के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता की सफल आयोजन में राज किशोर महतो, विपुल हालदार, मुकेश कुमार जायसवाल, खेल शिक्षक संजय कुमार यादव स्टेला टोप्पो शिक्षक अंतु लोहरा, नवल किशोर गंझू, रामचरण महतो, अर्जुन पांडे, सुचिता होरो, हरेंद्र शर्मा ,समीर लकड़ा ,सुखसाय सहित अन्य शिक्षकों की अहम भूमिका रही।

# हिंडाल्को सीएसआर विभाग ने 'विकास भवन' का किया उद्घाटन



**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत शुक्रवार के दिन हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड मुरी द्वारा सीएसआर मद अंतर्गत बांसारुली पंचायत के मोदीडीह गांव में विकास भवन का जीर्णोद्धार कार्य का उद्घाटन हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड के बिजनेस प्रमुख सौरभ खेडेकर के द्वारा बांसारुली पंचायत के मुखिया लाल राम उरांव की उपस्थिति में किया गया।कार्यक्रम में हजारों की संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए खेडेकर ने कहा, ह्ययह विकास भवन विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का केंद्र बनेगा, जिससे गाँव के युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मदद मिलेगी। हिंडाल्को कंपनी गाँव के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर खेडेकर ने गाँव में चल रहे बांस आधारित परियोजना का निरीक्षण भी किया और स्थानीय लोगों को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में कंपनी की प्रतिबद्धता को दोहराया। इस कार्यक्रम में हिंडाल्को के मुख्य निर्माण अधिकारी (सीएमओ) एन. एन. रॉय, क्लस्टर एच आर हेड शिशिर मिश्रा, प्लांट हेड संदीप पाटिल,एच आर हेड अरुण राय सहित कंपनी के कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर उपस्थित थे। पंचायत के मुखिया लालू राम उरांव ने हिंडाल्को कंपनी का आभार प्रकट करते हुए कहा, ह्लकंपनी द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों से ग्रामीणों को सीधा लाभ मिल रहा है और गाँव में विकास की एक नई दिशा दिख रही है। विकास भवन का उद्घाटन ग्रामीण सशक्तिकरण और सतत विकास की दिशा में हिंडाल्को की प्रतिबद्धता का एक और उदाहरण है।

### दो दिवसीय 64वां सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ ताराचंद द्वारा शुक्रवार को दो दिवसीय 64वां सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता-2025 का शुभारंभ समाहरणालय मैदान में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त द्वारा दीप प्रज्वलित करने के पश्चात मैदान में दोनों टीमों किस्को और लोहरदगा के अंडर-17 बालक वर्ग के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया। साथ ही मैच का टॉस उपायुक्त द्वारा कराया गया और मैच की विधिवत शुरूआत की गई। उपायुक्त ने इस अवसर पर कहा कि लोहरदगा जिला में फुटबॉल खेल के प्रति अलग ही लेवल का जुनून है। यहां लगभग प्रत्येक गांव के युवा फुटबॉल खेलते हैं। जिला प्रशासन द्वारा जिला के विभिन्न पंचायतों में पोटो हो खेल विकास योजना अंतर्गत खेल मैदान का निर्माण कराया गया है ।

# एसीसी हाई स्कूल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी हुए सम्मानित

देशप्राण संवाददाता



**खलारी/डकरा, 4 जुलाई :** झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा आयोजित 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले एसीसी उच्च विद्यालय खलारी के मेधावी विद्यार्थियों को विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह आयोजित कर शुक्रवार को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक एसएन तिवारी ने विद्यालय के अध्यक्ष संजय रुंगटा, प्रशासक जामवंत सिंह, सम्मानित किए जाने वाले विद्यार्थियों के माता-पिता एवं अतिथियों का अभिवादन एवं स्वागत किया। इसके बाद समारोह में दशम वर्ग की छात्राओं के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। मौके पर अध्यक्ष महोदय ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। उन्होंने सभी को बधाई दी और भविष्य में कड़ी मेहनत करने का संदेश दिया। वहीं दसवीं की परीक्षा में ब्लॉक टॉपर रहे सतीश कुमार चौहान, 12वीं की वाणिज्य परीक्षा में ब्लॉक टॉपर रहे नेहा कुमारी को सम्मानित किया गया। इनके अलावा दसवीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों में शिफा परवीन, नैंसी कुमारी, माही कुमारी गुप्ता, प्रीति कुसुम गंझू, अनम अल्बिया को सम्मानित किया गया। 12वीं की परीक्षा में विज्ञान संकाय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों में आराध्या कुमारी, शबनम फलक, पंकज कुमार, श्रीनाथ गंझू को, कला संकाय में मुस्कान परवीन, अनम अली एवं मीना कुमारी को, वाणिज्य संकाय में किरण कुमारी एवं अनीस इब्राहिम को सम्मानित किया गया। मौके पर प्रधानाध्यापक एस एन तिवारी एवं रवि गिरी, उप प्रधानाध्यापिका अर्चना उपाध्याय, समस्त शिक्षकगण एवं वर्तमान के 10वीं एवं 12वीं के सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

### महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष जेकेएलएम का धरना पांचवें दिन भी जारी

**पिपरवार :** पिपरवार-कोयलांचल क्षेत्र के बचरा साइडिंग में कार्यरत असंगठित मजदूरों के हक अधिकार की मांग को लेकर पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष जेकेएलएम का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन लगातार पाचवें दिन भी जारी रहा। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कांके विधानसभा जेकएलकेएम प्रत्याशी फुलेश्वर बैठा ने कहा कि यदि जल्द ही प्रबंधन के द्वारा हमारी मांग को लेकर पहल नहीं की जाती है, तो पार्टी के बैनर तले आंदोलन को तेज किया जाएगा। जेएलकेएम मजदूरों के विभिन्न मांगो को लेकर अनिश्चित कालीन धरना आज पाँचवा दिन है। पिपरवार प्रबंधन को मजदूरों के हितों की तनिक भी चिंता नही है। हमारे साथी न कभी झुका है औरत न झुकेगा।

# विधायक ने 6 करोड़ की 20 विकास योजनाओं का किया शिलान्यास

देशप्राण संवाददाता



**बुंडू, 4 जुलाई :** तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा ने नगर पंचायत क्षेत्र में 20 विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। इनमें लगभग 3.5 करोड़ की लागत से बनने वाली 19 योजनाएं और अमनबुरु स्थित अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय छात्रावास निर्माण के लिए ढाई करोड़ रुपये की योजना शामिल है। कुल योजनाओं की लागत लगभग 6 करोड़ रुपये है। मुख्य कार्यक्रम बुंडू के भाकुवाडीह और अन्य स्थानों पर आयोजित हुआ, जहां नारियल फोड़कर विधिवत शिलान्यास किया गया। योजनाओं में शहरी आवास, पार्क एवं ग्रीन स्पेस का निर्माण, महिला समूहों को ऋण, जलापूर्ति, स्वच्छता, नाली निर्माण और बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने की परियोजनाएं शामिल हैं। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि बहुत जल्द नगर पंचायत क्षेत्र में स्टेडियम का भी निर्माण कराया जाएगा। राज्य सरकार हर वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना चाहती है। वहीं नगर प्रशासन की ओर से कहा गया कि इन योजनाओं से बुंडू की तस्वीर बदलेगी और इसे स्वच्छ, सुंदर एवं संपन्न बनाने का लक्ष्य है। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि हर्षवर्धन शर्मा, सांसद प्रतिनिधि बबलू कुंडू, मोनू जायसवाल, राहुल लेहरी, प्रदीप मुंडा, बसु सेठ सहित नगर पंचायत के कर्मचारी और बड़ी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### जिले में जंगली हाथियों का आतंक, एक को कुचलकर मार डाला

**हजारीबाग:** हजारीबाग मे जंगली हाथियों का आतंक जारी है। आए दिन किसी ने किसी प्रखंड में जंगली हाथियों का झुंड धावा बोल दे रहा है। कहीं फसलों को नुकसान पहुंचा रहा है। तो कहीं घर को ध्वस्त कर रहा है। 24 घंटे के अंदर शहर से सटे में मूफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत बहेरी गांव निवासी में शुक्रवार को सुबह झुंड से बिछड़े हुए हाथी ने रंजीत कुमार दास पिता जमुना दास को अपने चपेट ले लिया। मृतक गुड़वा जंगल में शुक्रवार को सुबह खेती कार्य से जा रहा था। इस दौरान वह हाथी के सामने आ गया।जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। लोगों का कहना है कि लगातार जिले में हाथी आतंक मचा रहे हैं। वहीं वन विभाग की दलील है कि जब सूचना मिलती है। तब हाथियों को भगाने की पहल की जाती है। यह समस्या सिर्फ हजारीबाग मे नहीं है। झारखंड सहित पूरे देश में समस्या है। लोग जंगल काट रहे है। जिसकी वजह से हाथी घुंस रहे है।

### विभावि के दर्शनशास्त्र विभाग में कुलाधिपति व्याख्यान आज

**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग के तत्वाधान में शनिवार को अपराह्न 12:30 को चांसलर लेक्चर सीरीज के अंतर्गत एक व्याख्यान का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर सिद्धू कानू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका के दर्शनशास्त्र विभाग के प्रोफेसर रविंद्र के एस चौधरी मुख्य वक्ता होंगे। यह जानकारी देते हुए विनोबा भावे विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ अमित कुमार सिंह ने बताया की व्याख्यान का विषय 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में दर्शन, चिंतन और जीवन दर्शन' निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि इसके आयोजन में विभागीय शिक्षक डॉ यामिनी सहाय, श्री विजय कुजूर तथा विभाग के शोधार्थी केंद्रीय भूमिका में होंगे।

### मुहर्रम पर्व को लेकर किया गया फ्लैग मार्च

**बड़कागांव :** मुहर्रम पर्व को लेकर शुक्रवार को शाम में एसडीपीओ पवन कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल के जवानों ने फ्लैग मार्च किया। इस दौरान प्रशासन ने मुहर्रम की त्योहार शांति व सौहार्द वातवरण में मनाने का अपील किया। कहा कि किसी भी धर्म को शांति व सौहार्द मनाए। असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर है। शांति और सौहार्द भंग करने वाले को बक्शे नहीं जाएंगे।क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने में पुलिस की मदद करें। मौके पर एसडीपीओ पवन कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल, अंचलाधिकारी मनोज कुमार, इंस्पेक्टर अनिल कुमार ,थाना प्रभारी नेमधारी रजक के आलावा दर्जनों पुलिस के जवान मौजूद थे।

# मुहर्रम को लेकर हजारीबाग पुलिस ने किया मॉक ड्रिल

देशप्राण संवाददाता

**हजारीबाग, 4 जुलाई :** मुहर्रम त्यौहार को लेकर हजारीबाग पुलिस ने अपनी तैयारी को परखने के लिए खिरगांव चौक पर शुक्रवार को मॉक ड्रिल किया। डीसी शशि प्रकाश सिंह, एसपी अंजनी अंजन के नेतृत्व में खिरगांव चौक पर आयोजित मॉक ड्रिल मे जुलूस के दौरान हुड़दंग करने वाले और हंगामा करने वाले लोगों से कैसे निपटा जाएगा। इसको लेकर अभ्यास किया गया। भीड़भाड़ के दौरान किसी अप्रिय स्थिति पर कैसे काबू पाया जाए। इसके तरीके आजमाए गए। मॉक ड्रिल के माध्यम से एसपी अंजनी अंजन ने यह जता दिया कि वह शांतिपूर्ण तरीके से मुहर्रम को संपन्न कराने को लेकर तैयार है।




मॉक ड्रिल के दौरान दंगा - फसाद की काल्पनिक स्थिति पैदा की गई। इस दौरान पुलिस ने नकली उपद्रवियों पर लाठी बरसाए और आंसू गैस के गोले छोड़ें। उपद्रवी की भूमिका में भी पुलिसकर्मी ही थे और इसे नियंत्रित करने वाली भी पुलिसकर्मी ही। उपद्रवी तत्वों से निपटने पत्थरबाजी से लेकर अश्रु गैस छोड़ने, हवाई फायरिंग, पानी की बौछार करने, लाठी चार्ज से लेकर रबड़ की गोली चलाने के तरीके आजमाए गए। पुलिस को भीड़ में गिरफ्तार करने की कार्यवाही के तरीके की जानकारी दी गई। पुलिस के जवानों को बताया गया कि किसी घायल को कैसे तुरंत अस्पताल पहुंचाना है। एंबुलेंस को भीड़ से कैसे निकालना है। इसकी भी जानकारी दी गई।

### एनटीपीसी बादम कोल ब्लॉक के अधिकारियों से हुई ग्रामीणों की वार्ता

**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत एनटीपीसी बादम कोल ब्लॉक एवं एमडीओ बीजीआर कंपनी के अधिकारियों और अंबाजीत गांव के ग्रामीणों के बीच बैठक हुई ग्रामीणों ने एनटीपीसी और बीजीआर कंपनी के अधिकारियों के समक्ष बारी-बारी से अपने विचार रखें ग्रामीणों ने सर्वप्रथम विस्थापित प्रभावित क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य ,सड़क और बिजली दुरुस्त करने की मांग रखी इन मांगों पर कंपनी के अधिकारियों ने अस्वस्थ करते हुए जल्द ही विस्थापित प्रभावित क्षेत्र में शिक्षा ,स्वास्थ्य ,सड़क और बिजली दुरुस्त करने की बात कही ग्रामीणों ने आगे बताया कि हम ग्रामीण बहुत पहले से चाह रहे थे कि एनटीपीसी के अधिकारी हम ग्रामीणों के बीच वार्ता करने आए वहीं एनटीपीसी के अधिकारियों ने कहा कि अब चरणबद्ध तरीके से बादम कोल ब्लॉक के विस्थापित प्रभावित हर एक गांव में ग्रामीणों से वार्ता करके ही आगे का कार्य करेंगे।

## सिद्धार्थ इंटरनेशनल एकेडमी में नेत्र जांच शिविर आयोजित




देशप्राण संवाददाता

**गोला :** गोला प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार को पुरबडीह स्थित सिद्धार्थ इंटरनेशनल एकडेमी में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। विशेषज्ञ नेत्र चिकित्सक डॉ. अभिषेक पांडेय एवं डॉ. हेमंत उपाध्याय द्वारा विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं स्थानीय नागरिकों की आंखों की जांच की गई। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या दीपा सिन्हा, उप-प्रधानाचार्य शैलेन्द्र कुमार, समन्वयक इंद्रजीत कुमार महतो तथा अन्य शिक्षकगण उपस्थित थे। शिविर का उद्देश्य नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं समय पर नेत्र रोगों की पहचान कर उचित परामर्श प्रदान करना था। उपस्थित विशेषज्ञों ने आवश्यकतानुसार परामर्श एवं उपचार संबंधी जानकारी भी दी। विद्यालय परिवार ने संध्या आई केयर एवं चिकित्सकों के इस जनकल्याणकारी प्रयास के लिए आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन की आशा जताई।

## मुहर्रम को लेकर प्रशासन सतर्क, ड्रोन कैमरों से हो रही निगरानी

देशप्राण संवाददाता

**हजारीबाग, 4 जुलाई :** मुहर्रम पर्व के मद्देनजर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। शांति व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के उद्देश्य से कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। बड़ा बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत ताजिया जुलूस मार्ग एवं आसपास के संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन कैमरों के माध्यम से निगरानी की जा रही है। प्रशासन द्वारा ड्रोन कैमरों की सहायता से घरों की छतों की बारीकी से जांच की जा रही है। यदि किसी भी भवन की छत पर निर्माण सामग्री, ईंट, पत्थर, लकड़ी या अन्य कोई वस्तु पाई जाती है, तो भवन मालिक को जुलूस से पहले इसे हटाने का आदेश दिया जा रहा है। तय समय-सीमा के भीतर सामग्री न हटाने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध



दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी बिट्टू रजक स्वयं सुरक्षा व्यवस्था की मॉनिटरिंग कर रहे हैं और सुरक्षा बलों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे हैं। ड्रोन कैमरों के माध्यम से हर गतिविधि पर बारीकी से नजर रखी जा रही है ताकि किसी भी प्रकार की संदिग्ध या अवांछनीय गतिविधि को समय रहते रोका जा सके। मुहर्रम के दौरान शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। सभी संवेदनशील स्थानों पर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी लगातार गश्त कर रहे हैं। जुलूस मार्गों पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन आम नागरिकों से अपील करता है की वे प्रशासन का सहयोग करें, किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और शांति व्यवस्था बनाए रखने में अपनी जिम्मेदारी निभाएं। यदि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

## हाथी के हमले ने छीना बेटा, मुन्ना सिंह ने थामा परिजनों का हाथ

देशप्राण संवाददाता

**हजारीबाग, 4 जुलाई :** हजारीबाग ज़िले के बहेरी पंचायत अंतर्गत हरिजन टोला निवासी रंजीत कुमार दास की असमय मृत्यु ने पूरे इलाके को शोक और पीड़ा में डुबो दिया है। शुक्रवार की सुबह जब रंजीत शौच के लिए गुड़वा जंगल गया था, तभी जंगली हाथी के अचानक हमले में उसकी मृत्यु हो गई। यह हृदयविदारक घटना न केवल एक परिवार को उजाड़ गई, बल्कि पूरे समाज को मानव और वन्यजीव के बीच बढ़ते संघर्ष की भयावहता का एहसास भी करा गई। घटना की सूचना मिलते ही कांग्रेस पार्टी के सदर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी और नगर निगम प्रभारी मुन्ना सिंह मौके पर पहुँचे। जहां उन्होंने पूरे घटनास्थल का गहन निरीक्षण किया और मृतक के



परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की। मौके पर बहेरी पंचायत के मुखिया पप्पू यादव और सखियां पंचायत के मुखिया इम्तियाज आलम भी मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों ने एक स्वर में पीड़ित परिवार को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। मुन्ना सिंह ने वन विभाग और मुफ्फसिल थाना को त्वरित रूप से सूचित कर राहत और बचाव कार्यों को गति देने का आग्रह किया। उन्होंने शव को सदर अस्पताल भिजवाकर पोस्टमार्टम की तत्काल व्यवस्था कराई और अधिकारियों से बात कर 50,000 की तात्कालिक मुआवजा राशि पीड़ित परिवार को उपलब्ध कराई। उन्होंने स्पष्ट किया कि शेष मुआवजा राशि भी जल्द से जल्द परिवार को दी जाएगी। मौके पर पत्रकारों से बातचीत में मुन्ना सिंह जी ने कहा कि यह केवल एक प्राकृतिक दुर्घटना नहीं है, बल्कि एक प्रशासनिक और पारिस्थितिकीय चेतावनी भी है।

## रोटरी हजारीबाग जागृति के नये अध्यक्ष बने सुरेश प्रसाद

**हजारीबाग :** रोटरी हजारीबाग जागृति का छठा स्थापना दिवस एवं वार्षिक निरीक्षण, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर बिहार एव झारखण्ड के सुश्री नम्रता के उपस्थिति में होटल फ्लोरिष्ठा में हुई। इस कायकर्म में नये अध्यक्ष के रूप में रोटेरियन सुरेश प्रसाद को पद और गोपनीयता का शपथ डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के द्वारा दिलाया गया । रोटरी क्लब हजारीबाग जागृति के, स्थापना दिवस कार्यकर्म में पिछले सत्र के अध्यक्ष रोटेरियन मंदिरा गुप्ता एवं सचिव सरोज कुमार ने पिछले वर्ष में रोटरी हजारीबाग जागृति में किये गये कार्यों की जानकारी दिया । रोटरी हजारीबाग जागृति परिवार में, शहर के छः प्रतिष्ठित नये सदस्यः मनीष अरविन्द, डा० सुबोध कुमार सिन्हा, मिथिलेश कुमार सिन्हा, जितेन्द्र सोनी, कमला देवी एवं लवली वर्मा शामिल हुयें हैं। इस कार्यकर्म में रोटरी के असिस्टेंट गवर्नर नवीन सिन्हा, रोटरी कोडरमा एवं रोटरी नवादा से सात रोटेरियन; हजारीबाग के लायंस क्लब, भारत विकाश परिषद्, बंगाली एसोसिएशन, इनर व्हील हजारीबाग एवं इनर व्हील युवा के सदस्य शामिल हुऐ। रोटरी क्लब हजारीबाग जागृति के द्वारा मासीपीठी में चलाये जा रहे; तीन परमानेंट प्रोजेक्ट, रोहिणी देवी रोटरी नेत्रालय, रोटरी सहेली महिला प्रशिक्षण केंद्र एवं रोटरी शांति वन का डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने निरीक्षण किया एवं वृक्ष लगाया रोटरी हजारीबाग परिवार ने पिछले दस वर्षों में, संत इलाजेबेथ प्रथिमिक विद्यालय, रविन्द्र पथ हजारीबाग के उत्थान के लिए अनेक कार्य किये हैं स्कूल निरीक्षण के दौरान बच्चों ने डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के स्वागत में कई कार्यकर्म किये एवं रोटरी उद्यान में उन्होंने आम का पेड़ लगाया ।

## खबर कोना

### मुहर्रम पर्व को लेकर अनुमंडल क्षेत्र में शांति एवं विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए निषेधाज्ञा जारी

**हजारीबाग :** उपायुक्त हजारीबाग एवं पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग के संयुक्त आदेशानुसार अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर, हजारीबाग द्वारा मुहर्रम-2025 के अवसर पर शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के अंतर्गत निषेधाज्ञा आदेश जारी किया गया है। यह आदेश 4 जुलाई 2025 से 8 जुलाई 2025 की रात्रि 10 बजे तक प्रभावी रहेगा। निषेधाज्ञा आदेश के मुख्य बिंदु इस प्रकार हैं जिला दंडाधिकारी से अनुमति के उपरांत ही धार्मिक जुलूस निकाला जाएगा। पूर्व से रिकॉर्ड किए गए संगीत/डीजे बजाना निषिद्ध रहेगा। सभी धार्मिक स्थलों (मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर, गुरुद्वारा आदि) में किसी प्रकार की धार्मिक कार्यक्रम, सभा, गोष्ठी, जलसा आदि का आयोजन निषेध रहेगा। रात्रि 10 बजे के बाद कोई भी धार्मिक जुलूस नहीं निकाला जाएगा। मुहर्रम पर्व के अवसर पर व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक आदि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भड़काऊ भाषण/शब्द/मैसेज/ऑडियो/वीडियो आदि प्रसारित करना वर्जित रहेगा। उल्लंघन की स्थिति में संबंधित व्यक्ति/एडमिन पर सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। किसी भी प्रकार का अफवाह फैलने पर उस स्थान पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी/पुलिस पदाधिकारी पूरी कर्मठता एवं विवेक से उसे निपटने हेतु द्रुतगामी उपलब्ध स्थान से वरीय पदाधिकारी को सूचित करेंगे। यह निषेधाज्ञा प्रतिनियुक्त पुलिस बल, सरकारी कर्मियों, शाही विवाह, शव यात्रा आदि पर लागू नहीं होगी। निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश सदर, अनुमंडल क्षेत्र में शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से लागू किया गया है। सभी नागरिकों से सहयोग की अपील की जाती है ताकि मुहर्रम पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।

### नव प्रोन्नत पुलिस उपाधीक्षक के लिए पीपींग सेरेमनी

**हजारीबाग :** झारखण्ड पुलिस अकादमी हजारीबाग में पुलिस निरीक्षक से पुलिस उपाधीक्षक के पद पर प्रोन्नत महिला पुलिस उपाधीक्षक विजेता का पीपींग सेरेमनी का आयोजन किया गया। पीपींग सेरेमनी में झारखंड पुलिस अकादमी के निदेशक अखिलेश कुमार झा, एवं वरीय उप निदेशक अंजनी कुमार झा, वरीय ने नवप्रोन्नत पुलिस उपाधीक्षक विजयेता को पदचिन्ह धारण कराया।इस अवसर पर रोशन गुड़िया, उप-निदेशक, संजय कुमार, सहायक निदेशक (वाह्य), विजय रंजन कुमार, सहायक निदेशक (अंतः) एवं विकाश कुमार सिंह परिचारी प्रवर, झारखण्ड पुलिस अकादमी, हजारीबाग उपस्थित थे। मोके पर संस्थान के निदेशक ने नवप्रोन्नत पुलिस उपाधीक्षक विजयेता को प्रोन्नति पर हार्दिक बधाई दी एवं इनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### खिलाड़ियों ने खो-खो खेलकूद में सदर प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम विजेता बनकर लहराया परचम

**हजारीबाग :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुम्हार टोली हजारीबाग के खो-खो टीम के खिलाड़ियों ने सदर प्रखंड स्तरीय अंडर 18 वर्ग में के प्रतियोगिता में शिरकत करते हुए प्रथम पुरस्कार जीत कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय की वंदना सभा में विद्यालय के प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू ने विजेता प्रतिभागियों को पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मालूम हो कि सभी विजेता प्रतिभागी आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शिरकत करेंगे ' खो खो प्रतियोगिता प्रतियोगिता में विद्यालय के खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन कृष्ण से पूरे विद्यालय में हर्ष का वातावरण है।

### केन्द्रीय कारा हजारीबाग के बंदी की एम्स, नई दिल्ली में मृत्यु

**हजारीबाग :** लोकनायक जयप्रकाश नारायण केन्द्रीय कारा, हजारीबाग में संसीमित बंदी दीनानाथ सिंह, पिता- बासुदेव सिंह, ग्राम- मशरख, थाना- मशरख, जिला- सारण (छपरा) को सत्र वाद संख्या-418/1997, थाना- गर्दनीबाग (सचिवालय) कांड संख्या-339/1995, जी.आर. संख्या- 2395/1995, धारा- 302, 307, 324, 34, 120(बी) भारतीय दंड संहिता एवं विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 3/4/5 के अंतर्गत दोषी पाते हुए माननीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश-9, हजारीबाग द्वारा दिनांक 23.05.2017 को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। यह बंदी दिनांक 24.10.2018 से इस केन्द्रीय कारा में संसीमित था। दिनांक 06.05.2025 को रिम्स, रांची में गठित राज्य स्तरीय चिकित्सा बोर्ड द्वारा की गई अनुशंसा के आलोक में, बंदी को क्रोनिक लिम्फोसाइटिक ल्यूकेमिया, मधुमेह प्रकार-2, उच्च रक्तचाप तथा अज्ञात कारणों से उत्पन्न ज्वर जैसी गंभीर बीमारियों की बेहतर जांच एवं उपचार हेतु पुलिस निगरानी में दिनांक 27.05.2025 को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली भेजा गया था, जहाँ उसका उपचार चल रहा था। उक्त बंदी की मृत्यु उपचार के दौरान दिनांक 3 जुलाई को प्रातः 01:20 बजे अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली में हो गई।

### प्रसव के बाद प्रसूता की मौत पर परिजनों ने की तोड़फोड़

**चौपारण :** चौपारण प्रखण्ड के उपस्वास्थ्य केंद्र चयकला से सेवानिवृत्त एएनएम अरुणा सिन्हा के आवास में बेलाही पंचायत की एक गर्भवती महिला का प्रसव के सात आठ घण्टे के बाद प्रसूता की मौत के बाद परिजनों द्वारा एएनएम के आवास पर जमकर तोड़फोड़ की गई। मिली जानकारी के अनुसार बेलाही पंचायत के ग्राम बेलाही के नागेश्वर ठाकुर अपनी छोटी बहू बबिता देवी पति पंकज ठाकुर उम्र लगभग 25 वर्ष के प्रसव के लिए गुरुवार को सुबह सेवानिवृत्त एएनएम अरुणा सिन्हा के आवास पर लेकर गए थे। इस क्रम में दोपहर में प्रसूता ने एक बच्चे को जन्म दी। बच्चे के जन्म के बाद महिला की स्थिति बिगड़ने लगी। जिसके बाद सेवानिवृत्त एएनएम द्वारा प्रसूता को हजारीबाग रेफर कर दिया गया, परिजनों द्वारा रेफर के काफी देर बाद प्रसूता को चौपारण के एक निजी अस्पताल में लाया गया। जहां से उसे हजारीबाग ले जाने को कहा गया। उसके बाद प्रसूता को आयोग्यम अस्पताल ले जाया गया। उसके बाद परिजन सदर अस्पताल ले गए।

## विष्णुगढ़ प्रखंड के अचलजामु से 65 तीर्थयात्रियों का दूसरा जत्था रवाना

देशप्राण संवाददाता

**हजारीबाग, 4 जुलाई :** लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल द्वारा शुरू किए गए महत्वाकांक्षी ₹सांसद तीर्थ दर्शन₹ महाअभियान के तहत तीर्थयात्रियों का दूसरा जत्था शुक्रवार को मांडू विधानसभा क्षेत्र के विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत अचलजामु गांव से धूमधाम से रवाना हुआ। अचलजामु स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण से शुरू हुई इस यात्रा को सांसद मनीष जायसवाल के पुत्र करण जायसवाल और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के



सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, मांडू विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि द्वारिका सिंह खोखा सिंह, मांडू विधानसभा क्षेत्र के सह- सांसद प्रतिनिधि पुरुषोत्तम पांडेय, मांडू विधानसभा क्षेत्र की मीडिया प्रतिनिधि रीमा कुमारी, भाजपा नेता जुगनू सिंह सहित अन्य व्यक्तियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस यात्रा को लेकर तीर्थयात्रियों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। भक्तिभाव में लीन सभी यात्रियों ने सांसद मनीष जायसवाल के इस अनूठे प्रयास की तहे दिल से सराहना की और आभार व्यक्त किया। इससे पूर्व यहां पहुंचे सांसद पुत्र करण जायसवाल सहित अन्य अतिथियों का स्थानीय भाजपा कार्यकताओं ने अंग- वस्त्र भेंटकर स्वागत किया। सांसद सेवा कार्यालय की ओर से यात्रा में जाने वाले सभी तीर्थ यात्रों को अल्पाहार के साथ एक कपड़े के थैले में फल, पानी बोतल उपलब्ध कराया गया तथा सभी को अंग- वस्त्र भेंटकर सम्मान भी किया गया ।

दूसरे जत्थे में अचलजामु पंचायत के कुल 65 तीर्थयात्री शामिल हुए, जिनमें 60 तीर्थयात्री और 5 स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता हैं। ये सभी श्रद्धालु उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध तीर्थ स्थलों वाराणसी, प्रयागराज (संगम), अयोध्या और विंध्याचल के दर्शन के लिए प्रस्थान किए हैं।

## विकास योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का लक्ष्य रखें: सांसद कालीचरण सिंह

देशप्राण संवाददाता

**चतरा, 4 जुलाई :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में शुक्रवार को चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त कीर्तिश्री जी, पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल, विधायकगण झ चतरा विधायक जनार्दन पासवान,सिमरिया विधायक कुमार उज्ज्वल, बड़कागांव विधायक रौशन लाल चौधरी, सांसद प्रतिनिधि रविन्द्र सिंह (हजारीबाग लोकसभा),चतरा वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीणा एवं दक्षिणी मुकेश कुमार, उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अनुमंडल




पदाधिकारीगण चतरा जहूर आलम एवं अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शकील अहमद, सभी प्रखंड प्रमुख, दिशा के सदस्यगण एवं संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।आयोजित बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं यथा प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, मनरेगा, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, बिजली, सड़क निर्माण, पीएम स्वनिधि योजना आदि की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।इसके साथ ही गत 31 अगस्त 2024 को आयोजित दिशा की बैठक में उठाए गए बिंदुओं जैसेः सांसद आदर्श ग्राम योजना, जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं पुल निर्माण कार्य, पेयजलापूर्ति से संबंधित, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मातृत्व वंदना योजना आदि के क्रियान्वयन की बिंदुवार समीक्षा की गई और अनुपालन की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में वृद्धा पेंशन से संबंधित समस्या पर चर्चा करते हुए कहा गया कि उम्र अधिक होने के कारण लाभुकों की बायोमैट्रिक सत्यापन में कठिनाई हो रही है, जिससे राशि की निकासी बाधित हो रही है।

सामाजिक सुरक्षा विभाग को निर्देशित किया गया कि इस समस्या का समाधान सुनिश्चित करें। हेरुआ नदी पर स्थित पुराने पुल की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा गया कि उस पर भारी वाहनों का लगातार आवागमन हो रहा है, जिससे दुर्घटना की संभावना बनी हुई है। संबंधित विभाग को पुल निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराकर कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।

# आतंकवाद पर विश्व मौन

चीन के किंगदाओ में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की रक्षा मंत्रियों की बैठक इस बार भारत की आक्रामक और स्पष्ट कूटनीतिक रणनीति की स्पष्ट साक्षी बनी। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने संयुक्त घोषणापत्र पर हस्ताक्षर करने से जब यह कहते हुए इनकार कर दिया कि उसमें आतंकवाद जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे को नजरअंदाज कर दिया गया है तो यह भारत का केवल एक औपचारिक विरोध नहीं, बल्कि भारत की सुरक्षा प्राथमिकताओं और कूटनीतिक दृढ़ता का स्पष्ट संकेत था। इस विरोध के जरिये उन्होंने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया कि भारत अब केवल प्रतीकात्मक भाषणों और कूटनीतिक शिष्टाचारों से आगे बढ़ चुका है। भारत का संदेश दृढ़ है कि आतंकवाद को सामान्य नहीं माना जा सकता।

भारत के इस फैसले को चीन और पाकिस्तान के लिए बड़ा कूटनीतिक झटका माना जा रहा है। भारत का यह कदम एससीओ जैसे बहुपक्षीय मंचों पर दोहरे मापदंडों के खिलाफ खासकर उन देशों के लिए एक चेतावनी है, जो आतंकवाद को अपने रणनीतिक हितों के लिए एक औजार के रूप में इस्तेमाल करते हैं। भारत ने साफ कर दिया कि आतंकवाद के प्रति ह्यजीरो टॉलरेंसह्न की नीति केवल शब्दों तक सीमित नहीं है बल्कि उसके व्यवहार में भी प्रतिबिंबित होती है। भारत का यह कदम पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अलग-थलग करने की रणनीति का हिस्सा तो है ही, चीन को भी यह स्पष्ट संदेश है कि भारत अपने सुरक्षा हितों के साथ कोई समझौता नहीं करेगा।

एससीओ की बैठक में राजनाथ सिंह की टिप्पणी, 'आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा है' और 'जो देश आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं या उसे पनाह देते हैं, उन्हें जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए', सीधे तौर पर पाकिस्तान की ओर संकेत था, हालांकि उन्होंने उसका नाम नहीं लिया। दक्षिण एशिया पाकिस्तान की आतंकवादी गतिविधियों के कारण ही दशकों से अस्थिरता और हिंसा से जूझ रहा है और अब भारत इस खतरे को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर और मुखरता से उजागर कर रहा है। भारत की इस बार की विशेष आपत्ति पहलगाम हमले को लेकर थी। यह हमला लश्कर-ए-तैयबा की सहायक इकाई 'टीआरएफ' (द रेजिस्टेंस फ्रंट) द्वारा किया गया था, जिसमें 26 निर्दोष नागरिक मारे गए थे।

भारत ने एससीओ के मसौदा दस्तावेज में इस हमले का उल्लेख नहीं किए जाने को गंभीर चूक नहीं, बल्कि एक सोची-समझी रणनीति माना, जिसके पीछे पाकिस्तान को बचाने की कोशिश साफ दिखती है। भारत का यह रुख अचानक नहीं बना, बल्कि यह उस दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा है, जिसमें भारत हर अंतरराष्ट्रीय मंच पर आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक सहयोग की बात करता रहा है और दोहरे मानदंडों को उजागर करता रहा है। इससे पहले भी भारत ने बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) में शामिल होने से इनकार कर दिया था क्योंकि उसमें चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) को शामिल किया गया था, जो भारत की संप्रभुता का उल्लंघन करता है।

एससीओ की स्थापना 2001 में चीन, रूस, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और कजाखस्तान के साथ हुई थी। हालांकि इसकी जड़ें 'शंघाई फाइव' से जुड़ी हैं, जो 1996 में चीन, रूस तथा तीन मध्य एशियाई गणराज्यों द्वारा सीमा सुरक्षा विश्वास को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया एक समूह है। भारत और पाकिस्तान 2017 में इसके सदस्य बने। इस संगठन का उद्देश्य क्षेत्रीय सुरक्षा, आतंकवाद विरोधी अभियान, आर्थिक सहयोग और सांस्कृतिक संवाद था परंतु बीते वर्षों में यह मंच धीरे-धीरे चीन और पाकिस्तान के राजनीतिक एजेंडे का उपकरण बनता गया है। आतंकवाद जैसे गंभीर मुद्दों पर इस संगठन की चुप्पी उसकी प्रासंगिकता पर प्रश्नचिह्न लगा रही है। इस बार के संयुक्त घोषणापत्र में ब्लूचिस्तान में कथित आतंकी घटनाओं का उल्लेख तो किया गया लेकिन पहलगाम जैसे जघन्य हमले को अनदेखा किया गया।

# ग्लोबल साउथ की विरासत फिर आयेगी वापस

ओंकारेश्वर पांडेय

ऑपरेशन सिंदूर के बाद तमाम सवालों से घिरे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब घाना की धरती पर उतरे, तो उनके कदमों में 75 साल की उम्र की थकान और हार न मानने की जिद एक साथ झलक रही थी। अक्रा के हवाई अड्डे पर, हल्के नीले नेहरू जैकेट में सजे मोदी का चेहरा तनाव और सुकून के मिश्रित भाव लिये था। शायद यह नेहरू जैकेट सिर्फ एक परिधान नहीं, बल्कि उस नेहरू की याद का प्रतीक था, जिन्होंने कभी घाना की जनता को आजादी और ग्लोबल साउथ की एकजुटता का सपना दिखाया था। घाना के राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामाहा ने उनका स्वागत किया, लेकिन हवा में सवाल गूंज रहे थे। ऑपरेशन सिंदूर की आधी-अधूरी कहानी, अमेरिका की मध्यस्थता की खबरों ने भारत की स्वायत्तता को कटघरे में खड़ा किया है, और हालिया भारत-पाक तनाव में चीन की सैन्य मदद ने ग्लोबल साउथ में भारत की साख को दांव पर ला दिया है।



**घाना की सड़कों पर पारंपरिक नृत्यों की रौनक के बीच मोदी की यह यात्रा सिर्फ भारत-घाना दोस्ती की कहानी नहीं है। यह ग्लोबल साउथ में भारत की साख को पुनर्जनन करने और चीन की आक्रामकता को टक्कर देने की कोशिश है।**

क्या यह घाना, जो कभी गांधी और नेहरू की अहिंसा व साझेदारी से प्रेरित था, मोदी के नेतृत्व में भारत के ग्लोबल साउथ के सपने को नया जीवन दे पाएगा? क्या यह यात्रा, गंभीर सवालों से जूझ रही विदेश नीति को पुनर्परिभाषित करने की बजाय, एक और कूटनीतिक शो बनकर रह जाएगी?

## ऑपरेशन सिंदूर और कूटनीतिक भंवर

पिछले महीने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने सीमित सैन्य कार्रवाई की। सेना निर्णायक कदम के लिए तैयार थी, मगर आखिरी पल में राजनीतिक नेतृत्व ने कदम पीछे खींच लिए। इंडोनेशिया में तैनात नौसेना अधिकारी कैप्टन शिव कुमार ने खुलासा किया, 'हम तैयार थे, लेकिन रणनीति में स्पष्टता की कमी ने हमें रोका।' इस खुलासे ने देश में हलचल मचा दी। अमेरिका की मध्यस्थता की खबरों ने भारत की स्वायत्त कूटनीति पर सवाल उठाए। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने तंज कसा, 'मोदी सरकार की विदेश नीति अब फोटो सेशन और खोखली घोषणाओं तक सिमट गई है। नीतिगत दृढ़ता गायब है।'

पर्दे के पीछे, चीन की भूमिका ने आग में घी डाला। हालिया भारत-पाक तनाव में चीन ने पाकिस्तान को फाइटर जेट, मिसाइल, और सैटेलाइट डेटा देकर समर्थन दिया, जिसे विशेषज्ञ भारत के खिलाफ रणनीतिक चाल मानते हैं।

## घाना यात्रा : अवसर या मजबूरी?

इस तूफानी माहौल में मोदी अक्रा पहुंचे। घाना की संसद में उनका स्वागत पारंपरिक ढोल की थाप और स्थानीय गीतों ने किया। मोदी ने ट्वीट किया, 'अक्रा पहुंचना सम्मान की बात है। राष्ट्रपति महामाहा का स्वागत हमारे पुराने, भरोसेमंद रिश्तों का प्रतीक है। हम भारत-घाना संबंधों को नयी ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।'

लेकिन सवाल वही है—क्या यह यात्रा ऑपरेशन सिंदूर की चूक, अमेरिका पर निर्भरता, और चीन की बढ़ती चुनौती को पार कर भारत की साख सुधारेगी? या यह सिर्फ एक और कूटनीतिक चमक-दमक बनकर रह जाएगी?

## ऐतिहासिक बंधन और रोचक किस्से

अक्रा के बाजारों में भारतीय मसालों की खुशबू और बॉलीवुड गानों की गूंज घाना को भारत से जोड़े रखती है। यह रिश्ता कागजी कूटनीति से कहीं गहरा है– यह साझा संघर्ष और सपनों की कहानी है। 1950 के दशक में घाना के पहले राष्ट्रपति क्वामे एनक्रूमा भारत आये। गांधी की अहिंसा और नेहरू की 'ग्लोबल साउथ' की सोच ने उन्हें इतना प्रभावित किया कि उन्होंने घाना की आजादी की लड़ाई को नयी दिशा दी। 1957 में घाना के आजाद होने पर भारत ने वहां अपना पहला दूतावास खोला।

एक पुराना किस्सा है– 1960 में नेहरू की घाना यात्रा के दौरान एनक्रूमा ने उन्हें एक शानदार 'केन्टे' कपड़ा भेंट किया, जो आज अक्रा के नेशनल म्यूजियम में प्रदर्शित है। उस स्वागत में स्थानीय जनजातियों ने ढोल-नगाड़ों के साथ नृत्य किया, और नेहरू की सादगी ने सबका दिल जीत लिया।

2011 में मनमोहन सिंह की यात्रा भी कम यादगार नहीं थी। नीली पगड़ी और सादे सूट में वह घाना की संसद में बोले, 'भारत अफ्रीका का प्राकृतिक सहयोगी है। हमारा रिश्ता संसाधनों या निवेश तक सीमित नहीं, बल्कि साझा विकास और मानवीय सहयोग पर आधारित है।' उनकी बातों में गहराई थी, और स्वागत में घानाई गायकों ने पारंपरिक गीत गाये।

## आर्थिक समीकरण : प्रगति व चुनौतियां

भारत-घाना व्यापार नेहरू काल से लंबा सफर तय किया है। 2004 में यह महज 213 मिलियन डॉलर था, जो मनमोहन सिंह के कार्यकाल में 2013-14 तक 1.2 अरब डॉलर पहुंचा। मोदी सरकार में यह 2017-18 में 3.34 अरब और 2018-19 में 4.48 अरब डॉलर तक गया, लेकिन 2023-24 में 2.51 अरब तक सिमट गया। 2024-25 (अप्रैल-अक्तूबर) में शुरुआती व्यापार 3.13 अरब डॉलर रहा। भारत का व्यापार घाटा बढ़ा है, क्योंकि घाना से सोना और तेल (घाना के निर्यात का 70%) तेजी से आयात हो रहा है।

भारत ने घाना को 450 मिलियन डॉलर की लाइन ऑफ क्रेडिट (एलओसी) दी, जिससे गांवों में बिजली, आईटी पार्क, और स्वास्थ्य सुविधाएं बनीं। लेकिन चुनौती सामने खड़ी है– चीन। घाना इन्वेस्टमेंट प्रमोशन सेंटर (जीआईपीसी) के मुताबिक, भारत प्रोजेक्ट संख्या में दूसरे स्थान पर है, लेकिन निवेश राशि में चीन, स्पेन, और मिस्र से पीछे है। 1994-2024 में भारत का निवेश 1.92 अरब डॉलर रहा, जबकि चीन का इससे कहीं अधिक। 2023 में भारत का निवेश 77.93 मिलियन डॉलर था, लेकिन चीन की आर्थिक पकड़ मजबूत है।

## ग्लोबल साउथ में चीन को चुनौती?

हालिया भारत-पाक तनाव में चीन ने पाकिस्तान को फाइटर जेट, मिसाइल, और सैटेलाइट डेटा देकर समर्थन दिया, जिसे विशेषज्ञ भारत के खिलाफ रणनीतिक चाल मानते हैं। घाना की सड़कों पर पारंपरिक नृत्यों की रौनक के बीच मोदी की यह यात्रा सिर्फ भारत-घाना दोस्ती की कहानी नहीं है। यह ग्लोबल साउथ में भारत की साख को पुनर्जनन करने और चीन की आक्रामकता को टक्कर देने की कोशिश है। चीन ने अफ्रीका में 200 बिलियन डॉलर से अधिक का निवेश किया है, जबकि भारत 80 बिलियन के आसपास है। घाना में चीन की पकड़ इंफ्रास्ट्रक्चर और खनन में मजबूत है। लेकिन भारत की ताकत उसकी सॉफ्ट पावर में है– ऐतिहासिक दोस्ती, सांस्कृतिक जुड़ाव, और लोकतांत्रिक मूल्य।

मोदी की यह यात्रा आर्थिक प्रतिद्वंद्विता का नया अध्याय भी शुरू कर सकती है। घाना के तेल-गैस भंडार, समुद्री मार्गों की सुरक्षा, और ग्लोबल साउथ में नेतृत्व के लिए भारत के पास मौका है। यह भारत के लिए न सिर्फ घाना, बल्कि पूरे अफ्रीका में अपनी स्थिति मजबूत करने का अवसर है, बशर्ते यह चीन की रणनीति को संतुलित करने के लिए स्पष्ट कदम उठाए।

## सांस्कृतिक ताकत और जनमानस

अक्रा के बाजारों में भारतीय मसालों की खुशबू और अमिताभ बच्चन व शाहरुख खान की फिल्मों की गूंज घाना को भारत से जोड़े रखती है। 15,000 भारतीय समुदाय, योग, और क्रिकेट यहां भारत की सॉफ्ट पावर हैं। एक पुराना किस्सा है–1980 के दशक में 'डिस्को डांसर' ने घाना के सिनेमाघरों को फिर से जिंदा कर दिया। आज भी वहां के बुजुर्ग 'आओ, ओम शांति ओम' गुनगुनाते हैं। लेकिन चीन और यूरोपीय देशों की आक्रामक मौजूदगी ने भारत के लिए मुकाबला कठिन कर दिया। घाना की सड़कों पर बच्चों के नृत्य और पारंपरिक गीत भारत-घाना की दोस्ती की गर्मी दिखाते हैं, मगर क्या यह नीतिगत ठोस कदमों में बदलेगा?

## मोदी का इम्तिहान

घाना की संसद से लेकर अक्रा की सड़कों तक, मोदी की यह यात्रा कोई साधारण कूटनीति नहीं। यह भारत की विदेश नीति की अग्निपरीक्षा है। भारत कई मोर्चों पर जूझ रहा है। ऑपरेशन सिंदूर का अधूरा नतीजा जनता के मन में सवाल छोड़ गया है। कैप्टन शिव कुमार जैसे सैन्य अधिकारियों ने सरकार की रणनीतिक अस्पष्टता पर उंगली उठाई है। अमेरिका की मध्यस्थता की खबरों ने भारत की स्वायत्तता को कटघरे में खड़ा किया। और अब, चीन की पाकिस्तान को सैन्य मदद ने भारत को ग्लोबल साउथ में अपनी साख बचाने की चुनौती दी है।

# क्यों न हम बूंदों की खेती करें?

सचिन त्रिपाठी

क्यों न हम बूंदों की खेती करें? यह प्रश्न अब एक सुझाव नहीं, बल्कि एक निर्णायक आग्रह है। भारत, जो अपनी पहचान एक कृषि प्रधान देश के रूप में करता है, आज उस बिंदु पर खड़ा है जहां उसके खेतों में पानी की कमी, अनियमित वर्षा और सूखते जल स्रोत एक चुपचाप आती हुई आपदा का संकेत दे रहे हैं। देश की 60 प्रतिशत से अधिक खेती अब भी वर्षा पर आधारित है और जब मानसून कभी समय से न आए या कम वर्षा हो जाए तो किसान की पूरी आजीविका डगमगा जाती है। ऐसे में 'बूंदों की खेती' यानी माइक्रो इरिगेशन, विशेषतः ड्रिप और स्प्रिंकलर पद्धति केवल विकल्प नहीं, बल्कि समय की सख्त मांग बन चुकी है।

बूंदों की खेती एक ऐसी तकनीक है जिसमें पानी को सीधे पौधों की जड़ों तक बहुत धीमी गति से पहुंचाया जाता है जिससे प्रत्येक बूंद का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित होता है। यह पारंपरिक नहर या बाढ़ सिंचाई की तुलना में कई गुना अधिक कुशल पद्धति है। यह तकनीक भारत जैसे जल-अभाव वाले देश के लिए वरदान साबित हो सकती है। औसतन भारत में 1170 मिमी वार्षिक वर्षा होती है, लेकिन उसका 80 प्रतिशत हिस्सा मात्र तीन-चार महीनों में गिरता है। बाकी समय खेत सूखे रहते हैं और भूजल पर निर्भर रहते हैं, जो दिन-ब-दिन नीचे खिसक रहा है। नीति आयोग की रिपोर्ट 2023 बताती है कि 2030 तक देश की 40 प्रतिशत आबादी को पीने के पानी तक सीमित पहुंच रह जाएगी। ऐसे में कृषि को पानी का विवेकपूर्ण उपयोग सिखाना होगा।

माइक्रो इरिगेशन से पानी की 30 से 70 प्रतिशत तक बचत होती है। भारत सरकार के अनुसार यदि देश की 50 प्रतिशत खेती इस पद्धति को अपनाएं तो लगभग 65 बिलियन क्यूबिक मीटर पानी की सालाना बचत संभव है। केवल जल ही नहीं, इससे उर्वरकों और बिजली की भी बचत होती है। जब पानी सीधा जड़ तक जाता है, तो खाद भी उसी माध्यम से जड़ों में मिलाई जा सकती है जिससे 'फर्टीगेशन' के माध्यम से 30 से 40 प्रतिशत तक उर्वरक की बचत होती है। बिजली की खपत भी घटती है क्योंकि पंपों को लंबे समय तक चलाने की आवश्यकता नहीं होती। इसके अतिरिक्त खरपतवार और फंगल रोगों की आशंका कम होती है, क्योंकि खेत के सभी हिस्सों में नमी नहीं फैलती।



इस तकनीक का एक और महत्वपूर्ण पहलू है- उत्पादन में बढ़ोतरी। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के शोध बताते हैं कि ड्रिप इरिगेशन से टमाटर, मिर्च, अंगूर, केला, कपास जैसी फसलों की उपज में 20 से 90 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई है। इसका सीधा लाभ किसान की आय पर पड़ता है, जो प्रधानमंत्री की आय दोगुनी करने की परिकल्पना के अनुरूप है। बावजूद इसके, भारत में केवल 12 प्रतिशत कृषि भूमि ही माइक्रो इरिगेशन के अंतर्गत आती है। यह आंकड़ा खुद ही स्थिति की गंभीरता को दशार्ता है।

बाधाएं भी अनेक हैं। सबसे बड़ी चुनौती है इसकी प्रारंभिक लागत। एक हेक्टेयर भूमि पर ड्रिप प्रणाली लगाने में 30,000 से 70,000 रूपए तक खर्च आता है जो सीमांत और लघु किसानों के लिए संभव नहीं। सरकार 'प्रति बूंद अधिक फसल' योजना के तहत अनुदान देती है, लेकिन यह प्रक्रिया जटिल, कागजी और भेदभावपूर्ण मानी जाती है। वहीं, बहुत से किसानों को इस तकनीक की सही जानकारी नहीं है। उन्हें न मरम्मत आती है, न फिल्टरिंग की समझ। स्थानीय स्तर पर तकनीकी सहयोग की भारी कमी है। इसके अलावा कई ऐसे क्षेत्र भी हैं जहां पानी का स्रोत ही नहीं है, वहां माइक्रो इरिगेशन की उपयोगिता सीमित रह जाती है। इसलिए यह आवश्यक है कि वर्षा जल संग्रहण, तालाब निर्माण, बंधा प्रणाली और चेक डैम जैसी संरचनाओं को गांवों में प्राथमिकता दी जाये ताकि माइक्रो इरिगेशन को स्थायी आधार मिल सके।

अगर भारत को जल संकट से उबारना है और कृषि को सतत बनाना है तो नीति, प्रोत्साहन और व्यवहार में एक ठोस परिवर्तन की आवश्यकता है। किसानों को सूचनाएं मोबाइल ऐप्स, रेडियो और पंचायतों के माध्यम से सरल भाषा में दी जानी चाहिए। कृषि विज्ञान केंद्रों को माइक्रो इरिगेशन पर मासिक प्रशिक्षण शिविर अनिवार्य रूप से चलाने चाहिए। इसके साथ ही फसलों के चयन में बदलाव आवश्यक है। अत्यधिक जल खपत करने वाली फसलें जैसे धान और गन्ना की जगह कम पानी में उगने वाली फसलें जैसे बाजरा, ज्वार, दालें और सब्जियों को प्रोत्साहित किया जाए। किसानों को फसल विविधीकरण की तरफ प्रेरित करना ही दीर्घकालिक समाधान है।

**बूंदों की खेती कोई नवीन विचार नहीं है। इजराइल जैसे रेगिस्तानी देशों ने अपनाकर खेती को लाभकारी और जल-संरक्षण युक्त बना दिया है। भारत के लिए यह कोई विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यक है। खेत तक सिंचाई पहुंचाने के पुराने संकल्प को अब 'हर बूंद से हर खेत तक' की नई सोच में बदलना होगा।**

बूंदों की खेती कोई नवीन विचार नहीं है बल्कि एक परख चुकी तकनीक है जिसे इजराइल जैसे रेगिस्तानी देशों ने अपनाकर खेती को लाभकारी और जल-संरक्षण युक्त बना दिया है। भारत के लिए यह कोई विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यक विकल्प है। हमें हर खेत तक सिंचाई पहुंचाने के पुराने संकल्प को अब 'हर बूंद से हर खेत तक' की नई सोच में बदलना होगा। जब पानी की हर बूंद को बचाया जाएगा, तभी धरती की हर नस में हरियाली बहेगी। इसलिए अब समय आ गया है कि हम केवल नारे न दें, बल्कि ठोस निर्णय लें। क्यों न हम हर खेत में बूंदों से हरियाली बो दें, ताकि भविष्य की पीढ़ियों को पानी और अन्न दोनों की कमी न हो। यही कृषि की सतत यात्रा की शुरुआत होगी- एक बूंद से।

## आत्मबोध



### ब्रह्मा की दस सृष्टियां

इस सबके बावजूद ब्रह्मा जी को लगा कि मेरी सृष्टि में वृद्धि नहीं हो रही है तो उन्होंने अपने शरीर को दो भागों में विभक्त कर दिया जिनका नाम 'का' और 'या' (काया) हुए। उन्हीं दो भागों में से एक से पुरुष तथा दूसरे से स्त्री की उत्पत्ति हुई। पुरुष का नाम मनु और स्त्री का नाम शतरूपा था। मनु और शतरूपा ने मानव संसार की शुरुआत की।

ब्रह्मा जी ने दस प्रकार की सृष्टियों की रचना की जो इस प्रकार हैं-

1. **महत्तत्व की सृष्टि :** भगवान की प्रेरणा से सन्त्वादि गुणों में विषमता होना ही इसका गुण है।
2. **अहंकार की सृष्टि :** इसमें पृथ्वी आदि पंचभूत एवं ज्ञानेन्द्रिय और कर्मेन्द्रिय की उत्पत्ति होती है।
3. **भूतसर्ग की सृष्टि :** इसमें पंचमहा भूतों को उत्पन्न करने वाला तन्मात्र वर्ग रहता है।
4. **इन्द्रियों की सृष्टि :** यह ज्ञान और क्रियाशील शक्ति से उत्पन्न होती है।
5. **सात्विक सृष्टि :** अहंकार से उत्पन्न हुए इन्द्रयािधिष्ठाता देवताओं की सृष्टि है। मन इसी सृष्टि के अंतर्गत आता है।
6. **अविद्या की सृष्टि :** इसमें तामिस्त्र, अन्धतामिस्त्र, तम, मोह, माहमोह, पांच गांठें हैं।
7. **वैकृत की सृष्टि :** यह छह प्रकार के स्थावर वृक्षों की है। इनका संचार जड़ से ऊपर की ओर होता है।
8. **तिर्यगयोनि की सृष्टि :** यह पशु पक्षियों की सृष्टि है। इनकी 28 प्रकार की योनियां मानी गयी हैं।
9. **मनुष्यों की सृष्टि :** इस सृष्टि में आहार का प्रवाह ऊपर मुंह से नीचे की ओर होता है।
10. **देवसर्ग वैकृत की सृष्टि :** इनके अतिरिक्त सनत्कुमार आदि ऋषियों का जो कौमार सर्ग है। यह प्राकृत और वैकृत दोनों है। **(समाप्त)**




साभार परफॉर्म इंडिया

सरकार बनी तो बिहार को स्कॉटलैंड बना दूंगा: तेजस्वी यादव

## लो सुनो ...

**अगर आपको मराठी नहीं आती तो आपका रवैया यह नहीं होना चाहिए कि आप मराठी नहीं बोलेंगे। अगर महाराष्ट्र में कोई मराठी का अपमान करता है, तो हम अपने कानून लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने दुकानदार की पिटाई की, उन्हें कानून अपने हाथ में नहीं लेना चाहिए था। उन्हें शिकायत दर्ज करानी चाहिए थी।**



योगेश कदम (मंत्री, महाराष्ट्र सरकार)

## कुछ खास ...

### निकिता लूथर

करण जौहर के रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स' को अपना विजेता मिल गया है। इस शो का खिताब उर्फी जावेद और निकिता लूथर ने अपने नाम किया। ट्रॉफी के साथ दोनों विजेताओं को 70 लाख 5 हजार रुपये इनाम के तौर पर मिले हैं। उर्फी और निकिता गद्दारों को बेनकाब करने और उन्हें मात देने में कामयाब हुईं। दोनों ने खुद को कई हफ्तों तक धोखेबाजी के जाल से बचाया। निकिता पेशे से एक पोकर खिलाड़ी हैं। दिल्ली की रहने वाली 34 वर्षीय निकिता ने अपनी शुरुआती पढ़ाई संस्कृति स्कूल से पूरी की है। इसके बाद उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी से ही फाइनेंस और मार्केटिंग में डिग्री हासिल की। निकिता को बचपन से ही पोकर खेलना काफी पसंद था। वह पोकर में कई अंतरराष्ट्रीय टूनामेंट्स जीत चुकी हैं। दुनियाभर में उन्होंने खूब नाम कमाया है। निकिता ने इंडियन पोकर चैंपियनशिप जीतकर पोकर खिलाड़ी के रूप में अपना पहला खिताब हासिल किया था।

## डिजिटल दुनिया



### मेटा का एआई चैटबॉट्स खुद से मैसेज भेजेगा

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में मेटा लगातार नए-नए प्रयोग कर रही है। बिजनेस इनसाइडर की रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी अपने अकस्टूडियो में बनाए गए चैटबॉट्स को इतना सक्षम बना रही है कि वे बिना किसी संकेत के भी यूजर्स को मैसेज भेज सकें। इस तकनीक को प्रोजेक्ट 'ओमनी' कहा जा रहा है और यह चैटबॉट्स को पिछली बातचीत के आधार पर फ्रेंडली तरीके से फॉलो-अप मैसेज भेजने की सुविधा देगा।

मेटा का उद्देश्य इन चैटबॉट्स के जरिए यूजर्स को ज्यादा समय तक जुड़े रखना और प्लेटफॉर्म पर उनकी भागीदारी बढ़ाना है। कंपनी को उम्मीद है कि इससे एआई टूल्स का इस्तेमाल तेजी से बढ़ेगा और व्यावसायिक फायदा भी मिलेगा।

रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 तक मेटा को अपने जनरेटिव अक उत्पादों से 2-3 अरब डॉलर (लगभग 170-260 अरब रुपये) की आय हो सकती है और लंबे समय में यह आंकड़ा लगभग 1.20 लाख अरब रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है।

नए फीचर के तहत मेटा के अकचैटबॉट्स खुद से यूजर को मैसेज भेज सकते हैं जैसे- क्या कोई नई मूवी देखी? या आज दिन कैसा रहा? हालांकि, यह सुविधा तभी सक्रिय होगी जब यूजर पहले बातचीत की शुरुआत करे।

अगर यूजर जवाब नहीं देता, तो चैटबॉट दोबारा मैसेज नहीं भेजेगा। हर मैसेज को चैटबॉट के तय किए गए व्यक्तित्व और बातचीत के लहजे के अनुरूप बनाए रखना जरूरी होगा।

मेटा ने हाल ही में यूजर्स को चेताया है कि वे अकचैट में निजी जानकारी शेयर न करें, क्योंकि कई लोग गलती से ऐसा कर रहे हैं।

पीआरजीआई/आरएनआई पंजियन संख्या : 52413/1991 (टाइटल कोड : JHAHIN00860), पोस्टल रजिस्ट्रेशन संख्या : RN/260/2020-22. अध्यक्ष व प्रधान संपादक: **बलबीर दत्त.** देश प्राण (समाचारपत्र, शीर्षक व ट्रेडमार्क) संस्थापक व स्वत्वाधिकारी **बलबीर दत्त** के लिए प्रकाशक **रोहित दत्त*** द्वारा 4/A, तारा टावर, होटल महाराजा के सामने, रेडियम रोड, कचहरी चौक, रांची - 834001 से प्रकाशित तथा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डीबी कॉर्प लिमिटेड), 535/1272, लालगुटवा, रांची से मुद्रित. फोन नंबर: 0651 2361181, 0651 2361182. ईमेल: contact@deshpran.in (*पीआरबी अधिनियम के तहत समाचारों के चयन के लिए जिम्मेवार).



पर्यावरण

इरफान ह्यूमन

# पृथ्वी कैसे सांस ले रही !

**पेड़ और जंगल वातावरण से कार्बन डाईऑक्साइड अवशोषित करते हैं और उसे अपने तने, शाखा, पत्तियों वगैरह की सामग्री के रूप में समो लेते हैं। इसलिए यह जानना बहुत जरूरी है कि धरती पर कितना जैविक पदार्थ (बायोमास) मौजूद है और समय के साथ कैसे बदल रहा है। बायोमास का मतलब है पेड़ों के तने, शाखाओं, पत्तियों और जड़ों में सारे ठोस वनस्पति पदार्थ का कुल वजन। अभी तक बायोमास का अनुमान लगाने के लिए केवल जमीनी सर्वेक्षण या साधारण उपग्रह तस्वीरों का सहारा लिया जाता था, जो सटीक नहीं था।**

पृथ्वी पर मौजूद पेड़ों और जंगलों के जैविक द्रव्यमान को मापने के लिए युरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी ने 'बायोमास' नामक एक उपग्रह लॉन्च किया है। मिशन अवधि लगभग 5 साल (2030 तक) है। यूके, फ्रांस, इटली और जर्मनी जैसे युरोप के कई देश इस मिशन में प्रमुख भागीदार हैं। इसका मुख्य उद्देश्य यह जानना है कि धरती पर कितनी मात्रा में कार्बन पेड़ों में जमा है और यह जलवायु परिवर्तन को किस तरह प्रभावित करता है।

इस उपग्रह से 1.5 ट्रिलियन पेड़ों का बायोमास मापना संभव हो सकेगा। इसका डैटा यह समझने में मदद करेगा कि कितनी मात्रा में कार्बन वातावरण से अवशोषित किया गया है, कौन से क्षेत्र कार्बन स्रोत (उत्सर्जक) और कौन से कार्बन सिंक (शोषक) हैं। उदाहरण के लिए अगर अमेजन के जंगल कट रहे हैं, तो वहां का बायोमास कम होगा और वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड बढ़ेगी। इससे हम जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों को बेहतर समझ पाएंगे। वैश्विक बायोमास डैटा हर 6 महीने में अपडेट किया जाएगा।

### यह डैटा काफी महत्वपूर्ण होगा

इसका उपयोग पेड़ों के कुल वजन और मात्रा के आकलन, संग्रहीत कार्बन भंडार के मूल्यांकन, वनों की कटाई के वास्तविक प्रभाव, जलवायु मॉडलिंग में सुधार, कार्बन सिंक के रूप में चिंहित क्षेत्रों के लिए पर्यावरण संरक्षण नीति बनाने, वैश्विक कार्बन चक्र को समझने और ग्लोबल वार्मिंग को नियंत्रित करने की रणनीति बनाने में किया जा सकेगा। इसके साथ ही जलवायु परिवर्तन मॉडल्स को अधिक सटीक बनाने और वनों की कटाई और पुनर्वनीकरण की निगरानी करने में भी यह उपयोगी होगा। इससे पर्यावरण संरक्षण योजनाओं को मजबूत बनाने, विकासशील देशों को वनों के प्रबंधन में मदद करने और कार्बन ट्रेडिंग और जलवायु वित्त में सटीक डैटा प्रदान करने में मदद मिलेगी।

### उपग्रह की विशेषताएं

1. कक्षीय डिजाइनः यह बायोमास उपग्रह पृथ्वी से लगभग 660 कि.मी. की ऊंचाई पर सूर्य-समकालिक ध्रुवीय कक्षा (sun-synchronous polar orbit) में चक्कर लगाएगा। यह कक्षा सुनिश्चित करती है कि उपग्रह नियमित अंतराल पर उत्तरी व दक्षिणी गोलार्धों पर पृथ्वी के सभी क्षेत्रों को कवर करेगा, जिसमें उष्णकटिबंधीय, समशीतोष्ण, और बोरीयल वन शामिल हैं। उपग्रह का पुनरावृत्ति चक्र ऐसा है कि यह हर 25 दिनों में एक ही क्षेत्र को दोबारा स्कैन करेगा, जिससे समय के साथ परिवर्तन की निगरानी संभव होगी।

2. अनूठी रडार तकनीकः सामान्य उपग्रह प्रकाशीय कैमरे या एल-बैंड (आवृत्ति 1000-2000 मेगाहर्ट्ज) रडार का उपयोग करते हैं। लेकिन बायोमास उपग्रह में पी-बैंड रडार का इस्तेमाल हो रहा है, जो एक कम आवृत्ति माइक्रोवेव (300-1000 मेगाहर्ट्ज.) सिग्नल प्रेषित करता है, जिससे मिट्टी और घने जंगलों के अंदर तक पैठ बना सकती है। इसका मतलब, यह पेड़ की केवल ऊपरी नहीं बल्कि अंदर तक जानकारी जुटाता है, जैसे पेड़ की ऊंचाई, तने की मोटाई और घनत्व वगैरह।

यह तकनीक दिन-रात और मौसम से बेफिक्र डैटा संग्रह करने में सक्षम है, क्योंकि रडार बादलों और बारिश से अप्रभावित रहता है। यह पहला मौका है जब कोई उपग्रह इतनी कम आवृत्ति पर काम करेगा। गौरतलब है कि पी-बैंड रडार तकनीक को लेकर सुरक्षा सम्बंधी नियम भी हैं क्योंकि इसका उपयोग रक्षा और संचार में भी होता है। लेकिन पृथ्वी को बचाने के लिए यह डैटा इकट्ठा करने हेतु युरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी को पी-बैंड के उपयोग की विशेष अनुमति दी गई है।

3. पोलेरिमेट्रिक और इंटरफेरोमेट्रिक डैटाः इन तकनीकों का मदद से वन की संरचना (जैसे, पत्तियां, तने, जमीन) को अलग-अलग पहचाना जा सकता है। इंटरफेरोमेट्रिक तकनीक से सतह की ऊंचाई और 3-डी संरचना मापी जाती है। टोमोग्राफिक एसएआर से वन की ऊर्ध्वाधर परतों (चंदवे, तनों, जमीन) का 3डी मॉडल बनाया जाता है।

4. वैश्विक कवरेजः उपग्रह हर 6 महीने में पूरी पृथ्वी को स्कैन करेगा। लक्ष्य यह है कि धरती के लगभग 30 करोड़ वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र को कवर किया जाए। सरल शब्दों में कहा जाए तो बायोमास उपग्रह धरती के पेड़ों का एक्स-रे स्कैन करेगा, ताकि हम जान सकें कि पृथ्वी पर कितने पेड़ हैं, उनमें कितना कार्बन है और जंगल किस गति से घट-बढ़ रहे हैं। यह उपग्रह इतनी बारीकी से स्कैन कर सकता है कि 20-20 वर्ग मीटर तक के छोटे इलाके में भी पेड़ के बायोमास का पता चल सकेगा। यह मिशन हमारे ग्रह को बचाने के बड़े अभियानों का एक अहम हिस्सा है।

कवरेज की बात करें तो बायोमास उपग्रह उष्णकटिबंधीय वर्षावनों (अमेजॉन, कांगो), समशीतोष्ण वनों (उत्तरी अमेरिका और यूरोप के जंगल) और बोरीयल वनों (साइबेरिया और कनाडा के टैगा) को कवर करेगा। यद्यपि उपग्रह का प्राथमिक लक्ष्य वन हैं, यह मिट्टी और सतह की जानकारी (जैसे रेगिस्तान या बर्फीले क्षेत्र) भी एकत्र कर सकता है, लेकिन इन क्षेत्रों में इसकी उपयोगिता सीमित है।

जैव पदार्थ सम्बंधी डैटा कार्बन चक्र को समझने और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने की रणनीतियों में मदद करता है। उपग्रह अवैध कटाई, वन क्षरण, और पुनर्जनन की वैश्विक निगरानी करेगा, जो नीति निर्माण और संरक्षण प्रयासों के लिए महत्वपूर्ण है। वैश्विक डैटा पारिस्थितिकी, जैव-विविधता, और भू-विज्ञान के अध्ययन में उपयोगी है और अंतर्राष्ट्रीय समझौतों के लिए आधार प्रदान करेगा।

कुल मिलाकर यह मिशन धरती के जंगलों के एक्स-रे निरीक्षण जैसा है, जिससे हम जान पाएंगे कि पृथ्वी कैसे सांस ले रही है! **(स्रोत फीचर्स)**

जानकारी

घनश्याम वैष्णव

# मक्खियां - कुछ रोचक तथ्य



मानव जीवन में मक्खियां ही ऐसी जीव हैं जो हमेशा हमारे आस-पास रहती हैं। मानव जगत की कुछ बीमारियों का कारण भी ये मक्खियां ही हैं। मक्खियों की प्रजातियां बहुत तीव्र गति से बढ़ती हैं। अन्य कुछ जीवों की भांति मक्खियां भी अंडे देती हैं जो इनके प्रजनन की प्रथम अवस्था है। इसके बाद अंडे लार्वा में परिवर्तित होते हैं। तीसरे चरण में मक्खियों का यह रूप प्यूपा कहलाता है। इस तरह मक्खियों का प्रजनन इन तीन प्रक्रियाओं से होकर पूर्ण मक्खी का निर्माण होता है।

इन मक्खियों की कुल आयु एक वर्ष तक होती है। मक्खियां जब अपनी लार्वा की अवस्था में होती है तभी से वे भोजन लेना प्रारंभ कर देती है। इनका भोजन होता है सड़े गले पदार्थ। लार्वा अक्सर ईटों या मिट्टी के बीच से निकलता है क्योंकि मक्खियां अक्सर अपने अंडे इन्हीं जगहों पर देती हैं।

मक्खियों से मानव जाति को सिर्फ हानि ही होती है। ये सड़े-गले पदार्थों से गंदगी, खाने के पदार्थो तक पहुंचा देती हैं और खाने के इन पदार्थो को अगर हम हिफाजत से नहीं रखेंगे तो हमें कई प्रकार की बीमारियों का शिकार होना पड़ सकता है। मक्खियों से प्राप्त कीटाणुओं के भोज्य पदार्थो में होने से यदि हम इनका सेवन कर लें तो हैजा जैसी जानलेवा बीमारी भी हमें हो सकती है।

इस तरह मक्खियां दिखती तो प्यारी हैं लेकिन इन मक्खियों से दूर रहना ही हमारे लिए लाभप्रद है। (उर्वशी)

विज्ञान समाचार

# जलवायु संकट के असली जिम्मेदार?



एक हालिया अध्ययन से पता चला है कि 1990 के बाद से बढ़ी वैश्विक तपन के दो-तिहाई हिस्से के लिए दुनिया के सबसे अमीर 10 प्रतिशत लोग ज़िम्मेदार हैं, जिससे पता चलता है कि जलवायु संकट के संदर्भ में कैसी असमानता है। हालांकि वैज्ञानिकों को यह तो पता था कि अमीर लोग अधिक कार्बन उत्सर्जन करते हैं, लेकिन इस अध्ययन ने आंकड़ों के जरिए बताया है कि कौन-कौन कितना कार्बन उत्सर्जन करते हैं और जलवायु परिवर्तन के लिए कितना ज़िम्मेदार हैं। ये नतीजे नेचर क्लाइमेट चेंज पत्रिका में प्रकाशित हुए हैं।

शोधकर्ताओं ने जलवायु मॉडल का उपयोग किया और यह पता लगाया कि अगर सबसे अमीर लोगों - शीर्ष 10 प्रतिशत, 1 प्रतिशत, और 0.1 प्रतिशत झ्र द्वारा किया जाने वाला उत्सर्जन हटा दिया जाए तो वैश्विक तापमान में कितना बदलाव आएगा। निष्कर्ष चौंकाने वाले थेः 2020 में, वैश्विक तापमान 1990 के मुकाबले 0.61 डिग्री सेल्सियस अधिक था। इस वृद्धि का 65 प्रतिशत हिस्सा शीर्ष 10 प्रतिशत लोगों (सालाना आय लगभग 41 लाख रुपए प्रति व्यक्ति से अधिक) द्वारा किए जाने वाले उत्सर्जन से जुड़ा था। शीर्ष 1 प्रतिशत लोग, (सालाना आय 1.4 करोड़ रुपए प्रति व्यक्ति से अधिक) तापमान वृद्धि के 20 प्रतिशत हिस्से के लिए ज़िम्मेदार थे। और शीर्ष 0.1 प्रतिशत (लगभग 8,00,000 लोग, वार्षिक आय 5.13 करोड़ रुपए प्रति व्यक्ति से अधिक) तापमान वृद्धि के 8 प्रतिशत हिस्से के लिए ज़िम्मेदार थे।

औसत की तुलना में शीर्ष 10 प्रतिशत लोगों ने वैश्विक तपन में 6.5 गुना अधिक, शीर्ष 1 प्रतिशत लोगों ने 20 गुना अधिक और शीर्ष 0.1 प्रतिशत लोगों ने 76 गुना अधिक योगदान दिया।

इस अध्ययन के सह-लेखक कार्ल-फ्रेडरिक श्लेसनर के अनुसार यदि सभी ने दुनिया की सबसे गरीब 50 प्रतिशत आबादी की तरह उत्सर्जन किया होता तो 1990 के बाद हमें बहुत अधिक गर्मी नहीं महसूस होती। दूसरी ओर, अगर सभी लोगों ने शीर्ष 10 प्रतिशत की तरह उत्सर्जन किया होता तो दुनिया पहले ही 2.9 डिग्री सेल्सियस अधिक गर्म हो चुकी होती।

अध्ययन की मुख्य लेखक सारा शॉन्गार्ट का कहना है कि मामला सिर्फ आंकड़ों का नहीं है। अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि जलवायु सम्बंधी चरम घटनाएं केवल वैश्विक उत्सर्जन से नहीं बल्कि व्यक्तियों की विशिष्ट क्रियाओं और संपत्ति से भी होती हैं। यह शोध अमीरों पर जलवायु कर और विकासशील देशों के लिए अधिक जलवायु निधि की आवश्यकता को मजबूत करता है।

अध्ययन याद दिलाता है कि सबसे अधिक प्रभावित लोग अक्सर जलवायु आपदाओं का कारण नहीं होते। इसलिए कोई भी प्रभावी जलवायु नीति इस असंतुलन को ध्यान में रखते हुए न्यायपूर्ण होनी चाहिए। सबसे अमीर लोगों के कार्बन पदचिह्न को कम करना भावी नुकसान को कम करने का सबसे शक्तिशाली साधन होगा। **(स्रोत फीचर्स)**

# हेलिकोनिया : एक अद्भुत उष्णकटिबंधीय वनस्पति वंश

वनस्पति जगत

अंकुर ज्योति शईकीया

उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में पाए जाने वाले हेलिकोनिया वंश के पौधे अपनी चमकदार पुष्प संरचनाओं और घने पत्तों के लिए मशहूर हैं। इन्हें ह्यलॉब्स्टर क्लॉ', 'जंगली केला' या 'फाल्स बर्ड-ऑफ-पैराडाइज' के नाम से भी जाना जाता है। ये पौधे न केवल देखने में सुंदर होते हैं बल्कि मध्य और दक्षिण अमेरिका, कैरेबियन और दक्षिण-पूर्व एशिया के कुछ हिस्सों के वर्षावनों में पारिस्थितिक तंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा भी हैं। हाल के वैज्ञानिक शोधों ने इनके विकास, पारिस्थितिक महत्व, संरक्षण की स्थिति और बागवानी व कृषि में बढ़ती भूमिका पर नई रोशनी डाली है।

हेलिकोनिया वंश में लगभग 200 प्रजातियां हैं, जिनकी पहचान वे खास सहपत्र (bracts) हैं - ये संरचनाएं चटख रंग की और मोम जैसी होती हैं, जो अक्सर इनके वास्तविक फूलों से ज्यादा आकर्षक होती हैं। सहपत्र लाल, नारंगी, पीले और गुलाबी रंगों में होते हैं, जिससे हेलिकोनिया बागवानों और फूल व्यापारियों के बीच काफी लोकप्रिय हैं। लेकिन इनकी सजावटी सुंदरता के अलावा, ये पौधे उष्णकटिबंधीय पारिस्थितिकी तंत्र में भी गहराई से रचे-बसे हैं।

हेलिकोनिया का विकास अनुकूलन और सह-विकास की कहानी है। आणविक शोध से पता चला है कि इस वंश में प्रजातियों का तेजी से विविधीकरण हुआ है। इसका मुख्य कारण है इनका हमिंगबर्ड्स के साथ घनिष्ठ सम्बंध। कई हेलिकोनिया प्रजातियों के फूल विशिष्ट हमिंगबर्ड्स द्वारा परागण के लिए अनुकूलित हैं - इनके लंबे, नलीनुमा फूल हमिंगबर्ड्स की लंबी चोंच के हिसाब से ढले हैं। इनका सम्बंध इतना विशिष्ट है कि इनमें से एक में भी बदलाव होने पर दूसरे में भी विकासात्मक परिवर्तन होते हैं; इसे सह-विकास कहते हैं।

### विकास का सहगान

हमिंगबर्ड्स द्वारा हेलिकोनिया का परागण पारिस्थितिक विशेषज्ञता का उत्कृष्ट उदाहरण है। कुछ हेलिकोनिया प्रजातियां 'ट्रैपलाइनर' हमिंगबर्ड्स द्वारा परागित होती हैं - ये पक्षी दूर-दूर के, यहां तक कि अपने इलाके के बाहर के फूलों को भी परागित हैं। हेलिकोनिया टोर्टुओसा जैसी प्रजातियों की आनुवंशिक संरचना पर इस व्यवहार का गहरा प्रभाव पड़ता है, जिससे वनों के खंडित होने के बावजूद जनसंख्या में जीन प्रवाह बना रहता है। अर्थात, जंगल के टुकड़ों में बंट जाने के बाद भी, इन पौधों के बीच उनके जीन्स एक जगह से दूसरी जगह जाते रहते हैं और उनकी आबादी में विविधता बनी रहती है।

ये जटिल पारस्परिक सम्बंध पौधों और उनके परागणकर्ताओं दोनों के संरक्षण की आवश्यकता को रेखांकित करते हैं। एक के नुकसान से दूसरे की भी हानि हो सकती है, जिससे उष्णकटिबंधीय जैव विविधता का संतुलन बिगड़ सकता है।



### संरक्षण संकट की आहट

अपनी पारिस्थितिक महत्ता और बागवानी में लोकप्रियता के बावजूद, जंगली हेलिकोनिया प्रजातियां गंभीर खतरे का सामना कर रही हैं। हाल ही में हुए एक व्यापक अध्ययन में पाया गया कि लगभग आधी हेलिकोनिया प्रजातियां विलुप्ति की कगार पर हैं। इसका मुख्य कारण है वनों की कटाई, कृषि विस्तार और शहरीकरण। कई प्रजातियां बहुत सीमित क्षेत्रों में पाई जाती हैं, जिससे वे और भी संवेदनशील हैं।

चिंता की बात यह है कि संकटग्रस्त हेलिकोनिया प्रजातियों का एक बड़ा हिस्सा संरक्षित क्षेत्रों या वनस्पति उद्यानों में संरक्षित नहीं है। संरक्षण के इस अंतर को दूर करने के लिए अध्ययन में प्राथमिकता वाली प्रजातियों की पहचान, संरक्षित क्षेत्रों का विस्तार और हेलिकोनिया को पुनर्वनीकरण और कृषि परियोजनाओं में शामिल करने की सिफारिश की गई है।

### जंगल से गुलदस्ते तक

हेलिकोनिया की आकर्षक बनावट और लंबे समय तक टिकने वाले फूलों ने इसे वैश्विक पुष्प उद्योग में लोकप्रिय बना दिया है। हाल के वर्षों में अनुसंधान ने हेलिकोनिया पुष्पों की ताजगी बनाए रखने, निर्जलीकरण, फफूंदी, और परिवहन के दौरान होने वाले नुकसान को कम करने पर ध्यान केंद्रित किया है। उन्नत संरक्षण तकनीकों और विशेष पैकेजिंग के उपयोग से हेलिकोनिया की ताजगी और बाजार में पहुंच बढ़ी है।

भारत में इसकी खेती के लिए अनुकूल परिस्थितियां हैं। शोध से पता चला है कि नारियल के बागानों में हेलिकोनिया को अंतर-फसल के रूप में उगाने से किसानों को अतिरिक्त आय मिल सकती है और भूमि की पारिस्थितिकी व सुंदरता भी बढ़ती है। हेलिकोनिया आंशिक छाया में भी अच्छी तरह बढ़ता है और इसकी देखभाल आसान है, जिससे यह उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय कृषि प्रणालियों के लिए उपयुक्त है।

हालांकि हेलिकोनिया के व्यापारिक भविष्य की संभावनाएं उज्ज्वल हैं, लेकिन चुनौतियां भी कम नहीं हैं। खेती में प्रयुक्त किस्मों की आनुवंशिक विविधता जंगली प्रजातियों की तुलना में कम है; जिससे वे कीट, रोग और पर्यावरणीय तनाव के प्रति अधिक संवेदनशील हैं। जंगली हेलिकोनिया की आनुवंशिक सामग्री का संरक्षण और सतत उपयोग आवश्यक है, ताकि इनसे नई किस्मों का विकास हो सके।

इसके अलावा, फूलों के रूप में हेलिकोनिया की सफलता न केवल संरक्षण तकनीक पर निर्भर करती है बल्कि नई किस्मों के विकास पर भी निर्भर करती है; जिनमें आकर्षक रंग, सुगठित आकार और रोग प्रतिरोध जैसी विशेषताएं हों। इसके लिए जैव प्रौद्योगिकी, ऊतक संवर्धन और आणविक प्रजनन जैसी तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है।

हेलिकोनिया की कहानी उष्णकटिबंधीय जैव विविधता के समक्ष खड़ी चुनौतियों का प्रतीक है। यह वंश पौधों, जानवरों और मनुष्यों के बीच जटिल सम्बंधों और मानवीय गतिविधियों के प्रभाव को दर्शाता है। संरक्षण विशेषज्ञ हेलिकोनिया को पुनर्वनीकरण, कृषि और सामाजिक वानिकी में शामिल करने की सलाह देते हैं, ताकि न केवल इस वंश की रक्षा हो, बल्कि पूरे पारिस्थितिक तंत्र सुदृढ़ हों।

वनस्पति उद्यान और बाह्य-स्थान संरक्षण संग्रहालय इस दिशा में अहम भूमिका निभा सकते हैं। हेलिकोनिया प्रजातियों की खेती और उन्हें शोधकर्ताओं व किसानों के लिए उपलब्ध कराने से ये वनस्पति उद्यान और संरक्षण संग्रहालय संरक्षण और व्यापार के बीच सेतु का कार्य कर सकते हैं। (स्रोत फीचर्स)

स्वास्थ्य

डॉ. डी. बालसुब्रमण्यन

# संतुलित आहार, स्वस्थ बुढ़ापा



समय के साथ पूरी दुनिया में बुजुर्गों की आबादी बढ़ी है। और तो और, इनमें से 80 प्रतिशत से अधिक बुजुर्ग कम से कम एक जीर्ण स्वास्थ्य समस्या से पीड़ित हैं। यू.एस. सेंटर फॉर डिसीज कंट्रोल और विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि वैश्विक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना एक प्राथमिकता है, और गुणवत्तापूर्ण आहार हार्ट-अटैक, डायबिटीज और समयपूर्व मृत्यु रोकने में लाभप्रद है।

स्वास्थ्य शोधकर्ता आदर्श आहार के रूप में भूमध्यसागरीय (मेडिटेरेनियन) आहार को अच्छा बताते हैं। मेडिटेरेनियन आहार में मुख्यतः शाक-सब्जियों, फल-फलियों और प्राकृतिक तेल आधारित खाद्य शामिल होते हैं; थोड़ी मात्रा में चिकन, अंडे, मछली वगैरह लिए जाते हैं, लेकिन लाल मांस (जैसे मटन, बीफ, पोर्क आदि) से परहेज किया जाता है। भूमध्यसागरीय क्षेत्रों में जो लोग इस तरह का आहार लेते हैं, वे लंबा और स्वस्थ जीवन जीते हैं।

वास्तव में, भारत में सामान्य तौर पर जो भोजन किया जाता है वह मुख्यतः मेडिटेरेनियन आहार ही होता हैः इसमें गेहूं या चावल, दाल, बहुत-सी ताजी सब्जी/भाजी और दही/छांछ शामिल होते हैं; और मांसाहारी भोजन में थोड़ी मात्रा में अंडे और मछली भी शामिल होते हैं, लेकिन मांस बहुत कम या बिल्कुल भी नहीं होता।

इस सम्बंध में, हाल ही में दो लेखों में स्वस्थ बुढ़ापे के लिए सर्वोत्तम भोजन के बारे में बताया गया है। नेचर पत्रिका के 3 अप्रैल के अंक में प्रकाशित एक लेख - ह्यदी बेस्ट एंड वर्स्ट फूड फॉर हेल्दी एजिंग (स्वस्थ बुढ़ाने के लिए सर्वोत्तम और निकृष्टतम भोजन)' में बताया गया है कि जो लोग फलों और शाक-भाजियों से भरपूर आहार लेते हैं उनके 70 वर्ष तक जीने की संभावना अधिक होती है, वह भी बिना किसी गंभीर शारीरिक समस्या या संज्ञानात्मक क्षति के। यह अध्ययन भरपूर मात्रा में फल और सब्ज़ियां खाने की सलाह एक पुख्ता अध्ययन के आधार पर देता हैः आहार सम्बंधी आदतों पर 30 सालों तक चला और बड़े पैमाने पर किया गया यह अध्ययन बताता है कि अपने आहार में फाइबर (रेशेदार चीजें), सब्ज़ियां, फलियां, दालें अधिक खाएं और वसा युक्त आहार व मांस कम खाएं; ऐसा आहार वरिष्ठ नागरिकों को एक स्वस्थ जीवन जीने में मदद करेगा।

उपरोक्त विशाल अध्ययन नेचर मेडिसिन पत्रिका में प्रकाशित हुआ है, जिसका शीर्षक है 'ऑप्टिमल डायटरी पैटर्न फॉर हेल्दी एजिंग (स्वस्थ बुढ़ाने के लिए इष्टतम आहार पैटर्न)'। इस अध्ययन में यू.एस., यू.के., कनाडा और डेनमार्क के स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने दो प्रमुख अध्ययनों के डैटा का विश्लेषण कियाः नर्सों का स्वास्थ्य अध्ययन (अस्पताल के कर्मचारियों और चिकित्सा पेशेवरों के स्वास्थ्य का निरीक्षण) और स्वास्थ्य पेशेवरों का फॉलो-अप अध्ययन (गंभीर बीमारियों जैसे कैंसर और हृदय सम्बंधी बीमारियों से जुड़े पुरुषों के आहार और जीवनशैली की जांच-पड़ताल करना)। इसमें कुल 70,000 महिलाओं और 30,000 पुरुषों के डैटा का विश्लेषण किया गया था।

शोधकर्ताओं ने देखा कि लंबे समय तक वनस्पति-समृद्ध आहार और साथ में थोड़ी मात्रा में जंतु-स्रोतों से प्राप्त स्वास्थकर पूरक आहार लेना किस तरह स्वस्थ बुढ़ापे से सम्बंधित है। उन्होंने आठ किस्म के स्वास्थ्यप्रद आहार पैटर्न का सम्बंध स्वस्थ बुढ़ापे से देखा है।

एक है वैकल्पिक स्वस्थ खानपान सूचकांक। इसमें एक स्कोरिंग प्रणाली के मदद से भोजन की गुणवत्ता का मूल्यांकन किया जाता है कि वह एक स्वस्थ अनुशंसित आहार (हरी सब्जियां, अल्प वसा, अल्प शर्करा तथा कैंसर व उच्च रक्तचाप पैदा करने वाले आहार से परहेज) से कितना मेल खाता है। दूसरे तरीके को वैकल्पिक भूमध्यसागरीय सूचकांक कहते हैं। यह भूमध्यसागरीय इलाके से बाहर रहने वाले बुजुर्गों को दीर्घकालीन स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है। तीसरा है उच्च-रक्तचाप निरोधक आहार प्रणाली (Dietary Approaches to Stop Hypertension - DASH)। यह मुख्यतः उच्च रक्तचाप को नियंत्रित करता है। अन्य, जैसे मेडिटेरेनियन इंटरवेंशन फॉर न्यूरोडीजनरेटिव डिले (MIND) और स्वास्थ्यप्रद वनस्पति-आधारित आहार (hPDI) भी वनस्पति-समृद्ध और पोषक तत्वों से भरपूर आहार लेने पर जोर देते हैं और अत्यधिक प्रोसेस्ड खाद्यों से परहेज करने को कहते हैं।

कुल मिलाकर, शाक-भाजी, फल-फलियों, दाल-अनाजों से भरपूर और साथ में थोड़ी मात्रा में जंतु-स्रोतों से प्राप्त आहार लंबे समय तक स्वस्थ रख सकता है। **(स्रोत फीचर्स)**

### उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय नारको कॉर्डिनेशन समिति की बैठक संपन्न

# मादक पदार्थों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई एवं जन-जागरुकता पर दिया गया जोर

देशप्राण संवाददाता

**कोडरमा :** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में जिला स्तरीय नारको कॉर्डिनेशन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध व्यापार तथा नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण निर्णय लिये गए। बैठक में विशेष रूप से जप्त किए गए मादक पदार्थों के विनिष्टीकरण (नष्ट करने) की प्रक्रिया को तेज गति से पूरा करने पर चर्चा हुई। साथ ही नशीली वस्तुओं की पहचान हेतु कीट क्रय की कार्रवाई प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया, जिससे समय रहते संदिग्ध पदार्थों की जांच की जा सके। औषधि निरीक्षक को



जिले में फार्मासिस्ट दुकानों का नियमित निरीक्षण करने तथा प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री में संलिप्त पाए जाने पर संबंधित विक्रेताओं के विरुद्ध निलंबन या लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त, युवाओं एवं आमजन के बीच नशा उन्मूलन के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाने पर सहमति बनी।

बैठक के दौरान यह भी निर्णय लिया गया कि जिले में किसी भी केन्द्रीकृत स्थान या प्रमुख क्षेत्र में मादक पदार्थों की अवैध बिक्री से संबंधित सूचना प्राप्त होने पर कोटपा एक्ट के तहत तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

उपायुक्त ऋतुराज ने बैठक में मौजूद सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए समन्वित प्रयासों को और प्रभावी ढंग से लागू किया जाय। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह,सामान्य शाखा प्रभारी प्रिंस गोडविन कुजूर, सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार,जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ रमन समेत अन्य मौजूद रहे।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

**कोडरमा:** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम पूर्व की बैठक में लिये गये निर्णयों पर हुई कार्रवाई की समीक्षा की गई।बैठक में उपायुक्त महोदय ने हिट एंड रन मामलों में मुआवजा उपलब्ध कराने की प्रक्रिया की जानकारी ली तथा जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सड़क दुर्घटनाओं के उपरांत प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई कर पीड़ितों या उनके परिजनों को मुआवजा राशि प्रदान की जाये।कोडरमा घाटी में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए सुरक्षा साइनेज लगाने और ब्लैक स्पॉट क्षेत्रों में सुधार के लिए सड़क चौड़ीकरण कराने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने सड़क दुर्घटना के बाद घायल व्यक्ति को शीघ्र इलाज उपलब्ध कराने के लिए गुड सेमेरिटन कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार हेतु विभिन्न स्थानों पर बैनर और पोस्टर लगाने का भी निर्देश दिया।बैठक में सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति आम नागरिकों में जन-जागरूकता अभियान चलाने पर विशेष बल दिया गया। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय राजमार्ग (ठल्ल) को सड़क सुरक्षा हेतु स्ट्रीट लाइट तथा अन्य सुरक्षा साइनेज लगाने के निर्देश दिये गये।जिला परिवहन पदाधिकारी को जिले में ऑटो एवं टोटो वाहनों के रजिस्ट्रेशन के लिए विशेष कैंप आयोजित करने तथा नियमित रूप से वाहन चेकिंग अभियान संचालित करने का निर्देश भी दिया गया।उपायुक्त ऋतुराज ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सभी निर्णयों का प्रभावी रूप से अनुपालन सुनिश्चित करें, ताकि जिले में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या को कम किया जा सके और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह,अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह,जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी, सभी अंचलाधिकारी व थाना प्रभारी समेत अन्य मौजूद रहे।

# मोहर्रम के मद्देनजर तेनुघाट ओपी में आयोजित हुई विशेष बैठक

देशप्राण संवाददाता

**तेनुघाट (बोकारो) :** तेनुघाट ओपी परिसर में ओपी प्रभारी छटन महतो के अध्यक्षता में मोहर्रम को लेकर शांति समिति बैठक आहूत की गई। जिसमें शांति समिति के सभी सक्रिय सदस्य एवं प्रतिनिधिगण शामिल हुए। इस बैठक के दौरान मोहर्रम के आयोजन से जुड़े कई अहम विषयों पर चर्चा की गई।

इस दौरान जिन स्थानों पर विद्युत पोल हैं लेकिन लाइटें नहीं जल रही हैं, उनकी मरम्मत कराने, तथा अन्य जरूरी तैयारियों को लेकर सुझाव और निर्णय लिए गए। वंही इस मौके पर थाना प्रभारी छटन



महतो ने उपस्थित लोगों से कहा कि सभी को आपसी सौहार्द और संयम के साथ पर्व मनाना चाहिए। किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक गतिविधि या सूचना की स्थिति में तुरंत नजदीकी थाना से संपर्क करें, या आवश्यकता होने पर सीधे उनके मोबाइल नंबर पर भी कॉल किया जा सकता है। इस दरम्यान दोनों पक्षों ने अपने-अपने विचार रखे, जिसे ध्यानपूर्वक सुनकर थाना प्रभारी ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित आयोजन की अपील की।

इस मौके पर पेटरवार प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार महतो, गोमिया प्रखंड विकास पदाधिकारी महादेव महतो, गोमिया पुलिस निरीक्षक जितेंद्र कुमार, तेनुघाट पंचायत मुखिया प्रतिनिधि संतोष श्रीवास्तव, मिथुन चंद्रवंशी, सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# वित्त मंत्रालय के निर्देश पर लोकाई पंचायत में जन-कल्याण शिविर का हुआ आयोजन

देशप्राण संवाददाता

**कोडरमा :** शुक्रवार को लोकाई पंचायत भवन में वित्तीय समावेशन अभियान के तहत एकदिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का संचालन सीएफएल और नोडल बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया कोडरमा शाखा द्वारा किया गया। जिसमें एलडीएम कोडरमा बिमलकांत झा के मार्गदर्शन में बैंकिंग एवं बीमा सेवाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई।



शिविर में ग्रामीणों को प्रधानमंत्री जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना,सुरक्षा बीमा योजना,अटल पेंशन योजना सहित विभिन्न योजनाओं से जोड़ा गया एवं मौके पर पंजीकरण भी सुनिश्चित कराया गया।उत्रछ की ओर से श्री रत्नेश कुमार एवं उनकी टीम द्वारा ग्रामीणों को वित्तीय साक्षरता से जुड़ी जानकारी दी गई तथा वित्तीय शिक्षा से संबंधित प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया गया, जिससे उपस्थित ग्रामीणों को योजनाओं की बेहतर समझ हो सके। साथ ही साथ साइबर सुरक्षा के प्रति भी जागरूकता की जानकारी दी गयी।

इस अवसर पर बैंक ऑफ इंडिया के ऋछउ, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक श्री संदीप कुमार एवं पंचायत सचिव विभा कुमारी की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने शिविर में सक्रिय भूमिका निभाई और ग्रामीणों को योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

### जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न, दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

**कोडरमा :** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में माननीय एनजीटी के आदेश के आलोक में यह निर्णय लिया गया कि मानसून सत्र (10 जून 2025 से 15 अक्टूबर 2025 तक) के दौरान जिले के सभी बालू घाटों से बालू के खनन पर पूर्णत: रोक रहेगी। उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को सख्त निर्देश दिया कि इस अवधि में किसी भी प्रकार का बालू खनन अथवा परिवहन न हो, इसके लिए सतत निगरानी की जाए।बैठक में जिले में पत्थर एवं बालू खनिज के अवैध खनन, परिवहन और भंडारण की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये। साथ ही, बालू के अवैध भंडारण की भी जांच कर आवश्यकतानुसार कार्रवाई करने को कहा गया।उपायुक्त ऋतुराज ने वन क्षेत्र के अंतर्गत पत्थर, माईका एवं ब्लू स्टोन खनिज के अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई के निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त, जिले में संचालित खनन पट्टा धारकों एवं क्रशर इकाइयों की प्रदूषण नियंत्रण नियमों के तहत जांच कर नियमानुसार कार्यवाही करने का निर्देश भी दिया गया।बैठक में पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह,वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ला,अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह,जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी, सभी अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# धान रोपनी करने बिहार जा रहे मजदूरों से भरा पिकअप पलटा, तीन की मौत, कई घायल

**छतरपुर :** छतरपुर के कऊवल स्थित फोरलेन सड़क के ओवर ब्रिज पर रंका रमकंडा से बिहार के सासाराम धान रोपनी करने जा रहे मजदूरों से भरा पिकअप पलट गई जिसमें दो व्यक्तियों की घटनास्थल पर मौत हो गई तथा एक अन्य व्यक्ति के मरने की सूचना प्राप्त हुई।इस दौरान दो दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार गढ़वा जिले के रमकंडा तथा रंका के आसपास के इलाकों से बिहार में धान रोपनी करने के लिए एक पिकअप वाहन जिसकी रजिस्ट्रेशन संख्या बी आर 45 जी 1364 है। जिससे लगभग 30 से अधिक मजदूर अपने बाल बच्चों के साथ बिहार के रोहतास जिला अंतर्गत सासाराम के करहगर मे जा रहे थे। इस दौरान छतरपुर के कऊवल में बने फोरलेन के फ्लाईओवर पर गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई।

घटना की जानकारी मिलते ही



प्रखंड विकास पदाधिकारी आशीष कुमार साहू तथा छतरपुर थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद अपने दलबल के साथ घटना सर पर पहुंचकर घायलों की मदद में जुट गए। इस बाबत थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया कि इस घटना में तीन लोगों की मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया इस घटना में मृतकों की पहचान गुड्डू राम पिता किशुन राम ग्राम कंचनपुर थाना रंका जिला गढ़वा,पूरण भुइयां पिता सुरेंद्र भुइयां ग्राम कला सीगसिग्गा थाना रंका जिला गढ़वा,राजू भुइयां पिता सकलदीप भुइयां ग्राम सीगसिग्गा थाना चीनिया जिला गढ़वा के रूप में किया गया।

इस घटना में रामकंडा के उदयपुर गांव निवासी रूपवंती कुमारी पिता रामराज भुइयां, संध्या कुमारी पिता चंद्र देव भुइयां, ममता देवी, मुन्नी कुमारी पिता विश्वनाथ भुइयां, सुजनती देवी पति विनोद भुइयां, ममता देवी पति जगदेव भुइयां, गीता देवी पति राजदेव कुमार, आरती कुमारी पिता जमाहिर भुइयां, राजदेव कुमार पिता महेश भुइयां जख्मी हो गए।

# सीओ ने सर्च ऑपरेशन में पांच अवैध पत्थर लोड हाईवा को पकड़ा



देशप्राण संवाददाता

**बलियापुर :** बलियापुर में अवैध तरीके से गिट्टी एवं पत्थर की पांच हाईवा को सीओ के सर्च ऑपरेशन के अंतर्गत जप्त कर बलियापुर थाना भेज दिया गया है। सीओ ने बताया कि सर्च ऑपरेशन के आधार पर ये कार्यवाही की गई, जिसमें ये पाँच हाईवा धाराया है।

स्थानियों की माने तो प्रतिदिन सुबह से लेकर रात के अँधेरे में दर्जनों हाईवा से अवैध खनन कर निकला गया पत्थर बिभिन्न हाईवा से धनबाद, निरसा, गोविंदपुर आदि क्षेत्रों में महीनों से खपाया जा रहा था। स्थानियों ने ये भी बताया कि बलियापुर के एक ब्यवसाई, ठीकेदार सह समाजसेवी का ही अवैध पत्थर और हाईवा होने की बात कही जा रही है। इस अवैध पत्थर के कारोबार के बारे में सुचना सबों को है, जिसके कारण आज से पहले कार्यवाही नहीं हुई।

## खबरकोना

### एफसीआईएल को एनओसी देने में अपार संकट होती है, चाहे क्षेत्र की उन्नति की ही बात क्यों ना हो : एसपी मोहंती

**सिंदरी :** हर्ल के एमडी एस पी मोहंती ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में क्षुब्ध होकर बोला कि एफसीआईएल मैनेजमेंट पुरे क्षेत्र का मालिक है, किन्तु चाहे क्षेत्र की उन्नति की ही बात क्यों ना हो, मैनेजमेंट एनओसी नहीं देती है। वही अन्य स्थानों पर हर्ल मैनेजमेंट को क्षेत्र के लोग त्वरित कार्यवाही करते हुए एनओसी देते हैं, जिसके कारण अन्य क्षेत्रों में जितना उन्नति हुआ उसकी अपेक्षा सिंदरी काफी पीछे है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी केवल एफसीआई मैनेजमेंट है। वही बृहस्पतिवार को एफसीआई के भुसम्पदा अधिकारी देवदास अधिकारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि सिंदरी के उत्थान के लिए उदारनीति भविष्य में भी लायी जाएगी, जिससे सिंदरी वासियों के लिए लोगों की सोच सकारात्मक हो सके। हर्ल मैनेजमेंट भी एफसीआईएल से उदार निति रखने एवं सहयोग की आशा - अपेक्षा रखता है, जिससे सिंदरी के चौमुखी विकास में सहयोग कर सकें। हर्ल भविष्य में सिंदरी के अम्बेडकर चौक, बाबू कुँवर सिंह चौक, अटल चौक, सेवन लेक आदि का भी सौन्दर्यकरण करेंगी, जिसको लेकर एफसीआईएल, हर्ल एवं डीएमसी के बीच बातचीत एवं एनओसी को लेकर चर्चा गर्म है।

### जमीन चयन के लिए अलकडीहा पंचायत पहुंचे बलियापुर सीओ



**तिसरा :** बलियापुर अंचल अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह शुक्रवार को प्राथमिक विद्यालय अलकडीहा के लिए जमीन चयन हेतु अलकडीहा बस्ती पहुंचे। उनके साथ पंचायत के जनप्रतिनिधि और गण्यमान लोग साथ थे। मुकुंदा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य हीरालाल मोदक ने बताया कि बलियापुर सीओ विद्यालय के लिए जमीन देखने विभिन्न जगह गए। सीओ अलकडीहा बस्ती और कॉलोनी के बीच एक जमीन को देखा और आगे की प्रक्रिया करने की बात कही है। श्री सिंह ने बताया कि अभी प्राथमिक विद्यालय अलकडीहा को दूसरे जगह स्थानांतरण करने की प्रक्रिया चल रही है, इसलिए वहां के बच्चे मुकुंदा मध्य विद्यालय में पढ़ाई कर रहे हैं। पंचायत प्रतिनिधियों में हीरालाल मोदक, सिदेश्वर मोदक , दयामय मोदक , विजय रजक,शैलेंन मडल, रघुनंदन सिंह, श्री राम गोराई, चंडी मोदक, झाबु शंकर , मुरारी मोदक, प्रसाद मौजूद रहे।

### प्लस 2 विद्यालय में स्वस्थ जीवन शैली और पर्यावरण विषय पर प्रबोधन हुआ




**सिंदरी :** शुक्रवार को एसएसएलएनटी, धनबाद मुख्यमंत्री प्लस 2 विद्यालय में स्वस्थ जीवन शैली और पर्यावरण विषय पर प्रबोधन हुआ इसके उपरांत 5 फलदार वृक्ष उनके प्रांगण में लगाए गए जिससे विद्यालय के प्राचार्य के अलावे शिक्षकगण भी सहयोगी बने। प्रवोधन झारखंड के प्रांत सह सचिव जय प्रकाश नारायण सिंह, झारखंड पर्यावरण प्रमुख अरूण राय, जिला अध्यक्ष डॉ विकास रमण के अलावा विद्यालय के प्राचार्यों महोदयया भी की 11-12 क्लास के 87 बच्चियों, 8 शिक्षक और 13 आरोग्य भारती जिला संगठन के लोग थे। महिला आयाम से भी दो बहनें शोभा गुप्ता और रीना साव उपस्थित रहीं।

### साप्ताहिक समीक्षा बैठक में प्रगति लाने का निर्देश



**मरकच्चो :** प्रखंड मुख्यालय सभागार में ग्रामीण विकास विभाग एवं पंचायती राज विभाग की योजनाओं का समीक्षा बैठक शुक्रवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो ने की। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने मनरेगा अंतर्गत लंबित योजनाओं को यथाशीघ्र पूर्ण करने एवं बागवानी योजना में लक्ष्य के अनुरूप समन्वय बनाकर नए आम बागवानी की योजनाओं में पीट खुदाई में तेजी लेने का निर्देश दिया गया। लक्ष्य के अनुरूप बिरसा सिंचाई कूप की नई योजना लेने तथा कूप का लंबित भुगतान करने का भी निर्देश दिया गया।रिजेक्टेड ट्रांजेक्शन को शत प्रतिशत पूर्ण करने एवं प्रत्येक ग्राम में कम से कम 5 योजनाओं का क्रियान्वयन करने को कहा गया।अबुआ आवास एवं प्रधानमंत्री आवासों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा रवि शंकर, सहायक अभियंता चितरंजन कुमार, प्रखंड समन्वयक 15वे वित्त शशि कुमार यादव, सभी कनीय अभियंता, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक,जनसेवक एवं प्रखंड के कर्मी उपस्थित थे।

# जैन धर्मावलंबियों का आठ दिवसीय सिद्ध चक्र महामंडल विधान प्रारंभ

देशप्राण संवाददाता

**मेदिनीनगर :** विश्व शांति के लिए आयोजित सिद्ध चक्र महामंडल विधान के प्रथम दिवस पर कलश यात्रा और ध्वजारोहण के साथ ही विश्व शांति का यह महायज्ञ प्रारंभ हो गया। प्रातः काल में सभी महिला तथा पुरुषों ने पूरे भक्ति भाव के साथ बाल ब्रह्मचारी अन्नू भैया जी के सानिध्य में संगीतमय पूजा अर्चना की। संध्या 7:00 बजे से महा आरती का आयोजन किया गया जिसमें भक्तामर के 48 रिद्धि मंत्रों के साथ दीप प्रज्वलित कर आरती की गई। प्रथम आरती करने का सौभाग्य श्री प्रकाश चंद जी पहाड़िया को सपरिवार प्राप्त हुआ। आरती के बाद अनु भैया जी ने अपने सार गर्भित प्रवचन से सभी का दिल जीत लिया। उन्होंने बताया कि श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान जैन धर्म का एक महत्वपूर्ण विधान है इसमें सिद्धों की आराधना की जाती है और उनके गुणों का गुणगान किया जाता है। यह विधान



श्रीपाल और मैना सुंदरी के कहानी से जुड़ी हुई है। इस विधान में सिद्धों के 16 गुणों का स्मरण किया जाता है और उन्हें अर्ध समर्पित किए जाते हैं इस विधान के दौरान विभिन्न मंत्रों और बीजाक्षरों का जाप किया जाता है जिससे दिव्य शक्तियों का संचार होता है और लोगों को सांसारिक कष्टों से मुक्ति मिलती है। इस विधान की महिमा बताते हुए अनु भैया जी ने बताया कि यह विधान करने से सम्यकत्व यानी सम्यक दर्शन, ज्ञान एवं चारित्र की प्राप्ति होती है जिससे कि मोक्ष मार्ग प्रशस्त होता है। प्रवचन के बाद जिनवाणी माता की स्तुति की गई। तत्पश्चात भैया जी ने बहुत ही मनभावन धार्मिक एवं लौकिक प्रश्न मंच का संचालन किया एवं उत्तर देनेवालों को पुरस्कृत भी किया। इससे पूर्व आरती के समय बाहर से आई अंकिता जैन एवं उनकी संगीत मंडली ने सभी भक्तजनों भक्तिरस में डूबकर झूमने के लिए मजबूर कर दिया।

उपरोक्त जानकारी समाज के अध्यक्ष सरस जैन एवं सचिव सागर जैन ने मीडिया प्रभारी रोहित जैन के माध्यम से दी।

### दरगाहों व इमाम बाड़ों में चढ़ाया गया सिरनी

**मरकच्चो :** प्रखंड मुख्यालय मरकचो समेत विभिन्न मुस्लिम बहुल गांवो के दरगाहों व इमाम बाड़ो में मोहर्रम की सातवीं तारीख को काफी संख्या में मुस्लिम धर्मावलम्बियों के लोग अपने अपने दरगाहों व इमामबाड़ों पर शाम को जमा हुए। इस मौके पर लोगो ने दरगाहों व इमाम बाड़ों में सिरनी चढ़ाया व फातिहाखानी की। मोहर्रम की सातवीं तारीख को प्रखंड मुख्यालय के सरकारी दरगाह समेत नादकरी, शाहगंज, कर्बला नगर, दूधअहरी, महूँगाय, लोहड़ियो, नावाडीह, दशारो, भोजपुर, मंझला नगर, मुरकमनाय के इमामबाड़ों एवं दरगाहों में केला कटाई एवं पैकर बांधने की रस्म भी पूरी की गई। इस दौरान युवकों के द्वारा लाठी, भाला, तलवार, बाना आदि का करतब दिखाया गया। मौके पर तोकीर अहमद, साकीर अहमद, मो जावेद, साजिद शाह, इनामूल शेख, आजाद शेख, करीम अंसारी, समीम अंसारी, मिन्हाज अंसारी, जावेद नौसाद अंसारी, एरकान अहमद मस्तान, साबिर अली, मो अमजद, नसीम आलम, सोहराब आलम, अल्ताफ आलम, अफजल शेख आदि मौजूद थे।

# हर्ल एवं धनबाद नगर निगम के बीच समझौता ज्ञापन पर हुआ हस्ताक्षर




देशप्राण संवाददाता

**सिंदरी :** हर एक काम, देश के नाम के तहत हर्ल सिंदरी द्वारा अपने कॉर्पोरेट पर्यावरण उतरदायित्व (सीईआर) को निर्वहन करते हुए को हिन्दुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (हर्ल) एवं धनबाद नगर निगम के बिच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर समारोह का आयोजन किया गया जिसमे डीएमसी-धनबाद के अंतर्गत सिंदरी टाउन, वार्ड संख्या : 53, 54, 55 में विभिन्न स्थानों पर एलईडी स्ट्रीट लाइट और हाई मास्ट लाइट की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग के लिए सहमती पत्र पर हस्ताक्षर किया गया।

सहमती परियोजना की लगत राशी 10.29 करोड़ (लगभग) होगी, जिसमे हाई मॉस लाइट, स्ट्रीट लाइट लगाई जायेगी जो की 30 किलोमीटर के दायरे में होगी। परियोजना का क्रियान्वयन डी.एम.सी., धनबाद द्वारा किया जाएगा।

परियोजना समझौता हस्ताक्षर समारोह में मुख्य रूप से हर्ल के तरफ से एमडी एस. पी. मोहंती, वी.पी. एच.आर. चमन जग्गी, प्लांट प्रमुख गौतम माजी एवं डीएमसी धनबाद की ओर से नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, अतिरिक्त नगर आयुक्त कमलेश्वर नारायण, मुख्य अभियंता अनूप कुमार सामंता, कार्यपालक अभियंता, सहायक नगर आयुक्त सहित हर्ल एवं डी.एम.सी. के अन्य पदाधिकारीगण भी हस्ताक्षर समारोह में मौजूद रहे।

### टीबी मुक्त भारत अभियान को लेकर उपायुक्त समीरा एस ने की बैठक

# निश्चय मित्र बनाने, फूड बास्केट प्रदान करने वाले लोगों की संख्या में बढ़ोतरी लाने के दिये निर्देश

देशप्राण संवाददाता




**मेदिनीनगर :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस की अध्यक्षता में टीबी मुक्त भारत अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान उपायुक्त ने टीबी उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत जिले में आयोजित होने वाले टीबी मुक्त भारत अभियान के सफल संचालन, जांच और उपचार, अभियान में जनभागीदारी, नाट टेस्ट सहित अन्य गतिविधियों के संबंध में जिला यक्ष्मा पदाधिकारी से जानकारी ली।

बैठक में उपायुक्त ने जिले के सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को टीबी उन्मूलन के लिए आवश्यक माइक्रोप्लान तैयार करने साथ ही निश्चय मित्र योजना को सफल बनाने हेतु सांसद, विधायक, व्यवसायी, पंचायत जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर टीबी मरीजों को गोद लेने और फूड बास्केट प्रदान करने वाले लोगों की संख्या में बढ़ोतरी लाने के निर्देश दिये।

इस दौरान उन्होंने सीएसआर के तहत भी फूड बास्केट वितरण करने में बढ़ोतरी लाने के निर्देश दिये।इसके लिये उन्होंने सीएस को सभी प्रखंड, अंचल व जिला के सभी कार्यालय प्रधान को चिट्ठी लिखकर टीबी के मरीजों को गोद लेने व फूड बास्केट के वितरण में सहभागिता निभाने की बात कही।बैठक में सहायक समाहर्ता, सिविल सर्जन, जिला शिक्षा पदाधिकारी, विभिन्न प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सभी प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक समेत अन्य उपस्थित रहे।

## मुहर्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर निकाला गया फ्लैग मार्च

सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वाले पर पुलिस की पैनी नजर : एसडीओ



**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद में शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मुहर्रम मनाने को लेकर शुक्रवार को पुलिस प्रशासन एवं सुरक्षा बलों ने फ्लैग मार्च किया। यह फ्लैग मार्च हुसैनाबाद थाना परिसर से शुरू होकर मधुशाला रोड, गांधी चौक, पुरानी बाजार, मकबरा रोड, रविदास नगर, लंबी गली, मुख्य बाजार, अंबेडकर चौक, जयप्रकाश चौक होते हुए थाना परिसर में पहुंचकर समाप्त हुआ। इस फ्लैग मार्च में हुसैनाबाद एसडीओ ओम प्रकाश गुप्ता, हुसैनाबाद एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब, कार्यपालक दंडाधिकारी अनंत झा, हुसैनाबाद अंचलाधिकारी पंकज कुमार, बीडीओ सुनील वर्मा, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी, देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार, महिला थाना प्रभारी पार्वती कुमारी, एसआई मुकेश सिंह, वीरेंद्र कुमार मेहता, कमल किशोर पांडेय, मुन्ना यादव, नर्मदेश्वर सिंह, धर्मेंद्र सिंह, सुबोध कुमार समेत अन्य कई पुलिस के जवान शामिल थे।

मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी ओम प्रकाश गुप्ता ने कहा कि मुहर्रम के मौके पर हुड़दंग करने वाले एवम सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वाले लोगों पर पुलिस की पैनी नजर है। उन्होंने क्षेत्र वासियों से अपील करते हुए कहा कि मुहर्रम में एकता के साथ त्यौहार मनाने से अन्य जगह लोग भी हुसैनाबाद वासियों को सराहेंगे। हुसैनाबाद एसडीपीओ एस मो याकूब ने क्षेत्र वासियों से मोहर्रम पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन को सहयोग करने कि अपील की।

### देर रात गाजे बाजे के साथ निकला गया सातवीं का जुलूस

**सतबरवा, पलामू :** पलामू जिले के सतबरवा प्रखंड क्षेत्र के करमा गांव में गुरुवार को मोहर्रम का सातवीं का जुलूस सभी मुहल्ले से देर रात गाजे बाजे के साथ निकला गया। जुलुश सभी चौक चौराहे होते हुए चौक पहुंच कर उसके बाद फातेहा पढ़ा गया जुलुस में या अली या हुसैन नारे तकबीर का नारे बुलंद किया गया जुलुस में शामिल लोगों सभी अखाड़े लेकर चल रहे थे और मातम किया गया चौक पर फातेहा होने के बाद जुलुस संपन्न हुआ वही खिलाड़ियों द्वारा कई करतब दिखाया गया जुलुश में शामिल वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता अबुल हसन उर्फ जुमन मियां डॉ जहीदुल्ला मकसूद आलम इसरार अहमद मोहर्रम इंतजामिया कमेटी के सदर वकील अहमद युवा व्यवसाय शमशाद अंसारी तहसीन रजा मोहर्रम इंतजामिया कमेटी के पूर्व सदर इकबाल अंसारी सिप्टन रजा जाहिर अंसारी गुलाम मुस्तफा अलाउद्दीन अंसारी फैजान राजा आरिफ अंसारी अबुसले आलम रजा अंसारी केसर रिजवी मरगूब अहमद समेत कमेटी कई लोग मौजूद थे।

## खबर कोना

### हरिहरगंजः ममरखा गांव में शराब तस्करी का बड़ा भंडाफोड़, 24,000 बोतल अंग्रेजी शराब जप्त

**हरिहरगंज (पलामू) :** गुरुवार की रात हरिहरगंज प्रखंड के ममरखा गांव में पुलिस एवं उत्पाद विभाग की संयुक्त कार्रवाई में शराब तस्करी का बड़ा खुलासा हुआ। कार्रवाई के दौरान करीब 1000 पेटियों में करीब 24,000 बोतल विभिन्न ब्रांड की अंग्रेजी शराब बरामद की गई। यह कार्रवाई रात्रि करीब 8:00 बजे की गई। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि शराब की यह बड़ी खेप बिहार में तस्करी के लिए भेजी जानी थी। चूंकि बिहार में शराबबंदी कानून लागू है, ऐसे में झारखंड के सीमावर्ती क्षेत्रों का उपयोग तस्करी के लिए किए जाने की आशंका पहले से रही है। जब्त शराब की कीमत लाखों रुपए में अनुमानित की गई हैं थाना प्रभारी चंदन कुमार और उत्पाद अधीक्षक संजीत कुमार देव ने बताया कि यह अवैध शराब ममरखा गांव निवासी वकील सिंह के घर से बरामद की गई है। पुलिस अन्य साक्ष्यों के आधार पर इस नेटवर्क में संलिप्त लोगों की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए आगे की कार्रवाई कर रही है।

### वन है तो जीवन और अमन हैः अविनाश देव



**मेदिनीनगर :** तीन जुलाई से एक सप्ताह के लिए पर्यावरण दिवस मनाया जाता है।इसकी शुरूआत तो पचास के दशक में ही हो गया था, किंतु वैश्विक ताप के मद्देनजर विभाग का नाम भी बदला गया और वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग रखा गया। वन के बेतहाशा कटाई से पर्यावरण असंतुलित हुआ और विकास के नाम पर आधारभूत संरचना के निर्माण से जलवायु भी परिवर्तन किया। इन्हीं सब बातों को लेकर हर साल वन महोत्सव मनाया जाता है। इस साल पलामू वन प्रमंडल के द्वारा 76 वाँ वन महोत्सव का आयोजन स्थानीय कचरवा डैम क्षेत्र में वृक्षारोपण किया गया। जहां विशिष्ट अतिथि शामिल हुए। स्वच्छता के ब्रांड एंबेसडर होने के नाते नगर निगम के लोग विशेष तौर पर आमंत्रित किये। मुख्य अतिथि पलामू सांसद बी. डी. राम, उप विकास आयुक्त पलामू, अनुमंडल अधिकारी सदर व छतरपुर वन प्रमंडल पदाधिकारी पलामू के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर वन महोत्सव को उद्घाटन किए। आज मेरे संत मरियम विद्यालय के बेटियों ने वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन पर धारदार बात रखी। साथ में पौधारोपण कार्यक्रम में शामिल हुए। अल्प संबोधन में हमने कहा वन है तब ही जीवन है, वन है तो अमन है। विकास और अत्याधुनिक जीवनशैली के नाम पर आज मानव जीवन नरकीय बनता जा रहा है। धरती पर युद्ध की स्थिति है।हम सबको आने वाली नस्लों और पृथ्वी के अस्तित्व के लिए हर आदमी को एक एक पेड़ लगाना चाहिए। तभी अमन के साथ जीवन बचेगा।

# बिना आमसभा कराए की जा रही आंगनबाड़ी सहायिका की बहाली, ग्रामीणों ने जताया विरोध

देशप्राण संवाददाता



**पांकी (पलामू) :** पांकी प्रखंड के लोहरसी पंचायत अंतर्गत तितलंगी गांव में आंगनबाड़ी केंद्र पर सहायिका पद के लिए बिना आमसभा कराए चयन प्रक्रिया चलाने का मामला सामने आया है। इसको लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। जानकारी के अनुसार, तितलंगी गांव के आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका पद के लिए आमसभा कर ग्रामीणों की उपस्थिति में पारदर्शी चयन प्रक्रिया होनी थी, लेकिन अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा मिलीभगत कर बिना आमसभा कराए अपनी पसंद की महिला को चुनने की कोशिश की जा रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि पांकी की आंगनबाड़ी सुपरवाइजर जागृति देवी, लोहरसी पंचायत की मुखिया चिंता देवी और वर्तमान सेविका शारदा देवी ने मिलकर शारदा देवी की छोटी गोतनी के पक्ष में चयन करवा दिया। ग्रामीणों ने इस मनमानी और अपारदर्शिता के खिलाफ विरोध दर्ज कराया है और निष्पक्ष चयन प्रक्रिया की मांग की है।

फर्जी सर्टिफिकेट और मोटी रकम लेकर हो रही बहाली!

यह अकेला मामला नहीं है। ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकताओं का आरोप है कि पांकी प्रखंड के अन्य पंचायतों में भी सेविका व सहायिका पद के लिए चयन प्रक्रिया में भारी गड़बड़ियाँ हो रही हैं। कई जगहों पर फर्जी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के आधार पर अधिक अंक दर्शाकर बहाली की जा रही है। सूत्रों का कहना है कि इस पूरी प्रक्रिया में कुछ अधिकारी और दलाल सक्रिय हैं जो मोटी रकम लेकर चयन करवा रहे हैं। इसके चलते योग्य व जरूरतमंद महिलाएँ वंचित हो रही हैं।

ग्रामीण दिलीप पासवान, विपिन पासवान, पंकज पासवान, विशाल पासवान, कुलदीप पासवान, रंजीत पासवान, विदेशी यादव ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच हो और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में ऐसी धांधलियों पर रोक लग सके।

## राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के मुख्य संरक्षक की भूमिका में रहेंगे मंत्री राधाकृष्ण किशोर : सतीश कुमार

अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी दीपिका कुमारी, फिल्म अभिनेता जैकी श्रॉफ व मिथुन चक्रवर्ती भी भाग लेंगे

देशप्राण संवाददाता

**मेदिनीनगर :** वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर के नई मुहल्ला स्थित आवास पर राजा मेदनीराय तीरंदाज एकेडमी व झारखण्ड आन्दोलनकारी संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल ने वार्ता कर चलानी किला शाहपुर मे तीन दिवसीय चलने वाला राज्य स्तरीय तिरंदाजी प्रतियोगिता के मुख्य संरक्षक के भूमिका निभाने की सहमति प्रदान की है। ज्ञातव्य हो कि तीन दिवसीय प्रतियोगिता में तिरंदाजी कराटे मार्शल आर्ट के साथ सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा। कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय राज्यपाल संतोष गंगवार करेंगे। उक्त कार्यक्रम में फिल्म अभिनेता जैकी श्राफ, मिथुन चक्रवर्ती व अंतरराष्ट्रीय खिलाडी दीपिका कुमारी व कई फोक गायक व झारखण्डी गायक शामिल होंगे।

कार्यक्रम के समापन मे झारखंड के पुर्व उप मुख्यमंत्री सह केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो को शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रमों ऊतत के सफल आयोजन के लिए पलामू के बडे पदाधिकारी प्रतिष्ठित व्यवसायी, चिकित्सक, शिक्षाविद, मिडीया कर्मी, रंगकर्मी, सभी दलो के राजनीतिक व समाजिक कार्यकर्ता सभी विद्यालय व एनजीओ की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। चलानी किला के सफाई व लाईट की व्यवस्था निगम आयुक्त जावेद हुसैन के सौजन्य से आरंभ कर दी गई है।

कार्यक्रम के आयोजन में तिरंदाज एकेडमी के सतीश कुमार संरक्षक अविनाश देव बालकिशुन उरांव दाऊद केरकेट्टा राजु कुमार प्रजापति शंखनाथ सिंह चेरो धर्मेंद्र चन्द्रवंशी प्रदीप सिन्हा बसंत हेमरम पुनिया टोपनो शाहिन संतोष कुमार प्रशिक्षक दीपक कुमार गुप्ता संतन कुमार अभिशेख पाण्डेय सलोमी टोपनो मंजू चन्द्रा केलवेन्सिया टोपो बिलंगना किंडो बलराम उरांव की महत्वपूर्ण भूमिका है।

# नगर पंचायत क्षेत्र की समस्याओं के समाधान को लेकर किया प्रदर्शन

देशप्राण संवाददाता




**हुसैनाबाद, पलामू :** नगर पंचायत हुसैनाबाद अन्तर्गत आमलोगों का जनजीवन को प्रभावित करने वाली समस्याओं का समाधान कराने को लेकर अधिवक्ता प्रेमतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में शहर की ज्वलंत समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया गया। मांगों से संबंधित ज्ञापन कार्यपालक पदाधिकारी को सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से जिन समस्याओं के प्रति ध्यान आकृष्ट कराया गया है, उसमे हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र अन्तर्गत कार्यालय, सड़क के किनारे सुखे पेड़ की टहनिया झुल रही है। जो बरसात के मौसम में कभी भी किसी व्यक्ति या वाहन पर गिर सकता है। जिससे जान-माल की हानी हो सकती है। इसलिए ऐसे पेड़ो को चिन्हीत कर, कटवाकर हटाना जरूरी है।

हुसैनाबाद नगर पंचायत अन्तर्गत लावारिस कुतों को वैक्सीन लगाई जाय, ताकि किसी व्यक्ति को काटने पर विष का प्रभाव न हों। हुसैनाबाद नगर पंचायत अन्तर्गत सड़क किनारे की सभी लाईट को मरमम्त कर चालू कि जाए। हुसैनाबाद नगर पंचायत अन्तर्गत नालियों की सफाई की जाए एवं सड़को पर जल जमाव से मुक्ती के लिए स्थान चिन्हित कर कार्य कराई जाए। हुसैनाबाद नगर पंचायत अन्तर्गत मच्छरों के प्रभाव से बचाव के लिए उचित कदम उठाई जाए।

हुसैनाबाद नगर पंचायत अन्तर्गत मांस बिक्री केन्द्र एवं फल सब्जी तथा खाद्य पदार्थ जैसे होटलों का प्रबंधन पर भी जाँच कर मौसम के अनुकूल दिशा निर्देश जारी किया जाय। ताकि उपभोक्ता स्वस्थ रह सकें। नगर पंचायत हुसैनाबाद क्षेत्र में पानी की सप्लाई नियमित किया जाए। नगर पंचायत हुसैनाबाद क्षेत्र की सड़को को अतिक्रमण मुक्त किया जाए। पत्र में कहा गया है कि उपरोक्त मांगो को एक सप्ताह के अन्दर पुरा किया जाए। अन्यथा बाध्य होकर आंदोलनात्मक विरोध प्रदर्शन करने पर मजबूर होना पड़ेगा। मौके पर उपस्थित कार्यपालक पदाधिकारी तर्निश कुमार हंस ने कहा कि आप सबों की मांगों पर विचार करते हुए शीघ्र ही सभी समस्याओं का निष्पादन कर दिया जाएगा। मौके पर अधिवक्ता मधु लता रानी, अनिमेष अग्रवाल, सचिन आनंद, मुकेश सिंह, अजय गुप्ता, प्रयाग मेहता, गुप्तेश्वर यादव, संतोष गुप्ता, चिंटू कुमार समेत कई शामिल थे।

### पलामू में एनएच कंस्ट्रक्शन साइट पर फायरिंग, एक मजदूर को लगी गोली

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले में नेशनल हाईवे 39 के कंस्ट्रक्शन साइट पर बाइक सवार अपराधियों ने फायरिंग की है। इस फायरिंग की घटना में एक मजदूर को कमर में गोली लगी है और उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई है और पूरे मामले की छानबीन कर रही है। दरअसल, पलामू में नेशनल हाईवे 39 का फोरलेन का निर्माण कार्य चल रहा है। सदर थाना क्षेत्र के सिंगरा खुर्द में नेशनल हाईवे 39 का फोरलेन का कार्य चल रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार की सुबह 5:30 के करीब बाइक सवार अपराधी सिंगरा खुर्द में कंस्ट्रक्शन साइट पर पहुंचे और फायरिंग की घटना को अंजाम दिया है। इस फायरिंग की घटना में टेंट में सो रहे एक मजदूर को गोली लगी है जिसे इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जबकि अपराधियों ने कई राउंड हवाई फायरिंग भी की है। इस घटना को अंजाम देने के बाद बाइक सवार अपराधी फरार हो गए हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद सदर थाना की पुलिस मौके पर पहुंच गई है और पूरे मामले में छानबीन कर रही है। जिस जगह पर यह घटना हुई है वहां पर नेशनल हाईवे का फ्लाईओवर का निर्माण कार्य चल रहा है और फ्लाईओवर के नीचे ही मजदूर टेंट लगाकर रहते हैं।

## गरीब व जरूरतमंदों को नहीं मिल रहा अबुआ आवास योजना का लाभ

देशप्राण संवाददाता



**नावाबाजार (पलामू) :** झारखंड में अबुआ राज की परिकल्पना को साकार करने को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा धरातल पर अबुआ आवास योजना की शुरूआत की गई है। अबुआ आवास योजना के तहत गरीब व जरूरतमंद परिवारों को तीन कमरों का घर उपलब्ध कराया जा रहा है। लेकिन पंचायत के जिम्मेवार लोगों की निष्क्रियता के कारण गरीब व जरूरतमंद परिवार योजना का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। नावाबाजार प्रखंड का पंचायत जहां जिम्मेवार लोगों की मिलीभगत से सुविधा संपन्न लोगों को प्रधान मंत्री व अबुआ आवास योजना का लाभ दिया गया।

वहीं जरुरतमंद सरकार की अतिमहत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास के लिए इंतजार करते रह गए। पंचायत के जिम्मेवार लोगों के द्वारा ग्रामसभा के माध्यम तैयार सूची को प्रखंड भेजा गया है।

कंडा पंचायत के कंडा गांव निवासी रामवन भुईयां का खपरैल व जर्जर एक कमरे का मिट्टी का घर है। परिवार के सदस्यों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। रामवन भुइयां के द्वारा अबुआ आवास योजना को ले आवेदन किया गया था। फिर भी सूची में नाम शामिल नहीं किया गया। प्रखंड कार्यालय के द्वारा पंचायत को ग्राम सभा कर जरूरतमंदों की सूची की मांग की गई थी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

प्रखंड में रामवन भुइयां अकेला व्यक्ति नहीं ऐसे कई नाम हैं जो आवास के लिए भटक रहे। प्रखंड के सभी पंचायत क्षेत्र के गांवों में ऐसे कई नाम सुनने और देखने को मिलेंगे। जिन्हें आवास से वंचित किया गया है। नावाबाजार प्रखंड के बसना, राजहरा , तुकबेरा, कंडा, सोहदागखुर्द, कुंभी कला आदि पंचायतों में गरीब व जरूरतमंदों को अबुआ आवास का लाभ जरुरतमंदो को नहीं मिल रहा है।

### अंतरराज्यीय समन्वय को लेकर हरिहरगंज थाने में हुई बैठक, किया गया फ्लैग मार्च



**हरिहरगंज (पलामू) :** हरिहरगंज थाना परिसर में मुहर्रम के सफल, शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण आयोजन को ले अंतर्राज्यीय समन्वय को लेकर बैठक हुई। इकी अध्यक्षता अनुमंडल दंडाधिकारी छतरपुर ने की। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी छतरपुर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी औरंगाबाद, प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिहरगंज, अंचलाधिकारी हरिहरगंज, थाना प्रभारी अम्बा, कुटुंबा थाना व पिपरा थाना के पुलिस पदाधिकारी, जुलूस लाइसेंसधारी व स्थानीय गणमान्य उपस्थित थे। बैठक में मुहर्रम को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए विधि-व्यवस्था, जुलूस मार्ग, समयबद्धता, ध्वनि सीमा, ट्रैफिक व्यवस्था व अन्य आवश्यक तैयारियों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। सभी संबंधित विभागों को समन्वय बनाकर कार्य करने व किसी भी स्थिति में त्वरित कार्रवाई हेतु सतर्क रहने के निर्देश दिए गए। बैठक के उपरांत सामूहिक फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया। इससे आम जनता में सुरक्षा की भावना उत्पन्न करने व मुहर्रम के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने को ले विश्वास बहाल किया गया।

# मुहर्रम को लेकर जोर-शोर से तैयारियां, कर्बला के नक्शे पर बन रही भव्य ताजिया

देशप्राण संवाददाता



**नवाबाजार (पलामू) :** मुहर्रम का महीना आते ही इमाम हुसैन की शहादत को याद करने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत कंडा में भी मुहर्रम को लेकर गहमागहमी है। यहां की मुहर्रम इंतजामिया कमेटी द्वारा भव्य और आकर्षक ताजिया का निर्माण किया जा रहा है, जो कर्बला की यादों को जीवंत कर देगा।

कमेटी के सदर सलीम खलीफा ने बताया कि इस वर्ष का ताजिया कर्बला के ऐतिहासिक नक्शे के आधार पर बनाया जा रहा है, जिसमें पारंपरिक शिल्प और आधुनिक सजावट का अनूठा संगम होगा। ताजिया की ऊँचाई करीब 15 फीट रखी जा रही है, जिसे लकड़ी, थमाकोल और चमकदार शीशों से सजाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि कमेटी के सदस्य पिछले कई दिनों से दिन-रात एक कर के निर्माण कार्य में लगे हुए हैं। गांव के बच्चे, बुजुर्ग और युवा सभी किसी न किसी रूप में इस पवित्र कार्य में भाग ले रहे हैं। यह ताजिया सिर्फ धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि पूरे गांव के सहयोग और भाईचारे की मिसाल भी बन गया है। मौके पर उपस्थित प्रमुख लोग मुखिया नरेंद्र सिंह, मुमताज खलीफा, मिस्त्री आफताब आलम, इम्तियाज खलीफा, कलीम खलीफा, रेहान रजा, इंडियन रजा, अहमद रजा, शमशाद खलीफा, अली हुसैन, मासूम रजा, शाहिद रजा, योगेंद्र विश्वकर्मा, सुरेंद्र पाल, डॉ. सनत मंडल, आसिफ रजा, जावेद खलीफा, संतोष गुप्ता , अमरेश सिंह, सुनील मेहता, गौरी शंकर सिंह, महेंद्र सिंह, लल्लू सिंह, उपेंद्र यादव, चंद्रप्रकाश, समेत कई लोग लगातार कार्यस्थल पर उपस्थित रहकर सहयोग दे रहे हैं। गांव के लोगों ने बताया कि मुहर्रम के अवसर पर यहां हर साल ताजिया जुलूस शांतिपूर्वक निकाला जाता है, जिसमें हिन्दू-मुस्लिम सभी समुदायों की भागीदारी होती है। इस बार भी उम्मीद है कि यह आयोजन आपसी सौहार्द और सामाजिक एकता की मिसाल कायम करेगा।

### आरसीआईटी में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक थैला मुक्त दिवस



**विश्रामपुर (पलामू) :** विश्रामपुर नावाडीह कला स्थित आरसीआईटी के सभागार में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक थैला मुक्त दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कई कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान आरसीयू के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने छात्र – छात्राओं को प्लास्टिक थैला का उपयोग नहीं करने के लिए प्रेरित किया। डिन फेकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग डॉ अविनाश कुमार की देखरेख में छात्र – छात्राओं के लिये मॉडल डिजाइनिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। मौके पर प्राचार्य डॉ राम कुमार सिंहा सहित कई विभागो के विभागाध्यक्ष व शिक्षक शिक्षिका सहित कई लोग मौजूद थे।

## पांकी विधायक ने नीलांबर-पीतांबरपुर क्षेत्र में 10 महत्वपूर्ण सड़कों का किया शिलान्यास

देशप्राण संवाददाता



**नीलांबर पीताम्बरपुर (पलामू):** पांकी विधानसभा क्षेत्र के नीलांबर पीतांबरपुर (लेस्लीगंज) में पांकी विधायक डॉक्टर कुशवाहा शशि भूषण मेहता ने दस महत्वपूर्ण नयी सड़क का शिलान्यास पूरे विधिपूर्वक नारियल फोड़ कर किया। जिसका लागत पन्द्रह करोड़ बीस लाख सत्तावन हजार रुपये है। जो पांकी क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक सौगात है।

वही विधायक डॉक्टर कुशवाहा शशि भूषण मेहता ने कहा कि आज हम सभी के लिए गर्व और खुशी का अवसर है। यह सड़कें न सिर्फ हमारे गांव-शहर को जोड़ेंगी, बल्कि दिलों को भी करीब लाएगी। किसानों की उपज अब बाजार तक आसानी से पहुँचेगी। बीमार को हॉस्पिटल ले जाना सरल होगा और हमारे बच्चों का स्कूल पहुँचना भी सुरक्षित होगा। वही इन सड़कों की विस्तार रूप से जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि पी डब्लू डी पथ राजोगाड़ी से बांसदोहर तक 4.56 किमी, परसिया मोड़ से बौराखाड़ तक 3.32 किमी, दारुडीह मेन रोड लोहरा तक 2.10 किमी अंबेडकर चौक से जुरु तक 1.20 किमी पी डब्लू डी रोड से सोनेसराय तक 3.25 किमी, साहद से ओरियाकला तक 1.50 किमी, राजोगाड़ी रोड से खैराट तक 4.20 किमी, पी. डब्लू. डी. रोड मुरुमुसी से बनुआ तक 6.50 किमी, पी. डब्लू. डी. रोड रामसागर से फुलांग तक 3.00 किमी, दिदरी सांगबार से गोराडीह मोड़ तक 3.00 किमी रोडो. का शिलान्यास किया गया।

मौके पर प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि सुनील कुशवाहा, सागंबार पंचायत मुखिया गीता देवी, अधिवक्ता लाला प्रसाद यादव, निर्मल मेहता, समाजसेवी विरेन्द्र मेहता, दिलीप मेहता, सगालिम पंचायत मुखिया सुनील प्रजापति, विधायक प्रतिनिधि मिंटी वर्मा, मुखिया गुड्डूपासवान, पुष्पा देवी, भोला साव, कार्तिक सिंह, सुधिर तिवारी, सुजीत मुखिया, विभिन्न कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नेशनल आर्मरेसलिंग चैंपियनशिप में मेजबान केरल बना चैम्पियन

## 74 गोल्ड समेत कुल 215 पदक जीते

**नई दिल्ली, 04 जुलाई (हि.स.)।** केरल के थ्रिस्सूर शहर ने 28 जून से 2 जुलाई तक आयोजित 2025 पीएएफआई नेशनल आर्मरेसलिंग चैंपियनशिप में खेल, शक्ति और उत्साह का शानदार संगम देखा। इस राष्ट्रीय आयोजन को केरल आर्मरेसलिंग एसोसिएशन ने पीपल्स आर्मरेसलिंग फेडरेशन इंडिया (पीएएफआई) के तत्वावधान में आयोजित किया। पूरे देश से विभिन्न वर्गों के शीर्ष आर्मरेसलर्स ने इस मुकाबले में भाग लिया और हजारों दर्शकों ने इस खेल के प्रति अपने बढ़ते प्रेम को साबित किया।

इस अवसर पर परवीन डबास ने कहा, ₹इस साल का नेशनल चैंपियनशिप बेहद रोमांचक रहा। खिलाड़ियों के बीच जबरदस्त मुकाबले देखने को मिले, जो अगस्त में होने वाली प्रो पंजा लीग सीजन 2 का एक ट्रेलर जैसा था। प्रीति झंगियानी ने भी प्रतियोगिता की सराहना करते हुए कहा, ₹इस तरह के आयोजन देशभर के युवा खिलाड़ियों को मंच देते हैं और भारतीय आर्मरेसलिंग के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखते हैं। थ्रिस्सूर के लोगों का हार्दिक स्वागत और जोश देखना भी अविस्मरणीय अनुभव रहा। 2025 के इस आयोजन ने न केवल खिलाड़ियों के टैलेंट को मंच दिया, बल्कि भारतीय आर्मरेसलिंग को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की दिशा में एक अहम कदम भी साबित हुआ। इस आयोजन के मुख्य अतिथि सांसद के. राधाकृष्णन थे, वहीं केरल आर्मरेसलिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अजु जैकब, प्रो पंजा लीग के संस्थापक परवीन डबास और पीएएफआई की अध्यक्ष व एशियन आर्मरेसलिंग फेडरेशन की उपाध्यक्ष प्रीति झंगियानी भी विशेष रूप से मौजूद रहीं।




परवीन और प्रीति को पारंपरिक केरल वेशभूषा में देखा गया, जिससे स्थानीय संस्कृति को सम्मान मिला। मेजबान राज्य केरल ने धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए 74 स्वर्ण, 91 रजत और 50 कांस्य पदकों के साथ 1813 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। दूसरे स्थान पर रहा मेघालय, जिसने 23 स्वर्ण, 15 रजत और 12 कांस्य पदक जीते (कुल 480 अंक), जबकि नई दिल्ली ने 17 स्वर्ण, 17 रजत और 12 कांस्य पदकों (477 अंक) के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। चैम्पियन ऑफ चैम्पियंस में युवराज, योगेश और हरकोमल चमके। सीनियर पुरुष वर्ग में युवराज वर्मा ने दारा सिंह हांडा को हराकर ह्यचैम्पियन ऑफ चैम्पियंस का खिताब जीता, वहीं सीनियर महिला वर्ग में अनुभवी योगेश चौधरी ने यह सम्मान अपने नाम किया। यूथ बॉयज में पंजाब के हरकोमल गिल, यूथ गर्ल्स में तेजा पीजे, जूनियर बॉयज में आभास राणा, जूनियर गर्ल्स में जोशुआ एम, सब-जूनियर लड़के में ऋतुराज पांडे, सब-जूनियर लड़कियां में फातिमा फिदा एएस, मास्टर्स महिला में योगेश, मास्टर्स पुरुष में शाजू एयू, पैरा सिटिंग वर्ग में हरीश वर्मा, पैरा स्टैंडिंग वर्ग में श्रीनिवास, और पैरा स्टैंडिंग महिलाएं में परलीन कौर को चैम्पियन ऑफ चैम्पियंस घोषित किया गया।

## खबर कोना

### मैट रेनशॉ और जेसन सांघा करेंगे ऑस्ट्रेलिया-ए की कप्तानी, श्रीलंका-ए के खिलाफ होगी सीरीज



**मेलबर्न, 4 जुलाई (हि.स.)।** ऑस्ट्रेलिया की एकदिवसीय टीम की नई संरचना की दिशा में कदम बढ़ाते हुए, अनुभवी बल्लेबाज मैट रेनशॉ को ऑस्ट्रेलिया-ए की 50 ओवरों की टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। वहीं, प्रतिभाशाली बल्लेबाज जेसन सांघा को श्रीलंका-ए के खिलाफ चार दिवसीय मुकाबलों के लिए कप्तानी सौंपी गई है। श्रीलंका-ए की टीम तीन एकदिवसीय और दो चार दिवसीय मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे पर है। यह मुकाबले डार्विन के मारारा ओवल में 5 जुलाई से शुरू होंगे। चार दिवसीय मुकाबले क्रमशः 13 और 20 जुलाई से खेले जाएंगे। हालांकि, अनुभवी नाथन मैकस्वीनी टीम का हिस्सा हैं और वे ऑस्ट्रेलिया-ए के नियमित कप्तान रहे हैं, फिर भी चयनकताओं ने इस बार नेतृत्व की जिम्मेदारी रेनशॉ और सांघा को सौंपने का फैसला किया है। चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा कि यह फैसला युवा खिलाड़ियों को नेतृत्व का अनुभव देने की रणनीति के तहत लिया गया है। बेली ने एक बयान में कहा, नाथन मैकस्वीनी स्वाभाविक लीडर हैं, उन्होंने ऑस्ट्रेलिया-ए, साउथ ऑस्ट्रेलिया और प्रधानमंत्री एकादश के लिए शानदार कप्तानी की है। लेकिन हम चाहते हैं कि रेनशॉ और सांघा को भी नेतृत्व का अनुभव मिले।

### दिल्ली प्रीमियर लीग सीजन 2 के लिए डीडीसीए ने जारी किए खिलाड़ियों की नीलामी के नियम



**नई दिल्ली, 04 जुलाई (हि.स.)।** दिल्ली एंड डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (डीडीसीए) ने दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल टी20) सीजन 2 के लिए पुरुष और महिला खिलाड़ियों की नीलामी के नियम और संरचना की आधिकारिक घोषणा कर दी है। यह नीलामी 6 जुलाई को पुरुषों के लिए और 7 जुलाई को महिलाओं के लिए नई दिल्ली में आयोजित की जाएगी। इसका सीधा प्रसारण फैनकोड पर किया जाएगा। इस सीजन को पहले से भी बड़ा और प्रतिस्पर्धात्मक बनाने के उद्देश्य से डीडीसीए ने एक अहम फैसला लेते हुए घोषणा की है कि आयु अब चयन में बाधा नहीं होगी। यानी अंडर-16 सहित सभी आयु वर्ग के खिलाड़ी नीलामी में शामिल हो सकेंगे। इससे युवाओं को मौका मिलेगा और नए सितारे सामने आ सकेंगे। **10 से अधिक आईपीएल खिलाड़ियों की होगी बोली:** पुरुष नीलामी में ऋषभ पंत, इशांत शर्मा, अयुष बडोनी, प्रियंश आर्य, हर्षित राणा, हिम्मत सिंह, सुयश शर्मा, मयंक यादव, अनुज रावत जैसे कई नामी खिलाड़ी नीलामी के आकर्षण का केंद्र होंगे। इन खिलाड़ियों की मौजूदगी से सीजन-2 और भी रोचक और प्रतिस्पर्धी होने की उम्मीद है।

### 'एनसी क्लासिक' भारत में बनेगा विश्वस्तरीय एथलेटिक्स इवेंट्स का रास्ता : नीरज चोपड़ा



**बेंगलुरु, 4 जुलाई (हि.स.)।** दोहरे ओलंपिक पदक विजेता और विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा का सपना अब साकार होता दिख रहा है। शनिवार को बेंगलुरु में आयोजित होने जा रहे ह्यनीरज चोपड़ा क्लासिक (एनसी क्लासिक) जेवलिन थ्रो मीट को लेकर नीरज ने उम्मीद जताई है कि यह टूनार्मेंट भविष्य में भारत में और भी बड़े अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स आयोजनों की नींव बनेगा। यह टूर्नामेंट नीरज चोपड़ा और भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के संयुक्त तत्वावधान में हो रहा है और यह भारत में आयोजित होने वाला अब तक का सबसे उच्च रेटिंग वाला एथलेटिक्स आयोजन माना जा रहा है। प्रतियोगिता की पूर्व संध्या पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में नीरज ने कहा, सबसे जरूरी बात ये है कि इस आयोजन को सफल बनाना है। प्रदर्शन की बात तो है ही, लेकिन उससे ज्यादा अहम ये है कि यह इवेंट सफल हो ताकि इसे और आगे बढ़ाया जा सके। भविष्य में इसमें और खेल जोड़ें जाएं और भारतीय खिलाड़ियों को बड़े मंच पर मौका मिले। 27 वर्षीय नीरज ने भावुक होते हुए कहा कि उन्होंने कभी सोचा भी नहीं था कि उनके नाम से कोई अंतरराष्ट्रीय स्तर का आयोजन होगा। उन्होंने कहा, ये एक ऐसा सपना है जो मैंने कभी देखा भी नहीं था लेकिन अब जब एएफआई, सरकार, वर्ल्ड एथलेटिक्स और प्रायोजकों का साथ मिल रहा है तो लगता है कुछ भी संभव है। उन्होंने बताया, कल जब मैं जिम में ट्रेनिंग कर रहा था और थॉमस रोहलर और बाकी थ्रोअर मैदान पर अभ्यास कर रहे थे, तब मुझे अहसास हुआ कि यही वह पल है जिसका मैं इंतजार कर रहा था।

# राष्ट्रपति मुर्मू ने 134वें डूरंड कप की तीन ट्रॉफियों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**नई दिल्ली, 04 जुलाई (हि.स.)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मूने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र से 134वें इंडियन ऑयल डूरंड कप की तीन प्रतिष्ठित ट्रॉफियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह एशिया का सबसे पुराना और देश का सबसे प्रतिष्ठित फुटबॉल टूनार्मेंट है, जिसकी औपचारिक शुरूआत देश की खेल परंपरा और सैन्य सेवा भावना का प्रतीक बनी। यह लगातार दूसरा वर्ष है, जब राष्ट्रपति ने इस प्रतीकात्मक कार्य को अंजाम दिया।




राष्ट्रपति मुर्मु ने अपने संबोधन में कहा, ह्लफुटबॉल केवल एक खेल नहीं, यह करोड़ों लोगों का जुनून है। यह रणनीति, सहनशक्ति और सामूहिक लक्ष्य की भावना को दशार्ता है। डूरंड कप जैसे आयोजन न केवल खेल भावना को बढ़ावा देते हैं, बल्कि युवा खिलाड़ियों को मंच भी प्रदान करते हैं ह्व उन्होंने भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा इस परंपरा को बनाए रखने और बढ़ावा देने की सराहना की। डूरंड कप, प्रेसिडेंट्स कप और शिमला ट्रॉफी की यात्रा अब पांच मेजबान राज्यों पश्चिम बंगाल, झारखंड, असम, मेघालय और मणिपुर में निकाली जाएगी। यह ट्रॉफी यात्रा 23 जुलाई को शुरू हो रहे टूर्नामेंट से पहले जनता में उत्साह और जुड़ाव पैदा करने का उद्देश्य रखती है। फाइनल मुकाबला 23 अगस्त को होगा। इस अवसर पर प्रमुख सैन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे, जिनमें थलसेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेनाध्यक्ष एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी, वायुसेनाध्यक्ष एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह थे।

### बीएमपीएस के ग्रैंड फिनाले में खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने की ईस्पोर्ट्स की सराहना

# भारतीय युवा बदल रहे डिजिटल खेलों का भविष्य : रक्षा खडसे

**नई दिल्ली, 04 जुलाई (हि.स.)।** केंद्रीय युवा मामले एवं खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने शुक्रवार को बैटलग्राउंड्स मोबाइल इंडिया प्रो सीरीज (बीएमपीएस) 2025 के ग्रैंड फिनाले में शिरकत की। इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर (यशोभूमि) द्वारका में 4 से 6 जुलाई तक आयोजित टूर्नामेंट में देश की शीर्ष 16 बीजीएमआई प्रोफेशनल टीमें 4 करोड़ रुपये की इनामी राशि के लिए मुकाबला कर रही हैं।

इस दौरे के दौरान खेल राज्य मंत्री के साथ क्राफ्टन इंडिया के हेड ऑफ गवर्नमेंट अफेयर्स एंड सीएसआर, विभोर कुकरेती सहित कई अधिकारी भी मौजूद रहे। खडसे ने आयोजन स्थल का



निरीक्षण किया और ईस्पोर्ट्स एथलीट्स से बातचीत की। उन्होंने आयोजन की तकनीकी और प्रसारण व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा ईस्पोर्ट्स और पारंपरिक खेलों में समानता है– दोनों में अनुशासन, मानसिक मजबूती और टीमवर्क की आवश्यकता होती है। ईस्पोर्ट्स हमारे युवाओं को डिजिटल युग में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के तहत सरकार विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने, करियर अवसर उपलब्ध कराने और भारतीय प्रतिभा को वैश्विक मंच पर चमकाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# महिला यूरो 2025: स्पेन ने पुर्तगाल को 5-0 से रौंदा

### इटली ने बेल्जियम को 1-0 से हराया

**बर्न, 4 जुलाई (हि.स.)।** महिला यूरो 2025 के ग्रुप बी मुकाबलों में गुरुवार को दो बड़े नतीजे सामने आए। मौजूदा विश्व चैम्पियन स्पेन ने पुर्तगाल को 5-0 से करारी शिकस्त दी, जबकि इटली ने बेल्जियम के खिलाफ 1-0 से महत्वपूर्ण जीत दर्ज की।

स्पेन की ओर से 32 वर्षीय फॉरवर्ड एस्थर गोंजालेज ने दो गोल दागे और टूर्नामेंट में खेलने वाली सबसे उम्रदराज स्पेनिश खिलाड़ी बनीं। उन्होंने सिर्फ 87 सेकंड में गोल कर टीम को बढ़त दिला दी। इसके बाद 18 वर्षीय विकी लोपेज ने अपना पहला अंतरराष्ट्रीय गोल किया, जो स्पेन की ओर से टूर्नामेंट में खेलने वाली सबसे युवा खिलाड़ी बनीं।



कप्तान एलेक्सिया पुटेयास, जो घुटने की चोट के कारण यूरो 2022 से बाहर थीं, ने भी शानदार गोल कर यह दिखा दिया कि वह अब पूरी तरह फिट हैं। 41वें मिनट में उन्होंने तीसरा गोल किया, जबकि दो मिनट बाद गोंजालेज ने अपना दूसरा गोल करते हुए टीम की बढ़त 4-0 कर दी। मैच के आखिरी क्षणों में सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी क्रिस्टीना मार्टिन-प्रियेटो ने हेडर के जरिए पांचवां गोल कर पुर्तगाल की हार को और शर्मनाक बना दिया। मैच से पहले पुर्तगाल और लिवरपूल के फॉरवर्ड डियोगो जोटा और उनके भाई की सड़क दुर्घटना में मौत पर एक मिनट का मौन रखा गया।

दूसरे मुकाबले में इटली ने बेल्जियम को 1-0 से हराकर टूनार्मेंट की अच्छी शुरूआत की। इटली के लिए एकमात्र गोल एरियाना कारूसो ने पहले हाफ के अंतिम क्षणों में किया। बायर्न म्यूनिख की मिडफील्डर कारूसो को बेल्जियम डिफेंस ने चौंकाने वाले तरीके से पूरी तरह अनचेक छोड़ दिया।

# ग्रैंड चेस टूर : डी. गुकेश ने मैग्नस कार्लसन को हराया

**जाग्रेब(क्रोएशिया), 4 जुलाई (हि.स.)।** भारत के युवा ग्रैंडमास्टर और मौजूदा विश्व चैम्पियन डी. गुकेश ने ग्रैंड चेस टूर (जीएसटी) 2025 के दूसरे दिन गुरुवार को नॉर्वे के विश्व नंबर-1 मैग्नस कार्लसन को छठे राउंड में हराकर सनसनी फैला दी। इस जीत के साथ गुकेश टूर्नामेंट में 10 अंकों के साथ एकल बढ़त पर पहुंच गए हैं।



पहले दिन की समाप्ति पर गुकेश संयुक्त लीडर थे, लेकिन अब उन्होंने खुद को सबसे आगे कर लिया है। इससे पहले चौथे और पांचवें राउंड में उन्होंने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव और अमेरिका के फाबियानो कारुआना को शिकस्त दी थी। कार्लसन ने गुकेश के खिलाफ मैच से पहले एक बयान में कहा था कि वे इस मुकाबले को ऐसे लेंगे जैसे वे किसी कमजोर खिलाड़ी से खेल रहे हों।

### वेस्टइंडीज बनाम ऑस्ट्रेलिया का दूसरा टेस्ट

# केरी-वेबस्टर ने संभाली ऑस्ट्रेलिया की पारी, टॉप ऑर्डर फिर रहा नाकाम

**ग्रेनेडा, 4 जुलाई (हि.स.)।** वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के दूसरे मुकाबले के पहले दिन गुरुवार (भारतीय समयानुसार शुक्रवार) को ऑस्ट्रेलिया की टीम 286 रन पर सिमट गई। हालांकि एलेक्स केरी और ब्यू वेबस्टर ने छठे विकेट के लिए 112 रन की साझेदारी कर टीम को बड़े संकट से उबारा।

दोनों बल्लेबाजों ने महत्वपूर्ण अर्धशतक लगाए और टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, लेकिन शुरूआत बेहद खराब रही। टीम ने पहले ही सेशन में तीन विकेट गंवा दिए। उस्मान




ख्वाजा 16 रन पर अल्जारी जोसेफ की इन-स्विंग गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट हुए। इसके तुरंत बाद सैम कॉनस्टास 25 रन बनाकर एंडरसन फिलिप की गेंद पर विकेटकीपर को कैच दे बैठे। स्टीव स्मिथ, जो पहले टेस्ट में उंगली की चोट के कारण नहीं खेले थे, वापसी में केवल 3 रन ही बना सके और जोसेफ की गेंद पर टॉप-एज होकर आउट हो गए।

# फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल का 30वां संस्करण 6 जुलाई को, देशभर में 50,000 से अधिक लोग लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली, 4 जुलाई (हि.स.)।** फिट इंडिया मूवमेंट के तहत आयोजित होने वाले ह्यफिट इंडिया संडे ऑन साइकिलह्ण का 30वां संस्करण 6 जुलाई (रविवार) को देशभर के 6000 से ज्यादा स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। इसमें इस बार रेज़िडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों की भागीदारी को विशेष रूप से जोड़ा गया है।

इस एक दिवसीय फिटनेस अभियान में 50,000 से अधिक प्रतिभागी देशभर में साइकिल चलाकर स्वस्थ, प्रदूषणमुक्त और मोटापा रहित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाएंगे। मुख्य कार्यक्रम दिल्ली में सुबह 7 बजे मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम से आरंभ होगा। यहां से साइकिल सवार इंडिया गेट सी हेक्सागन होते हुए विजय चौक तक जाएंगे और फिर वापस मेजर ध्यानचंद स्टेडियम लौटेंगे। इस अभियान की शुरूआत दिसंबर 2024 में केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया द्वारा की गई थी। तब से यह कार्यक्रम हर रविवार हजारों स्थानों पर आयोजित किया जा रहा है और हर हफ्ते 50,000 से अधिक लोग इसमें हिस्सा ले रहे हैं।

डॉ. मांडविया ने कहा, ₹फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल अब एक जन आंदोलन बन चुका है। इस सप्ताह इसे रेज़िडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों के साथ मिलकर आयोजित किया जा रहा है। मैं सभी नागरिकों और समुदायों से अपील करता हूं कि वे इस पहल



का हिस्सा बनें और साइकिलिंग, योग जैसे फिटनेस गतिविधियों को अपनाकर जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों और प्रदूषण से लड़ें। रेज़िडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों को इस आयोजन में शामिल करने का उद्देश्य स्थायित्व को बढ़ावा देना और स्थानीय समुदायों से जुड़ना है। देश में 5-6 लाख रेज़िडेंट वेलफेयर एसोसिएशन हैं, जो लोगों को सक्रिय और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। वे अपने क्षेत्र में रोजाना साइक्लिंग, योग और अन्य फिटनेस गतिविधियों के लिए निवासियों को प्रोत्साहित कर रहे हैं।

# बरहरवा मालगाड़ी हादसा में रेस्क्यू कार्य तीव्र गति से जारी

देशप्राण संवाददाता





**बरहरवा (साहिबगंज), 5 जुलाई:** मालदा डिवीजन के बरहरवा रेलवे जंक्शन स्टेशन के बिंदु धाम हिल साइड क्षेत्र में गुरुवार को सुबह हुए मालगाड़ी हादसे में लगातार मालदा डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता की देखरेख में रेस्क्यू का कार्य काफी तीव्र से जारी है।

इस बाबत उक्त घटना के तकरीबन 2 घंटे के अंदर घटनास्थल पर पहुंचे मालदा डीआरएम सहित टीम के द्वारा तत्काल ही सभी दुर्घटनाग्रस्त बोगी को हटाने व लाइन क्लियर करने को लेकर जेसीबी, पोकलेन, क्रेन एवं कई एक अत्याधुनिक मशीन की मदद से कार्य काफी तेजी से किया जा रहा है, इंजीनियरिंग, सिग्नल, विद्युत, परिचालन तथा अन्य विभाग की टीमें मरम्मत कार्य में जुटें हैं। वहीं बिजली आपूर्ति हेतु भी अलग टीम के द्वारा पोल लगाने एवं बिजली बहाल हेतु कार्य किये जा रहे हैं। वही बता दे की दुर्घटना के पीछे आखिरकार किसकी लापरवाही रही होगी, जिस पर रेल अधिकारी पूरे गंभीरता से जांच में जुटे हुए हैं। डीआरएम गुप्ता ने स्पष्ट रूप से कहा है कि मामले की बारीकी से जांच पड़ताल कर दोषी जो भी होंगे उनके विरुद्ध कार्रवाई किए जाएंगे। आखिरकार देखना यह है कि रेल अधिकारी की जांच के दौरान किसकी लापरवाही सामने आती है और क्या कुछ कार्रवाई विभाग के द्वारा किया जाता है। क्योंकि पूर्व में भी ऐसी घटना घटित हुई है, जिससे लोगों को दांतों तले उंगली दबाने को मजबूर किया है। वहीं गुरुवार की घटना तो दिल दहलाने वाली घटना है, जिसका आवाज सुनकर लोग अपने-अपने घरों से भागने को मजबूर हो गए थे। बता दे कि उक्त हादसे में जहां तकरीबन 100 फीट तक रेल पटरी के परखच्चे उड़ गए हैं, वहीं तकरीबन 18 बोबीयन और अन्य ट्रेक पर खड़े एक बॉक्सन के साथ-साथ विद्युत पोल व तार भी क्षतिग्रस्त हुआ है। जबकि कई एक बकरा की घटना स्थल पर भी मौत हुई है। हालांकि इस बाबत स्थानीय रेल अधिकारी कुछ भी बताने से फिलहाल मुकर रहे हैं, वही यह आशंका व्यक्त किया जा र\हा है कि लाइन क्लियर कर पुनः लोडिंग का कार्य शुरू करने में रेल प्रशासन को दो से तीन दिन का और समय लग सकता है।

गोड्डा : कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में फूड पॉइजनिंग का मामला

# सैकड़ों छात्राएं की हुई बीमार

## नाश्ता में छिपकली मिलने की आशंका, सदर अस्पताल में चल रहा है इलाज

देशप्राण संवाददाता





**गोड्डा, 05 जुलाई:** सदर प्रखंड के घाट बंका स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में आज स्कूल में पढ़ने वाली बच्चियों के नाश्ता में छिपकली मिलने के बाद विद्यालय में अफरा तफरी मच गई। बताया गया कि इस दौरान नाश्ता कर चुकी कई बच्ची को उल्टी दस्त और माथे में चक्कर तथा पेट दर्द की शिकायत के बाद बच्चियों को आनन फानन में गोड्डा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

गोड्डा सदर अस्पताल में भर्ती बच्चियों ने बताया कि आज सुबह नाश्ता में आलू की सब्जी चूड़ा और का नाश्ता दिया गया था जहां कुछ बच्चियों द्वारा नाश्ता करने के क्रम में छिपकली की अंग निकालने के बाद बच्चियों में अफरा तफरी मच गई। बताया कि इस दौरान कुछ बच्चियां नाश्ता कर चुकी थी वहीं कई बच्चियों की थाली में स्पष्ट रूप से छिपकली की मुंडी और पूंछ देखे जाने के बाद बच्चियों की तबीयत बिगड़ने लगी। बच्चियों ने बताया कि नाश्ता में मिले आलू की सब्जी में छिपकली की पूंछ को मिर्च समझकर खाए जाने के 15- 20 मिनट बाद उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। बताया कि इसके बाद पूरे विद्यालय परिसर में कोहराम मच गया जहां सैकड़ो से ज्यादा बच्चियों को एंबुलेंस एवं अन्य वाहनों से सदर अस्पताल लाया गया। उधर बच्चियों के सदर अस्पताल पहुंचने के बाद स्वास्थ्य महकमा पूरी तरह सक्रिय हो गया और बच्चियों को लगभग सभी वार्ड में भर्ती कर लिया गया। सदर अस्पताल में भर्ती बच्चियों को देखने के लिए अभिभावक गण भी पहुंचे जहां स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा बच्चियों को स्लाइन और ओआरएस का घोल दिया जा रहा था। इस दौरान कई बच्चियां बेहोश दिखी तो दूसरी तरफ कई बच्ची की हालत गंभीर बनी हुई थी जिसे ऑक्सीजन पर रखने की बात कही जा रही थी जिससे पूरे अस्पताल में अपरा तफरी का माहौल बन गया था। उधर विद्यालय की वार्डेन पूजा भारती ने बताया कि रात में बच्चियों को आम के अलावा दूध भोजन में दिया गया था वही आज सुबह चूड़ा रोटी और सब्जी नाश्ता में दिया गया था।

सदर अस्पताल में भर्ती एक आठवीं क्लास की छात्रा में पूछे जाने पर बताया कि 1 साल पूर्व भी भोजन में छिपकली निकली थी। वार्डन ने नाश्ता में छिपकली मिलने की घटना से इनकार करते हुए बताया कि सब्जी में मिर्ची का डंडा था जिसको देखकर बच्चियों में भय सा बन गया था। उन्होंने बताया कि बच्चियों के पेट में बने गैस के कारण कुछ बच्चियों को उल्टी की शिकायत के बाद उन्हें अस्पताल लाया गया है। फिलहाल विद्यालय की व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। अभिभावकों का कहना है कि विद्यालय में बेटियों को शिक्षा देने के नाम पर उनके जिंदगी के साथ खेल हो रहा है। समाचार लिखे जाने तक अस्पताल में भर्ती बच्चियों का इलाज जारी है। मौके पर शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं पुलिस अधिकारी व्यवस्था पर नजर रख रहे हैं।

## पाकुड़ : 47 दिव्यांग और 20 बुजुर्गों के बीच ट्राइ साइकिल का वितरण

**पाकुड़, 5 जुलाई:** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तत्वावधान में प्रोजेक्ट समावेश के अंतर्गत एडिप एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना कार्यक्रम के तहत कृत्रिम अंग का वितरण कार्यक्रम का आयोजन हिरणपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में किया गया। उपायुक्त मनीष कुमार, जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक कुमार भगत, विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी के द्वारा दिव्यांग ओर बुजुर्गों के बीच ट्राई साइकिल वितरण किया गया। ट्राई साईकिल पाकर लाभुक ने सरकार व जिला प्रशासन के प्रति आभार जताया। उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग तक विकास की किरण पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। दिव्यांगजन हमारी सामाजिक संरचना का अभिन्न हिस्सा हैं और उन्हें सुविधा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता प्रदान करना हमारा दायित्व है। ट्राई साइकिल जैसे साधन उन्हें न केवल गतिशीलता प्रदान करते हैं, बल्कि उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने में भी सहायक सिद्ध होते हैं।

# खबर कोना

## राष्ट्रीय महिला आयोग के बुलाए जाने पर दिल्ली पहुंचे एसडीओ और एसडीपीओ, पूछताछ जारी



**गोड्डा:** सुंदरपहाड़ी थाना क्षेत्र की एक आदिवासी नाबालिग बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म मामले में तलब किये जाने के बाद सदर अनुमंडल पदाधिकारी वैद्यनाथ उरांव एवं सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक कुमार दिल्ली पहुंचे और राष्ट्रीय महिला आयोग के समक्ष अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। उक्त जानकारी आयोग की सदस्य ममता कुमारी ने देते हुए बताया कि सुंदरपहाड़ी की घटना काफी संवेदनशील है इस पर आयोग ने सख्त सुनवाई की। आयोग ने एसडीओ और एसडीपीओ से पूछा कि दुष्कर्म पीड़िता नाबालिग अनीमिया से पीड़ित थी और उसके साथ 10 की संख्या में आरोपियों ने दुष्कर्म किया बावजूद पीड़िता खुद थाने चलकर आई और थाना से बिना किसी महिला पुलिस की सुरक्षा के वापस घर कैसे भेजा गया। आयोग ने उपरोक्त दोनों अधिकारियों से सवाल किया कि अपनी मां के साथ पीड़िता कितने घंटे तक थाने में रही, उसके रहने और खाना की क्या व्यवस्था थी? मालूम हो कि आयोग के सदस्य ममता कुमारी ने पूरे मामले को राष्ट्रीय महिला आयोग के समक्ष रखते हुए गोड्डा डीसी व एसपी को उपस्थित होकर बात रखने को कहा था। वहीं सुनवाई को लेकर डीसी व एसपी की ओर से प्रतिनिधित्व करते हुए एसडीओ व एसडीपीओ शामिल हुए। सुनवाई के बाद आयोग ने सप्ताह भर के अंदर पूरे मामले की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। ममता कुमारी ने बताया कि पीड़िता को राज्य सरकार की ओर से मुआवजे के तौर पर पांच लाख की राशि दी गयी है। बच्ची का नामांकन कस्तूरबा आवासीय विद्यालय सुंदरपहाड़ी में कराया गया है।

## हत्या करने के आरोपित को आजीवन कारावास

**गोड्डा:** चतुर्थ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पियूष श्रीवास्तव के न्यायालय ने आज लोहे की रड से मारकर हत्या करने के आरोप को सही पाकर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बथानटांड़ निवासी कैलाश राय उर्फ अजयराम राय को आजीवन कारावास एवं 10 हजार रुपये जुमार्ना की सजा सुनाई है और जुर्माना की राशि का कुछ अंश मृतक की पत्नी को देने का आदेश दिया है। मुफस्सिल थाना में दर्ज प्राथमिकी में थाना क्षेत्र की बथानटांड़ निवासी स्व. कर्मचारी राय की पत्नी सुनैना देवी ने कहा था कि 28 अक्टूबर 2017 को उसकी जमीन पर लगा सीज का पत्ता गांव के ही कैलाश राय उर्फ जयराम राय ने काट लिया था। इसको लेकर उसके पति कर्मचारी राय और कैलाश राय के बीच विवाद हो गया था। 29 अक्टूबर 2017 को 07 बजे संध्या कैलाश राय उर्फ जयराम राय हाथ में लोहे का रड लेकर गाली-गलौज करते हुए उसके घर में घुस गया और उसके पति के सर पर प्रहार कर दिया। इससे वह गिरकर जख्मी हो गया और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। जब वह बचाने के लिए दौड़ी तो उसके साथ भी मारपीट की गई। हल्ला करने पर आसपास के ग्रामीण भी पहुंच गए। मामले के विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से न्यायालय के समक्ष सात गवाहों का परीक्षण कराया गया। उभय पक्षों की दलील सुनने के उपरांत न्यायालय ने आरोपित को दोषी पाकर आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

## पाकुड़: वन पट्टाधिकार अधिनियम के तहत 32 प्रस्तावों का किया अनुमोदन

**पाकुड़:** उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला स्तरीय वन अधिकार समिति ने वनाधिकार अधिनियम 2006 के तहत लिट्टीपाड़ा अंचल के 20 व्यक्तिगत वन पट्टा रकवा 6.00 एकड़ तथा 12 सामुदायिक वन पट्टा रकवा 3.82 एकड़ की स्वीकृति प्रदान की गई। परियोजना निदेशक, आईटीडीए सह जिला कल्याण पदाधिकारी श्री अरुण कुमार एक्का ने विभिन्न विकास योजनाओं के लिए वनाधिकार अधिनियम के तहत अनापत्ति प्रमाण पत्र के प्रस्ताव तथा सामुदायिक वन पट्टा के कुल 12 प्रस्ताव एवं 20 व्यक्तिगत वन पट्टा समिति के समक्ष प्रस्तुत किया था। जिसपर जिला स्तरीय वन अधिकार समिति के सदस्यों ने प्राप्त सभी आवेदनों पर विचार विमर्श के बाद प्रस्ताव को अनुमोदित किया। उन्होंने बताया कि वनाधिकार पट्टा पाने वाले लाभुक यदि आदिवासी समाज से हैं तो उनकी एक पीढ़ी और अन्य समाज के लोगों की तीन पीढ़ी यानी 75 साल से वन भूमि पर आश्रित हैं तो ऐसे व्यक्ति को ही इसके तहत लाभान्वित किया जाएगा।

## स्वच्छता सर्वेक्षण को गंभीरता से लें : उपायुक्त

**पाकुड़:** उपायुक्त मनीष कुमार ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय सभी पदाधिकारी एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ स्वच्छता सर्वेक्षण 2025, धरती आबा जनभागीदारी अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर समीक्षात्मक बैठक की। इस बैठक में उपायुक्त ने अधिकारियों को स्वच्छता सर्वेक्षण को गंभीरता से लेने और निर्धारित मानदंडों के अनुसार काम करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण में कुल 1000 अंकों का मूल्यांकन होगा, जिसमें सिटीजन फीडबैक के 100 अंक, सर्विस लेवल प्रगति के 240 अंक, प्रत्यक्ष अवलोकन के 540 अंक और स्वच्छता संरचनाओं की क्रियाशीलता के 120 अंक निर्धारित किए गए हैं।

# बरहरवा थाना में मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक



देशप्राण संवाददाता

**बरहरवा (साहिबगंज), 5 जुलाई:** मुहर्रम का पर्व शांति पूर्ण मनाने को लेकर शुक्रवार को बरहरवा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक प्रभारी अनुमंडल पदाधिकारी विमल सोरेन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें बरहरवा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नितिन खंडेलवाल, पुलिस निरीक्षक सुधीर कुमार पोद्दार के अलावा विभिन्न थाना प्रभारी मौजूद रहे। बैठक में मौजूद थाना प्रभारी एवं विभिन्न मोहर्रम कमेटी के सदस्यों से आवश्यक बातचीत करते हुए प्रभारी एसडीओ विमल सोरेन ने सभी मुहर्रम कमेटी को रूट चार्ट के साथ-साथ प्रशासन के द्वारा जारी किए गए निर्देशों का पालन करने हेतु निर्देशित किया है।

# डकैती कांड को अंजाम देने वाले चार अपराधी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, एसपी ने किया उद्भेदन

देशप्राण संवाददाता



**पाकुड़, 5 जुलाई।** नगर थाना के लड्डू बगान में प्रभारी अंचल निरीक्षक शिवाशीष वात्सायन के घर पर 16 जून को हुई डकैती कांड का ठाकुर पुलिस ने उद्वेदन करने में काव्य में हासिल की है।

पुलिस अधीक्षक निधि दवेदी ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पत्रकार को बताया कि अंचल निरीक्षक के घर पर 10 से 12 अज्ञात अपराधियों के द्वारा हथियार के भय दिखाकर डकैती घटना को अंजाम दिया था। इस संबंध में अज्ञात अपराधकर्मियों के विरुद्ध पाकुड़ नगर थाना काण्ड संख्या 176/25, धारा 310 (2)/311 बीएनएस के तहत काण्ड दर्ज किया गया। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुये काण्ड का उद्?भेदन एवं अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष अनुसंधान टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित गति से एवं प्रोफेशनल तरीके से अनुसंधान करते हुए गुप्त सूचना के आधार पर चार अपराधकर्मियों रिंकु रजवार, एमेली मरांडी, मंजारुल शेख, सनीलाल ठाकुर को पाकुड़ नगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत विभिन्न स्थानों से गिरफ्तार किया गया है। अपराधी के निशानदेही पर बेलियाडांगा स्थित मंजारुल शेख के किराये के मकान से काण्ड में डकैती की गई जेवर, नगद राशि, काण्ड में अंजाम देने के लिए प्रयोग करने तीन देशी कट्टा तथा मोटरसाईकिल जब्त किया गया है। उक्त सभी अपराधकर्मियों ने इस काण्ड में अपना-अपना संलिप्तता किये है।

# बरहरवा बिंदुधाम सिद्धो कान्हू कॉलेज में विभिन्न समस्याओं को लेकर विद्यार्थियों ने किया घेराव



देशप्राण संवाददाता

**बरहरवा (साहिबगंज), 5 जुलाई:** बरहरवा बिंदु धाम सिद्धो कान्हू महाविद्यालय के विभिन्न जटिल समस्याओं को लेकर छात्र नेता दानीनाथ महतो एवं हॉस्टल के दर्जनों छात्रों के द्वारा शुक्रवार को कॉलेज का घेराव किया गया । जिसमें मुख्य रूप से शौचालय की साफ सफाई एवं शौचालय में पानी की व्यवस्था, बेंच डेस्क की मरम्मत, सभी क्लास रूम में घड़ी की व्यवस्था एवं एग्जाम हॉल में तीन घड़ी लगाने, परीक्षा हॉल के बाहर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, सभी कमरों में लाइट एवं पंखों की मरम्मत शामिल हैं।

इस बाबत छात्र नेता दानीनाथ महतो ने बताया कि कॉलेज में मौजूद सभी छात्र शौचालय की स्थिति काफी दयनीय है, जहां शौचालय में गंदगी का अंबार है, वहीं किसी भी शौचालय में पानी की व्यवस्था नहीं है, जिससे छात्रों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया वर्तमान में कॉलेज में परीक्षा संचालित हो रहा है, ऐसे में प्रत्येक दिन 900 से एक हजार छात्र प्रतिदिन कॉलेज पहुंचते हैं और कॉलेज में स्थित शौचालय की बदतर स्थिति से एवं पेयजल की समस्या से परेशान होते नजर आते हैं।

वहीं छात्रों को एग्जामिनेशन हॉल में घड़ी नहीं रहने के कारण समय का भी ज्ञान नहीं हो पाता और परीक्षा का समय समाप्त हो जाता है। इन सभी जटिल समस्याओं को लेकर कॉलेज का घेराव किया गया है। उन्होंने कहा कि अगर सोमवार तक उक्त मांगों पर कॉलेज प्रशासन संज्ञान नहीं लेती है तो कॉलेज के छात्र बड़ा प्रदर्शन करते हुए प्राचार्य को छात्रों के बेगैर पानी वाले शौचालय में शौच करवाने को मजबूर होगा। वही इस बाबत बीएसके कॉलेज के प्रिंसिपल बसंत कुमार ने छात्रों को लिखित आश्वासन दिया है कि सोमवार (7 जुलाई 2025) तक छात्र हित में किए गए विभिन्न मांगों का पूरा करते हुए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था परीक्षा नियंत्रक के द्वारा किया जाएगा। मौके पर हॉस्टल सचिव रस्का टुडू, बाबूलाल टुडू, आशिष किस्कू, सोनू हांसदा, प्रसेनजीत कुमार, बाइबिल मरांडी, संतानु भास्कर, हर्ष आनन्द सहित अन्य मौजूद थे।

# गांव की स्वच्छता देश की प्रगति : स्वच्छता सर्वेक्षण



देशप्राण संवाददाता

**पाकुड, 5 जुलाई:** डीपीएस पाकुड़ के प्रांगण में भारत सरकार के पेयजल और स्वच्छता विभाग (डीडीडब्ल्यूएस), जल शक्ति मंत्रालय के विभाग द्वारा प्रायोजित राष्ट्रव्यापी ग्रामीण स्वच्छता सर्वेक्षण-2025 के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष सभा का आयोजन किया गया।

विशेष सभा में विद्यालय के प्रधानाचार्य जे. के शर्मा जी ने बच्चों को स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण का उद्देश्य समझाते हुए बताया कि यह सर्वेक्षण सरकार द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल है जो भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता और साफ सफाई की स्थिति में सुधार लाने में मदद करेगी।साथ ही साथ उन्होंने स्वच्छता से सम्बंधित पाकुड़ जिला प्रशासन द्वारा स्वच्छता अभियान से जुड़े सभी कार्यक्रम के बारे में बताते हुए उन्हें आज ही स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण सिटिजन फीडबैक ऐप डाउनलोड कर अपने गांव की स्वच्छता पर अपनी अपनी प्रतिक्रिया दर्ज करने के लिए आह्वान किया। इस दौरान विद्यालय के बच्चों ने स्वच्छता से जुड़े एक बहुत ही आकर्षक नुक्कड़ नाटिका प्रस्तुत कर दैनिक जीवन में स्वच्छता को अपनाने का संदेश दिया। साथ ही साथ उन्होंने नाटिका के माध्यम से प्लास्टिक का उपयोग कम से कम करने का भी संदेश दिया।

# डीसी ने ग्रामीण विकास ट्रस्ट-कृषि विज्ञान केंद्र का किया निरीक्षण

देशप्राण संवाददाता



**गोड्डा, 05 जुलाई:** उपायुक्त अंजली यादव के द्वारा ग्रामीण विकास ट्रस्ट-कृषि विज्ञान केंद्र एवं जिला कृषि कार्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त को कृषि विज्ञान केंद्र के सभागार में वरीय वैज्ञानिक-सह-प्रधान डॉ. रवि शंकर के द्वारा जिले के किसानों के हित में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा किए जा रहे क्रियाकलापों की जानकारी दी गई।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त के द्वारा पशु सखी, बागवानी सखी, कृषक मित्रों एवं एफपीओ के सदस्यों को मिट्टी जांच , लीची, अमरुद, नींबू, आम, कटहल की सघन बागवानी तथा पशुओं की देख-रेख, कृत्रिम गभार्धान एवं टीकाकरण सम्बन्धित प्रशिक्षण देने पर जोर दिया गया। पशुपालन वैज्ञानिक डॉ. सतीश कुमार ने बताया कि पशुओं में पाइका बीमारी की वजह से पशु प्लास्टिक, कागज एवं दीवार को चाटने लगता है जो कि पशु के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। पशुओं में दीवार चाटने की आदत को छुड़ाने के लिए पशु चौकलेट चटाया जाता है। बताया कि घाट कुश्मनी गांव के किसान भारी मात्रा में नेपियर घास लगाते हैं जिससे कि उनको पशु को खिलाने के लिए हरा चारा आसानी से उपलब्ध हो रहा है। इसी क्रम में उपायुक्त ने कृषि विज्ञान केन्द्र के पिछले हिस्से की तरफ बन रहे राष्ट्रीय राजमार्ग का निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र के फार्म पर स्थित सुकर पालन इकाई, मशरूम इकाई, बत्तख पालन इकाई, अमरुद, आम एवं नींबू की सघन बागवानी, करौदा की बागवानी, मडुआ की खेती, मछली पालन इकाई एवं पशु चौकलेट का निरीक्षण किया । मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि गोड्डा जिले के 4 एफपीओ को 15 लाख रुपये तक का अनुदान राज्य सरकार के द्वारा दिया गया है। निरीक्षण के दौरान उपविकास आयुक्त दीपक कुमार दूबे , जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ0 मनोज कुमार सिंह, जिला गव्य विकास पदाधिकारी अरविन्द कुमार, जिला उद्यान पदाधिकारी आशीषन मिंज, डॉ सूर्य भूषण, डॉ रितेश दुबे, राकेश रोशन कुमार सिंह, बीरेंद्र कुमार, शशिकांत संजय कुमार झा एवं दुलाल मोदी आदि मौजूद थे।

# हालिया हवाई संघर्ष में पाकिस्तान के साथ चीन व तुर्किये से भी करना पड़ा मुकाबला : उप सेना प्रमुख

## संघर्ष के दौरान मिले अनुभवों के आधार पर भारत की अगली रणनीति तय करने पर जोर




**नई दिल्ली, 04 जुलाई (हि.स.):** 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान के साथ हवाई संघर्ष में भारतीय सेनाओं को मिले सबक का अलग-अलग तरीके से विश्लेषण किया जा रहा है। सैन्य अधिकारी संघर्ष के दौरान मिले अनुभवों के आधार पर अपनी अगली रणनीति तय करने पर जोर दे रहे हैं। इसलिए उप सेना प्रमुख (क्षमता विकास एवं संधारण) लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने शुक्रवार को पहली बार माना कि हालिया संघर्ष में पाकिस्तान समेत तीन विरोधी मैदान में थे, जिनसे मुकाबला करना पड़ा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान सबसे आगे जरूर था, लेकिन उसके पीछे चीन और तुर्किये भी थे।

लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आज फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) की ओर से आयोजित 'नए युग की सैन्य प्रौद्योगिकियां' विषय पर संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूरे अभियान के दौरान वायु रक्षा और उसका संचालन किस तरह किया गया, यह महत्वपूर्ण था। हमारे पास एक सीमा थी और दो विरोधी थे, वास्तव में तीन। पाकिस्तान अग्रिम मोर्चे पर था। चीन हर संभव सहायता प्रदान कर रहा था। पाकिस्तान के पास 81 फीसदी सैन्य हार्डवेयर चीनी है।

उन्होंने यह भी कहा कि चीन अपने हथियारों का परीक्षण अन्य हथियारों के विरुद्ध करने में सक्षम है, इसलिए यह संघर्ष उनके लिए एक जीवंत प्रयोगशाला की तरह उपलब्ध था। तुर्किये ने भी पाकिस्तान को अपने ड्रोन की सहायता देकर उसके प्रयोग करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जब डीजीएमओ स्तर की वार्ता चल रही थी, तो पाकिस्तान को चीन से हमारे महत्वपूर्ण वेक्टरों के बारे में लाइव अपडेट मिल रहे थे। उन्होंने तीन दिन चले संघर्ष के दौरान मिले अनुभवों के आधार पर मजबूत वायु रक्षा प्रणाली की आवश्यकता पर जोर दिया।

लेफ्टिनेंट जनरल ने कहा कि हमें अनुसंधान और विकास में निवेश करने की आवश्यकता है। आरएंडडी में स्वाभाविक रूप से विफलताएं और सफलताएं दोनों शामिल होती हैं, इसलिए हमें घटक स्तरीय आरएंडडी में निवेश करना चाहिए। उन्होंने कहा कि चूंकि भारत एक वैश्विक शक्ति बनने की परिकल्पना करता है, इसलिए इस दृष्टिकोण के लिए मजबूत और आत्मनिर्भर रक्षा की क्षमता सर्वोपरि है। फिक्की और इसके सदस्य उद्योग इस राष्ट्रीय लक्ष्य को साकार करने के प्रयासों को तेज करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। भारतीय सेना के मास्टर जनरल सस्टिनेंस लेफ्टिनेंट जनरल अमरदीप सिंह औजला ने भी कहा कि भू-राजनीतिक गतिशीलता और तेजी से हो रही तकनीकी प्रगति के कारण युद्ध तेजी से तीव्र और जटिल होकर युद्ध-लड़ने की प्रथाओं को बदल रहे हैं।

फिक्की रक्षा और होमलैंड सुरक्षा समिति के अध्यक्ष विनोद सहाय ने कहा कि मानव रहित और स्वायत्त प्रणालियां भविष्य हैं। जैसे-जैसे संघर्ष विकसित होते हैं, राष्ट्र बहुमूल्य जीवन के नुकसान को कम करने को प्राथमिकता देते हैं। मानव रहित और स्वायत्त प्रणालियां वायु, भूमि, जल और पानी के नीचे सहित विभिन्न क्षेत्रों पर हावी होंगी। इसी समिति के सह अध्यक्ष अशोक अटलूरी ने स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित (आईडीडीएम) कंपनियों को संरक्षित, पोषित और प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि यह कंपनियां उन्नत प्रौद्योगिकियों के साथ स्व-वित्तपोषित हैं और राष्ट्रीय रणनीतिक संपत्ति हैं।

फिक्की रक्षा और होमलैंड सुरक्षा समिति के सह अध्यक्ष आशीष कंसल ने कहा कि भारत का रक्षा उद्योग तकनीकी परिवर्तन के मुहाने पर खड़ा है, जो न केवल आवश्यकता से प्रेरित है, बल्कि महत्वाकांक्षा, नवाचार और क्षमता से भी प्रेरित है। उन्होंने अपनी आत्मनिर्भरता को मजबूत करने और अपने सैनिकों को उद्योग से दी जा सकने वाली सर्वोत्तम सुविधाओं से लैस करने के लिए नए संकल्प के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

# लंदन में पार्टी करते दिखे विजय माल्या और ललित मोदी, वीडियो देख मचा हंगामा



**नई दिल्ली, 04 जुलाई (हि.स):** आर्थिक मामलों में भगोड़े कारोबारी विजय माल्या और ललित मोदी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें वे दोनों लंदन की एक पार्टी में गाना गाते और मस्ती करते दिख रहे हैं। कार्यक्रम में वेस्टइंडिज के पूर्व क्रिकेटर क्रिस गेल भी शामिल थे।

दरअसल, ये वीडियो ललित मोदी ने ही अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ह्यएक्सह्ण तथा 'इंस्टाग्राम' पर साझा किया है। इस वायरल वीडियो क्लिप में दोनों को फ्रैंक सिनात्रा का माई वे गाना गाते और लंदन में मस्ती करते हुए देखा जा सकता है। इस पार्टी में दुनियाभार के 300 से ज्यादा चुनिंदा लोगों को ही आमंत्रित किया गया था।

क्रिस गेल ने ललित मोदी और विजय माल्य के साथ अपनी तस्वीर इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की थी। उन्होंने कैप्शन में लिखा था, हम इसका भरपूर आनंद ले रहे हैं। एक शानदार शाम के लिए धन्यवाद। साथ ही दोनों को टैग भी किया। ललित मोदी ने यह वीडियो शेयर करके लिखा कि इस शाम में शामिल होने वाले और इसे मेरे लिए सबसे खास रातों में से एक बनाने वाले सभी लोगों का धन्यवाद।

विजय माल्या पर बैंकों से लिए गए 9,000 करोड़ के कर्ज में गड़बड़ी का आरोप है। यह लोन उनकी बंद हो चुकी किंगफिशर एयरलाइंस से जुड़ा है। माल्या साल 2016 में देश छोड़कर लंदन भाग गए थे, 2019 में उन्हें आधिकारिक रूप से भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया गया। हालांकि, इन आरोपों पर विजय माल्या ने पहली बार चुप्पी तोड़ी और एक पॉडकास्ट में कहा कि बैंकों की तरफ से उनसे करीब 14 हजार करोड़ वसूल लिया गया है।

# भारत से नेपाल आने वाले लोगों को पांच हजार अमेरिकी डॉलर के बराबर की राशि लाने अनुमति

**आशुतोष झा, देशप्राण**



**काठमांडू :** उप प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री बिष्णु प्रसाद पौडेल ने बताया कि एक प्रावधान है जिसके तहत भारत से नेपाल आने वाले लोगों को पांच हजार अमेरिकी डॉलर के बराबर की राशि लाने की अनुमति है। शुक्रवार को सिंह दरबार में आयोजित प्रतिनिधि सभा की वित्त समिति की बैठक में पौडेल ने बताया कि भारत से पांच हजार अमेरिकी डॉलर के बराबर की मुद्रा को सीमा शुल्क पर घोषित किए बिना आयात करने की व्यवस्था की गई है। इसी तरह, यदि कोई अधिक राशि लाना चाहता है, तो वह सीमा शुल्क पर घोषित करके छह लाख तक की भारतीय मुद्रा ला सकता है। इसी तरह उन्होंने बताया कि नेपाल आने वाले पर्यटकों की सुविधा के लिए एक निश्चित सीमा तक क्यूआर और कार्ड के माध्यम से भुगतान स्वीकार करने का प्रावधान है। वित्त मंत्री पौडेल ने बताया कि नेपाल में भारतीय पांच सौ रुपये लाते समय भारतीय पांच सौ रुपये के नोट स्वीकार नहीं किए जाते क्योंकि बाद में भारत उन्हें वापस नहीं लेता। उन्होंने बताया कि कस्टम नाके से वाहन के प्रवेश करने के बाद जगह-जगह जांच से बचने के लिए व्यवस्था की गई है। बैंकिंग और वित्तीय संस्थान विधेयक में संशोधन का प्रस्ताव करने वाले सदस्यों के साथ चर्चा के दौरान पौडेल ने कहा कि सरकार बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र में देखी गई समस्याओं को हल करने के लिए एक कानून बनाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने उल्लेख किया कि चूंकि करों का भुगतान करके व्यक्तियों द्वारा जमा किए गए काले धन को वैध बनाने का प्रस्ताव बहुत गंभीर है, इसलिए इस तरह की चर्चा नेपाल के ग्रे लिस्ट से बाहर निकलने को और जटिल बना सकती है।

# अपनी आधिकारिक यात्रा पूरी करने के बाद स्वदेश लौटे पीएम



**आशुतोष झा, देशप्राण**

**काठमांडू :** प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली स्पेन की अपनी आधिकारिक यात्रा पूरी करने के बाद शुक्रवार को स्वदेश लौट आए हैं। वे कतर एयरवेज की फ्लाइट से स्वदेश लौटे। प्रधानमंत्री ओली विकास के लिए वित्त पोषण पर संयुक्त राष्ट्र के चौथे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए स्पेन की यात्रा पर थे। वे पांच दिन पहले वहां के लिए रवाना हुए थे। अपनी यात्रा के दौरान उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस, पुर्तगाली प्रधानमंत्री लुइस मोंटेनेग्रो, मिस्र के प्रधानमंत्री डॉ. मुस्तफा कमाल मदबौली और एस्टोनियाई राष्ट्रपति अलार करिस से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने स्पेन के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा भी किया और उनका अवलोकन भी किया। उन्होंने वित्त पर चौथे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को भी संबोधित किया। उन्होंने अल्प विकसित देशों की उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की और विकास सहायता पर उच्च स्तरीय चर्चा में भाग लिया। उन्होंने जल और स्वच्छता में निवेश पर उच्च स्तरीय साइड इवेंट में भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने ह्यअंतर्राष्ट्रीय विकास सहायता को पुनर्जीवित करनेह्ण पर गोलमेज सम्मेलन की सह-अध्यक्षता भी की।

# पटना विवि के कॉलेजों में 'लॉटरी' से प्रचार्यों की नियुक्ति पर मायावती ने उठाए सवाल



**लखनऊ, 04 जुलाई (हि.स.):** बिहार राज्य के पटना विश्वविद्यालय के पांच कॉलेजों में लॉटरी के माध्यम से प्रधानाचार्यों (प्रिंसिपल) की नियुक्ति की गई है। यह मामला पूरे देश में चर्चा का बिषय बना हुआ है। इस नियुक्ति को लेकर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने शुक्रवार को अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस तरह से हुई नियुक्ति को लेकर सवाल उठाया और कहा कि किसी भी विशिष्ठ क्षेत्र में इस प्रकार की मनमानी वाला विकृत प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए।

मायावती ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि पटना विश्वविद्यालय के पांच प्रतिष्ठित कॉलेजों में 'लाटरी' की नई व्यवस्था के तहत प्रिंसिपलों की नियुक्ति का मामला दिलचस्प होने के कारण देश भर में खासकर मीडिया एवं शिक्षा जगत में काफी चचाओं में है। उन्होंने कहा कि स्थापित परम्परा से हटकर 'लॉटरी' के जरिए नियुक्ति की एक प्रकार से विचित्र व्यवस्था लागू करने के कारण केवल कला (आर्ट्स) विषयों की पढ़ाई वाले 1863 में स्थापित पटना कॉलेज में कैमिस्ट्री के प्राध्यापक प्रो. अनिल कुमार प्राचार्य बन गये हैं जबकि बिहार विश्वविद्यालय में गृह विज्ञान की प्राचार्य प्रो. अल्का यादव विज्ञान की उच्च शिक्षा के लिए प्रख्यात पटना साइंस कॉलेज की नई प्रिंसिपल नियुक्त हुई हैं।

बसपा प्रमुख ने कहा कि इतना ही नहीं बल्कि इसी प्रकार की नियुक्ति वाणिज्य महाविद्यालय में भी हुई है। यहां पहली बार कला संकाय की महिला प्राध्यापक डॉ. सुहेली मेहता प्राचार्य बनी हैं। हालांकि उनके विषय की पढ़ाई यहां इस कॉलेज में नहीं होती है। साथ ही, महिला शिक्षा जगत में प्रसिद्ध मगध महिला कॉलेज को लम्बे इतिहास में दूसरी बार पुरुष प्रिंसिपल मिले हैं। प्रो. एन.पी. वर्मा यहां के नये प्राचार्य होंगे जबकि प्रो. योगेन्द्र कुमार वर्मा की लॉटरी पटना लॉ कालेज के प्रिन्सिपल के रूप में निकली है। इसको लेकर लोगों में उत्सूकता है कि 'पारदर्शिता व तटस्था' के नाम पर बिहार सरकार तथा वहां के चांसलर ने भी इस प्रकार लॉटरी के माध्यम से की गयी प्रिंसिपल की नियुक्तियों को सही ठहरा कर क्या इस व्यवस्था को भाजपा-शासित अन्य राज्यों में भी लागू किया जाएगा?

मायावती ने कहा कि वास्तव में कॉलेजों के प्रिन्सिपल जैसे महत्वपूर्ण पद पर भी पूरी पारदर्शिता, तटस्था व ईमानदारी के साथ नियुक्ति नहीं कर पाने की अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए ही ऐसा घातक प्रयोग करना लोगों की नजर में उच्च शिक्षा व्यवस्था को सुधार का कम तथा खराब करने वाला ज्यादा प्रतीत होता है। इसी प्रकार, इसी परम्परा को अपना कर आगे चलकर मेडिकल कॉलेजों, आईआईटी व अंतरिक्ष विज्ञान आदि जैसी सांइस की उच्च व विशिष्ठ संस्थाओं में भी गैऱ-एक्सपर्ट नियुक्त किये जायें तो यह ताज्जुब की बात नहीं होनी चाहिए। उन्होंने आगे लिखा कि वैसे हमारी पार्टी का यह मानना है कि किसी भी विशिष्ठ क्षेत्र में इस प्रकार की मनमानी वाला विकृत प्रयोग ना किया जाये तो उचित है। इससे पहले कि यह रोग गंभीर होकर और ज्यादा फैले केन्द्र की सरकार को इसका उचित व समुचित संज्ञान लेकर जन व देशहित में जितनी जल्द कार्रवाई करें उतना बेहतर है।

# सेब का उत्पादन बढ़ाने के लिए कश्मीर में स्वच्छ पौध केंद्र स्थापित करेगी केंद्र सरकार



**श्रीनगर, 04 जुलाई (हि.स.) :** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कहा कि कश्मीर सेब उत्पादन में समृद्ध है, लेकिन अच्छे पौधों की जरूरत है। घाटी के लिए स्वच्छ पौध केंद्र इसकी गुणवत्ता और उत्पादन को बढ़ाएगा। हमने कश्मीर में 150 करोड़ रुपये की लागत से स्वच्छ पौध केंद्र खोलने का फैसला लिया है।

एसकेयूएएसटी-कश्मीर के छठे दीक्षांत समारोह में मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कश्मीर सेब उत्पादन में समृद्ध है, लेकिन अच्छे पौधों की जरूरत है। उन्होंने कहा कि उच्च घनत्व वाले सेब उत्पादन में छह गुना वृद्धि हुई है और वह जम्मू-कश्मीर के फलों को दुनिया के बाकी हिस्सों में ले जाना चाहते हैं ताकि भारत को किसी भी देश से सेब आयात न करना पड़े।

चौहान ने आगे कहा कि वह एसकेयूएएसटी-कश्मीर में आकर बहुत खुश हैं। उन्होंने कहा कि जाने से पहले मैं इस विश्वविद्यालय के प्रोफेसरों और छात्रों को बताना चाहता हूं कि बहुत जल्द हम भारत के कृषि विश्वविद्यालयों में 5वें से पहले स्थान पर पहुंच जाएंगे। मुझे खुशी है कि एसकेयूएएसटी-कश्मीर में 20 राज्यों के छात्र पढ़ रहे हैं। मेरा मानना है कि एसकेयूएएसटी-कश्मीर न केवल राष्ट्रीय विश्वविद्यालय बन सकता है बल्कि यह एक अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय भी बन सकता है।

मंत्री ने आगे कहा कि स्नातक करने वाले छात्रों को यह पता होना चाहिए कि उनकी पढ़ाई पूरी नहीं हुई है, बल्कि अभी शुरू हुई है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि वह कक्षाओं से लेकर प्रयोगशालाओं तक अपने द्वारा अर्जित ज्ञान को साझा करें और उसका क्रियान्वयन करें। उन्होंने कहा कि खेती जम्मू-कश्मीर और देश के बाकी हिस्सों की बुनियादी जरूरत है। आधी आबादी खेती करके कमाती और खाती है।

# मुख्यमंत्री ने की पर्वतीय विमानन नीति की मांग, कहा- पहाड़ों की हवाई सेवाएं बने जीवन रेखा



**देहरादून, 04 जुलाई (हि.स.):** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को केंद्रीय नागर विमानन मंत्रालय से पर्वतीय राज्यों के लिए एक पृथक ह्यपर्वतीय विमानन नीतिह्ण बनाए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि इस नीति में विशेष वित्तीय सहायता, संचालन के लिए सब्सिडी और पर्वतीय क्षेत्रों के लिए अनुकूल नियम शामिल किए जाने चाहिए।

देहरादून स्थित एक होटल में आयोजित नागर विमानन सम्मेलन-2025 में मुख्यमंत्री धामी ने यह मांग केंद्रीय नागर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू की उपस्थिति में उठाई। सम्मेलन में उत्तर भारत के विभिन्न राज्यों के नागर विमानन मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सम्मेलन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के नागर विमानन क्षेत्र में आई ऐतिहासिक प्रगति का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि उड़ान योजना के माध्यम से छोटे शहरों और दुर्गम क्षेत्रों को हवाई संपर्क से जोड़कर न केवल आम नागरिकों के लिए हवाई यात्रा सुलभ हुई है, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिली है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में वर्तमान में 18 हेलीपोर्ट्स का विकास किया जा रहा है, जिनमें से 12 पर सेवाएं प्रारंभ हो चुकी हैं। हेली सेवाएं उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्यों में केवल परिवहन का साधन नहीं, बल्कि जीवन रेखा बन चुकी हैं। चाहे आपदा प्रबंधन हो, स्वास्थ्य सेवाएं हों या तीर्थयात्रा, हेलीकॉप्टर सेवाओं ने इन क्षेत्रों में अभूतपूर्व सुविधा प्रदान की है।

मुख्यमंत्री ने पर्वतीय विमानन की बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए सुझाव दिया, जिनमें एटीसी नेटवर्क, सटीक मौसम पूर्वानुमान, स्लॉटिंग और आपदा-पूर्व तैयारी जैसे प्रावधान शामिल है। मुख्यमंत्री ने सभी ऑपरेटरों से भी पर्वतीय उड़ानों के लिए विशेष पायलट प्रशिक्षण, सुरक्षा मानकों का कठोर पालन और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का भी अनुरोध किया।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, राजस्थान के कैबिनेट मंत्री गौतम कुमार , हरियाणा के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल, उत्तराखंड के मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन और संबंधित राज्यों के अधिकारी उपस्थित थे।

## खबरकोना

### प्रधानमंत्री 18 को आयेंगे बिहार, मोतिहारी में विशाल जनसभा को करेंगे संबोधित



**पटना, (हि.स.):** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर बिहार में सियासी हलचल तेज है। आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में अपनी सौ प्रतिशत जीत सुनिश्चित करने के लिए भाजपा जोरशोर से लगी हुई है। इस चुनावी वर्ष में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार बिहार दौरे पर आ रहे हैं। इस बीच प्रधानमंत्री मोदी एक बार फिर बिहार दौरे पर आने वाले हैं। 18 जुलाई को प्रधानमंत्री मोदी का संभावित मोतिहारी दौरा है। पीएम मोतिहारी स्थित ऐतिहासिक गांधी मैदान में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। उनके आगमन की तैयारी को लेकर जिला प्रशासन और भाजपा संगठन दोनों ही स्तर पर हलचल तेज हो गई है।

### झूठ व पाखंड पर टिकी है केजरीवाल की राजनीति : चुघ



**नई दिल्ली, (हि.स.) :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ ने भाजपा और कांग्रेस पर दिए गए अरविंद केजरीवाल के ₹छुपे रिश्ते₹ वाले बयान पर पलटवार किया है। भाजपा ने कहा कि असली छुपा हुआ रिश्ता तो कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का है। पूरा देश जानता है कि कांग्रेस के साथ वो ह्यअनैतिक गठबंधनह्ण आपने (केजरीवाल) ही 2013 में किया था। चुघ ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में मीडियाकर्मियों से कहा कि केजरीवाल की राजनीति झूठ, पाखंड और पलटीबाजी पर टिकी है। अब देश उनकी झूठी बातों और टूटी कसमों के झांसे में नहीं आने वाला। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने अपने बच्चों की कसम खाकर कहा था कि वह कभी कांग्रेस से गठबंधन नहीं करेंगे। केजरीवाल ने दावा किया था कि उनके पास शीला दीक्षित और कांग्रेस के खिलाफ दो बोरे भरकर सबूत हैं। चुघ ने तंज कसते हुए कहा कि 10 साल केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री रहे, लेकिन उस तथाकथित दो बोरे का मुंह तक नहीं खोल सके।

### गडकरी ने पुण्यतिथि पर पिंगली वेंकैया को किया नमन



**नई दिल्ली, (हि.स.) :** भारत के राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के जनक और स्वतंत्रता सेनानी पिंगली वेंकैया की पुण्यतिथि पर पूरे देश में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है। इस मौके पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इस महान राष्ट्रसेवक को याद करते हुए उन्हें नमन किया। गडकरी ने पिंगली वेंकैया को याद करते हुए एक्स पोस्ट में कहा कि भारत की अखंडता और स्वाभिमान के प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को प्रारूप देने वाले पिंगली वेंकैया ने भारत राष्ट्र को एकता के सूत्र में जोड़ने का कार्य किया। ऐसे महान स्वतंत्रता सेनानी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र अभिवादन। उल्लेखनीय है कि महान स्वतंत्रता स्वतंत्रता सेनानी पिंगली वेंकैया ने विभिन्न क्षेत्रों में देश की सेवा की। शिक्षाविद और भाषाविद के रूप में उन्होंने भारतीय समाज को शिक्षित और जागरूक करने में योगदान दिया। इसके साथ ही सैन्य अधिकारी के रूप में भी उन्होंने देश के प्रति अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा से निभाया। राष्ट्रीय ध्वज के निर्माण के दौरान तिरंगे को डिजाइन करने के लिए उन्होंने 5 सालों तक दुनियाभर के राष्ट्रीय ध्वजों का अध्ययन किया। उन्होंने लगभग 30 डिजाइन तैयार किए, जिनमें से एक को स्वतंत्र भारत के तिरंगे के रूप में चुना गया। उनके द्वारा तैयार किया गया यह ध्वज आज पूरे देश की एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है।

### उत्तराखंड में अतिवृष्टि की स्थिति पर गृहमंत्री ने ली जानकारी, केंद्र से हरसंभव मदद का आश्वासन



**देहरादून, (हि.स.) :** उत्तराखंड में लगातार हो रही भारी बारिश और भूस्खलन के बीच केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने फोन पर राज्य के संवेदनशील क्षेत्रों की स्थिति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उन्हें वर्तमान हालात और राहत कार्यों के बारे में अवगत कराया। मुख्यमंत्री धामी ने बताया कि गृहमंत्री ने चारधाम यात्रा को प्रभावित न होने देने के निर्देश दिए हैं। एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल), आईटीबीपी (भारत-तिब्बत सीमा पुलिस) को तत्परता से तैनात किया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित किया जा सके। राज्य के अन्य संवेदनशील जिलों में भी सतत निगरानी रखते हुए हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के संबंध में भी उन्होंने आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री धामी ने केंद्रीय गृहमंत्री का इस संवेदनशील, सक्रिय और सहृदय नेतृत्व के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया है।